रांची
शनिवार
05.11.2022
कार्तिक शुक्ल पक्ष 12
विक्रम संवत 2079

ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

www.rastriyanaveenmail.com | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | वर्ष-23 अंक-269 पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 1.50

रश्मि प्रवाह
क्रोध और आंधी दोनों एक समान होती है, क्योंकि इन दोनों के शांत होने के बाद ही पता चलता है की नुकसान कितना हुआ है।



कर्मचारी पेंशन योजना-2014 को सुप्रीम कोर्ट ने रखा बरकरार

नयी दिल्ली (एजेंसी)। उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कर्मचारी पेंशन (संशोधन) योजना-2014 की वैधता को बरकरार रखनेवाला फैसला सुनाया। मुख्य न्यायाधीश यूयू ललित और न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस और न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया की पीठ ने कर्मचारी पेंशन (संशोधन) योजना 2014 को बरकरार रखा, लेकिन इस योजना के कुछ प्रावधानों को हटाते हुए इसका लाभ उठाने के लिए (जो स्पष्ट समझ के अभाव के कारण योजना का लाभ नहीं उठा पायें) चार महीने की अतिरिक्त समय की मोहलत दी। शीर्ष अदालत ने केंद्र सरकार और कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के केरल उच्च न्यायालय, दिल्ली उच्च न्यायालय और राजस्थान उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देनेवाली पुनर्विचार याचिका पर अपना फैसला सुनाया। शीर्ष अदालत ने छह दिनों की सुनवाई के बाद 11 अगस्त को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। केरल उच्च न्यायालय ने 2018 में कर्मचारी पेंशन (संशोधन) योजना 2014 को रद्द कर दिया था।

रांची सहित एक दर्जन ठिकानों पर ईडी का छापा

❍ कारोबारी अमित अग्रवाल, विष्णु अग्रवाल समेत सरकारी कर्मियों के ठिकानों पर पड़ा रेड

नवीन मेल संवाददाता

रांची। शहर के बरियातू में सेना की 4.55 जमीन की खरीद बिक्री के मामले में ईडी ने शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई की। शुक्रवार की सुबह ईडी की टीम ने एक साथ जेल में बंद अमित अग्रवाल, अमित अग्रवाल के परिवारिक सदस्यों की कंपनी जगत बंधु टी स्टेट के निदेशक दिलीप घोष, संजय घोष के आवास व कार्यालय, रांची के नामी कारोबारी विष्णु अग्रवाल के ठिकानें पर छापेमारी की। ईडी की टीम ने सेना की जमीन में फर्जी तरीके से रजिस्ट्री डीड करानेवाले प्रदीप बागची के कोलकाता स्थित ठिकाने पर भी छापा मारा। वहीं, इस जमीन की रजिस्ट्री में अहम भूमिका निभानेवाले रांची के सब रजिस्ट्रार वैभव मणि त्रिपाठी, पूर्व रजिस्ट्रार घासीराम पिंगुआ के यहां भी ईडी की टीम ने छापेमारी की। छापेमारी के दौरान ईडी को रांची में जमीन की खरीद फरोख्त में करोड़ों के निवेश, जमीन की रजिस्ट्री में होने वाली अवैध कमाई के साक्ष्य मिले हैं। खबर लिखे जाने तक ईडी की कार्रवाई रांची, कोलकाता, धनबाद में तकरीबन एक दर्जन ठिकानों पर जारी थी।

नेताओं- नौकरशाहों के पैसे का निवेश : ईडी को अंदेशा है कि जेल में बंद अमित अग्रवाल व रांची के कारोबारी विष्णु अग्रवाल ने बड़े नेताओं व नौकरशाहों की अवैध कमाई का निवेश जमीन समेत कई कारोबार में किया है। छापेमारी के दौरान विष्णु अग्रवाल के कांके रोड स्थित आवास व न्यूक्लियस मॉल स्थित दफ्तर से कई कागजात ईडी ने हासिल किये हैं। ईडी को यह तथ्य मिला है कि विष्णु अग्रवाल कई लोगों की समूह बनाकर उनके नाम पर रियल स्टेट में निवेश किया करते थे। ईडी को इससे संबंधित कागजात भी मिले हैं। वहीं, जगत बंधु टी स्टेट नाम की कंपनी के जरिये अमित अग्रवाल ने सेना की जमीन को फर्जी तरीके से हथियाने की कोशिश की ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

किस-किस के यहां कहां-कहां पड़ा ईडी का छापा

- **रांची** के कारोबारी विष्णु अग्रवाल के कांके रोड स्थित आवास, न्यूक्लियस मॉल स्थित दफ्तर।
- जेल में बंद कारोबारी अमित अग्रवाल के कोलकाता साल्ट लेक एचबी ब्लॉक 165 स्थित आवास, दक्षिणी कोलकाता के नोनाकुर सेक्टर 5 स्थित दफ्तर, धनबाद स्थित आवास।
- कोलकाता के कारोबारी व जगत बंधु टी स्टेट के निदेशक दिलीप घोष व सुजीत घोष के ठाकुरिया स्थित आवास, जमीन कारोबारी प्रदीप बागची के ठिकानों पर छापा।
- रांची के सब रजिस्ट्रार वैभव मणि त्रिपाठी और पूर्व सब रजिस्ट्रार घासी राम पिंगुआ के ठिकानों पर छापा।

फर्जी दस्तावेज के आधार पर खरीद-बिक्री का हुआ था खुलासा

रांची के तत्कालीन आयुक्त नितिन मदन कुलकर्णी के रिपोर्ट में खुलासा हुआ था कि प्रदीप बागची ने फर्जी रैयत बनकर जगत बंधु टी स्टेट के निदेशक दिलीप कुमार घोष को जमीन बेच दी थी। जमीन की खरीद-बिक्री के लिए बागची के द्वारा दो होल्डिंग लगाये गये थे, यह दोनों भी जांच में फर्जी पाये गये थे। जिसके बाद नगर निगम के कर संग्रहकर्ता दिलीप शर्मा ने इस मामले में बरियातू थाने में केस दर्ज कराया था। इसी केस के आधार पर ईडी ने ईसीआईआर दर्ज की। आयुक्त की जांच में सेना के कब्जेवाली जमीन के असली मालिक की पहचान जयंत करनाड के तौर पर हुई थी। वहीं, इस मामले में उपेंद्र कुमार ने एक अन्य प्राथमिकी के लिए कोर्ट में आवेदन दिया था। जिसमें तत्कालीन नगर आयुक्त मुकेश कुमार, प्रदीप बागची, वैभव मणी त्रिपाठी, जगत बंधु टी स्टेट के दिलीप घोष समेत अन्य को आरोपी बनाया गया था।

इधर, विधायक अनूप सिंह, प्रदीप यादव के यहां आईटी की छापेमारी

नवीन मेल संवाददाता

रांची/बोकारो/दुमका। बोकारो जिले के बेरमो से कांग्रेसी विधायक अनूप सिंह एवं कोयला व्यवसायी अजय सिंह के घर में शुक्रवार को इनकम टैक्स छापेमारी की। इनकम टैक्स अधिकारियों की दो टीम सुबह में विधायक जय मंगल सिंह एवं अजय सिंह के घर में एक साथ पहुंची। छापेमारी की कार्रवाई के दौरान आवास को पुलिसकर्मियों ने घेर रखा था तथा किसी को घर से बाहर या अंदर नहीं जाने दिया जा रहा था। सूत्रों के अनुसार विधायक घर में घर में जांच के दौरान इनकम टैक्स अधिकारियों ने कई तरह के दस्तावेज जब्त किये हैं। यह भी बताया जा रहा है कि दर्जनों बेनामी संपत्तियों से संबंधित सुबूत भी इनकम टैक्स अधिकारियों को मिला है। दूसरी ओर पोड़ैयाहाट विधायक एवं पूर्व मंत्री प्रदीप यादव के आवास पर इनकम टैक्स की छापेमारी हुई। प्रदीप यादव के बोहरा गांव के घर एवं गोड्डा के शहर के घर पर छापेमारी हुई। छापेमारी के दौरान उनके आवास के आसपास पुलिस की तैनाती रही। वहीं, दूसरी ओर उनके एक सहयोगी कहे जानेवाले स्काई ब्लू होटल के मालिक श्याम लाल यादव के घर पर भी छापेमारी की खबर है।

दुमका में भी आयकर विभाग ने की छापेमारी

उप राजधानी दुमका में भी शुक्रवार को आयकर विभाग ने छापेमारी की। दुमका नगर परिषद् के उपाध्यक्ष विनोद लाल के खूंटाबांध मुहल्ला स्थित आवास पर आईटी ने छापेमारी की। इस दौरान उनके घर के आसपास भारी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया था। किसी को भी विनोद लाल आवास के अंदर जाने की अनुमति नहीं थी। खबर के मुताबिक, आयकर विभाग की टीम ने इस दौरान कई कागजातों को खंगाला है। विनोद लाल दुमका नगर परिषद के उपाध्यक्ष के साथ-साथ पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के बड़े संवेदक भी हैं।

स्वास्थ्य मंत्री का एक्शन

रिम्स के डॉ. राकेश चौधरी को किया सस्पेंड, विभागाध्यक्ष का काटा वेतन

नवीन मेल संवाददाता

रांची। राज्य के सबसे बड़े अस्पताल राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) में आयोजित तीन दिवसीय स्वास्थ्य शिविर में शुक्रवार को शिरकत करने पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कड़ी कार्रवाई की है। स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने अस्पताल के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान उन्होंने डॉक्टर और प्रबंधन के वरीय अधिकारियों से बातचीत की और माहौल खराब कर रहे डॉक्टर्स को फटकार लगायी। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने डॉ. राकेश चौधरी को सस्पेंड कर दिया जबकि विभागाध्यक्ष का एक महीने का वेतन काटने का भी निर्देश दिया है। स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने रिम्स अस्पताल की व्यवस्था और चिकित्सकों के अंतर्कलह पर भी बैठक में चर्चा की। इस दौरान उन्होंने सीटीवीएस विभाग के वरीय चिकित्सक डॉ. राकेश चौधरी को सस्पेंड कर दिया और विभागीय कार्यवाही की भी अनुशंसा की है। वहीं, कॉर्डियोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. प्रकाश कुमार को शोकॉज करते हुए एक महीने का वेतन काटने का आदेश दिया है। मौके पर स्वास्थ्य मंत्री गुप्ता ने कहा कि अस्पताल की व्यवस्था और यहां पर मरीजों के साथ दुर्व्यवहार करनेवाले डॉक्टर्स के साथ समझौता करने नहीं बल्कि ऐसे चिकित्सकों और कर्मचारियों पर कार्रवाई करने के लिए आया हूं और वही कर रहा हूं।

जो भी भाजपा की बात नहीं मानेगा, उसके यहां छापेमारी होगी : अनूप

नवीन मेल संवाददाता

रांची। आयकर विभाग की छापेमारी पर प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस विधायक अनूप सिंह ने कहा कि उन्हें भी मालूम चला है कि उनके बेरमो और पटना स्थित आवास पर छापेमारी हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि जो भी भाजपा की बात नहीं मानेगा, उसके यहां छापेमारी होगी। कांग्रेस विधायक अनूप सिंह ने कहा कि हालांकि वे जांच में आयकर विभाग को पूरा सहयोग कर रहें हैं। भाजपा नेताओं पर निशाना साधते हुए उन्होने कहा कि गोड्डा में पोड़ैयाहाट विधायक एवं पूर्व मंत्री प्रदीप यादव के आवास पर जिस समय छापा पड़ा उसके पांच मिनट बाद ही निशिकांत दूबे ने ट्वीट कर उनके यहां रेड की बात कह दी जबकि उनके यहां तब रेड शुरू नहीं हुआ था। विधायक अनूप सिंह ने खुद के पास बेनामी संपत्ति होने से साफ तौर से इंकार किया।

पलामू में सीएम ने 23,483.5 लाख रुपये की 57 योजनाओं का किया उद्घाटन-शिलान्यास

कल्याणकारी योजनाओं से लोगों को जोड़कर बना रहे सशक्त और स्वावलंबी : हेमंत सोरेन

अमरनाथ सोनी

मेदिनीनगर/पलामू। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि पदाधिकारी मोटरसाइकिल, साइकिल, ट्रैक्टर और पैदल चलकर भी सुदूरवर्ती प्रखंडों में पहुंच रहे हैं। वहां शिविर लगाकर सरकार की योजनाओं से आपको आच्छादित करने का काम कर रहे हैं। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि आप अपने जनप्रतिनिधियों के घर जाइए और उन्हें बोलिए कि जहां शिविर लगा हो, वहां जाकर आपको योजना से जोड़ने का काम करें। मुख्यमंत्री शुक्रवार को मेदिनीनगर के पुलिस लाइन स्टेडियम में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में लोगों को संबोधित कर रहे थे। स्टेडियम में विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाये गये थे, जहां पदाधिकारियों द्वारा लोगों को जनकल्याकारी योजनओं से अवगत कराने के साथ उन्हें लाभान्वित भी कराया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार के तहत पदाधिकारी सीधे आपके घर तक सरकार की योजनाओं को पहुंचाने का काम कर रहे हैं। इस कार्यक्रम ने लोगों के चेहरे पर खुशी लाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम केवल एक महीने ही नहीं, बल्कि इसके बाद भी चलता रहेगा। ऐसे कार्यक्रमों से ग्रामीण और सीधी-साधी जनता को दलालों से छुटकारा मिलता है, क्योंकि पदाधिकारी शिविरों में ही आपकी समस्याओं का निदान कर देते हैं। उन्होंने कहा कि 20 वर्षों में ऐसा माहौल नहीं देखा गया। जहां-जहां शिविर लग रहा, वहां मेला जैसा माहौल बना हुआ है। आप यदि किसी शिविर में अपनी समस्या से संबंधित आवेदन नहीं दे पाये, तो अगले दिन नजदीकी शिविर में जाकर अपनी समस्या समाधान हेतु आवेदन दे सकते हैं।

आनेवाली पीढ़ी का संवार रहे भविष्य : मुख्यमंत्री ने कहा कि सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत 9 लाख बच्चियों को जोड़ने का काम किया जा रहा है। इसके तहत 1 लाख 50 हजार बच्चियों को ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

- सदर अस्पताल में 100 बेड की क्षमता वाले नये भवन की सीएम ने रखी आधारशिला
- 1436 सखी मंडल को 1619 लाख रुपये का सौंपा चेक

आयकर के पदाधिकारी भाजपा की गाड़ी में छापा मारने जाते हैं : मुख्यमंत्री

मेदिनीनगर। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को मेदिनीनगर में आयोजित सरकारी कार्यक्रम में कहा है कि झारखंड में आयकर विभाग के पदाधिकारी भाजपा की गाड़ी में छापा मारने जाते हैं। यह लोग अपना मुंह काला करके घूम रहे हैं और दूसरों को नैतिकता सीखा रहे हैं। शर्म आनी चाहिए इन्हें। संवैधानिक संस्थाओं का चोला पहन कर यह लोग जनादेश को ठेंगा दिखा रहे हैं। उन्होने लोगों से ऐसी सामंतवादी लोगों को पहचान कर रखने का आग्रह किया। श्री सोरेन ने कहा कि राजनीतिक ताकत से विरोधियों को केंद्र सरकार नहीं परास्त कर सकी तो अब संवैधानिक संस्थाओं के सहारे उनके मानमर्दन करने पर उतर आयी है, जिसमें प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और आयकर (आईटी) का दुरूपयोग किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

सीएम को ईडी का समन : महागठबंधन एकजुट

सत्तारूढ़ गठबंधन दलों का जिला मुख्यालयों में धरना-प्रदर्शन आज

नवीन मेल संवाददाता

रांची। झारखंड में अवैध खनन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को समन जारी करने के खिलाफ महागठबंधन पूरी तरह से एकजुट हो गया है। महागठबंधन ने इसे केंद्र सरकार की साजिश करार देते हुए कहा है कि सीएम हेमंत सोरेन को ईडी के समन के खिलाफ झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल केंद्र सरकार के खिलाफ राज्यव्यापी धरना-प्रदर्शन करेंगे। झारखंड मुक्ति मोर्चा की केंद्रीय समिति सदस्य सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा है कि राज्य की सरकार को केंद्र के इशारे पर अस्थिर करने की जो कोशिश की जा रही है उसके खिलाफ महागठबंधन के तीनों दल अपने-अपने पार्टी कार्यालय या फिर निर्धारित जगह से निकलेंगे और जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन करेंगे। सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि जहां-जहां विधायक और मंत्री उपस्थित रहेंगे वहां- वहां, वह प्रदर्शन में शामिल होंगे। भट्टाचार्य ने कहा कि सभी समाहरणालय के समक्ष प्रदर्शन के बाद उपायुक्त के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपा जायेगा। रांची में यह कार्यक्रम रांची समाहरणालय के सामने होगा। यहां कई बड़े नेता प्रदर्शन में शामिल होंगे। वहीं, कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि पांच नवम्बर को महागठबंधन के तीनों दलों के नेता ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

- महागठबंधन के तीनों दल केंद्र के खिलाफ राज्यव्यापी धरना-प्रदर्शन करेंगे
- धरना-प्रदर्शन के बाद उपायुक्त के माध्यम से राष्ट्रपति को सौंपा जायेगा ज्ञापन

कार्य में शिथिलता शिक्षा जगत व राज्य के विकास में बाधक : राज्यपाल

विश्वविद्यालयों की समस्याओं के निदान के लिए किये जा रहे प्रयासों की राज्यपाल ने की समीक्षा

नवीन मेल संवाददाता

रांची। राज्यपाल-सह-झारखंड राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति रमेश बैस ने कहा कि राज्य में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में विकास के लिए कार्यप्रणाली में गति लाने की नितांत आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि कार्य में शिथिलता शिक्षा जगत एवं राज्य के विकास में बाधक है। राज्यपाल ने वर्ष 2010 एवं 2018 के स्टैच्यूट निर्माण की समीक्षा करते हुए नाराजगी प्रकट करते हुए कहा कि अब तक स्टैच्यूट का निर्माण नहीं होने से विश्वविद्यालय के विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया काफी लम्बे समय से वंचित है। राज्यपाल शुक्रवार को राजभवन में विश्वविद्यालयों की विभिन्न समस्याओं के निदान हेतु किये जा रहे प्रयासों की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में झारखंड लोक सेवा आयोग की अध्यक्ष डॉ. मेरी नीलिमा केरकेट्टा, राज्यपाल के प्रधान सचिव डॉ. नितिन मदन कुलकर्णी, सचिव, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग राहुल कुमार पुरवार, निदेशक, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा सूरज कुमार समेत विभाग के अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। राज्यपाल ने बैठक में सहायक प्राध्यापकों की नियुक्ति में दिव्यांग व्यक्तियों को दिये जा रहे आरक्षण पर चर्चा करते हुए कहा कि विभिन्न श्रेणी के दिव्यांगों को चार प्रतिशत का आरक्षण सुनिश्चित किया जाये। इस अवसर पर राज्यपाल को उच्च एवं तकनीकी शिक्षा सचिव राहुल पुरवार द्वारा अवगत कराया गया कि पूर्व के प्रावधान के अनुसार प्रायः एक ही श्रेणी के दिव्यांग को लाभ मिलने की संभावना बनी रहती थी, जिसे दूर करने की दिशा में कार्रवाई की जा रही है। राज्यपाल ने कहा कि दिव्यांग के उल्लेखित श्रेणी में किसी एक श्रेणी का अभ्यर्थी उपलब्ध नहीं होने पर दिव्यांग के अन्य श्रेणियों के ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

एल्युमिनियम : द फ्यूचर मेटल का विमोचन

राज्यपाल रमेश बैस ने राजभवन में नालको के पूर्व सीएमडी एवं सीसीएल के पूर्व निदेशक (कार्मिक) तथा वेदांता (बिजनेश डेवलपमेंट) के अध्यक्ष डॉ. टीके चांद द्वारा लिखित पुस्तक एल्युमिनियम : द फ्यूचर मेटल का विमोचन किया गया। इस अवसर पर झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश आनंद सेन, सांसद संजय सेठ, मुख्य आयकर आयुक्त प्रभाकांत, नालको के निदेशक (कार्मिक) एवं सीसीएल के पूर्व निदेशक (कार्मिक) आरएस महापात्र एवं अन्य गणमान्य व्यक्तिगण उपस्थित थे।

न्यूज गैलरी

आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ आयोजन

बुढ़मू। आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन बुढ़मू प्रखंड के चैनगड़ा पंचायत भवन में आयोजित की गयी। इस दौरान बुढ़मू प्रखंड प्रमुख सत्यनारायण मुंडा, प्रखंड विकास पदाधिकारी नम्रता जोशी एवं, उप प्रमुख हरदेव साहू और पंचायत समिति सदस्य, मुखिया सहित कई विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। साथ ही विभागीय स्टॉल लगाया गया और ग्रामीणों की समस्याओं को सुना गया।, और आवेदन लिया गया। और योजनाओं की विस्तृत रुप से जानकारी दी गई। वहीं उपस्थित पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के द्वारा ग्रामीणों को कंबल आदि दिया गया।

राष्ट्रीय द्वितीयक कृषि संस्थान में मनाया सतर्कता जागरूकता समारोह

नामकुम। भाकृअनुप-राष्ट्रीय द्वितीयक कृषि संस्थान, नामकुम में केन्द्रीय सतर्कता आयोग द्वारा 31 अक्टूबर से 06 नवंम्बर तक विभिन्न विभागों में सतर्कता जागरूकता समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम राष्ट्रीय द्वितीयक कृषि संस्थान में शुक्रवार को भ्रष्टाचार मुक्त भारत-विकसित भारत विषयक व्याख्यान का आयोजन हुआ। इस मौके पर मुख्य वक्ता ई. बिमल कुमार, मुख्य प्रबंधक (खनन) सह सतर्कता ने कहा कि प्रत्येक वर्ष अकटूबर माह के आखिरी सप्ताह जिसमें सरदार वल्लभ भाई पटेल का जन्मदिवस के अवसर पर सतर्कता जागरूकता सप्ताह के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सतर्कता आयोग के गठन, कर्य तथा भ्रष्टाचार निरोध के उपायों सहित इस बात को रेखांकित किया कि देश के विकास में भ्रष्टाचार एक बड़ा अवरोध है तथा हम हर स्तर पर अपने प्रयासों के द्वारा भ्रष्टाचार से मुकाबला कर देश को विकास के राह पर तेजी से अग्रसर कर पाने में सफल हो सकते है। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ. अभिजित कुमार, डॉ. के.के शर्मा, प्रधान वैज्ञानिक, डॉ. निर्मल कुमार एवं श्री रघुनाथ महतो, प्रभारी वरीय प्रशासनिक अधिकारी सहित संस्थान के कर्मी उपस्थित थे।

केवी नामकुम में दो दिवसीय प्रतियोगिता का शुभारंभ

नामकुम। केन्द्रीय विद्यालय नामकुम संभाग स्तरीय के.वि.सं. राष्ट्रीय एकता पर्व सह कला उत्सव 2022-23 के अंतर्गत दो दिवसीय प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि व केन्द्रीय विद्यालय संगठन रांची संभाग के उपायुक्त डी. पी. पटेल के द्वारा किया गया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि अपनी सभ्यता एवं संस्कृति के महत्व को रेखांकित करते हुए राष्ट्रीय एकता पर बल दिया। विद्यालय के प्राचार्य सोमित कुमार व विशिष्ट अतिथि ले. कर्नल रीना झा नामित अध्यक्षा विद्यालय प्रबंधन समिति व सुरेश सिंह सहायक आयुक्त ने सम्बोधन से प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाया। इस दौरान राष्ट्रीय एकता पर्व सह कला उत्सव 2022-23 में रांची संभाग के 6 अनुभागों के 207 प्रतिभागियों ने 12 विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। सभी प्रतियोगिताओं का समापन एवं पुरस्कार वितरण आज संपन्न किया जाएगा।

कुआं में गिरने से महिला की मौत

नामकुम। नामकुम के रामुपर गढ़के गांव में कुआं में गिरने से महिला कि मौत हो गई। इस संबंध में संब इंस्पेक्टर अनिमेष शांतिकारी ने बताया कि मृतिका का नाम मिनी टोप्पो (40) नाम है। स्थानीय लोगों के सूचना के बाद पुलिस ने शव को निकाल शव पोस्टमार्टम करा शव को परिजनों को सौप दिया है।

बीएयू में पशुधन प्रसार नवाचारों पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन

किसानों की आय बढ़ाने में पशुधन की बड़ी भूमिका : डॉ. ओंकार

◆1984 में स्थापित वेटनरी कौंसिल ऑफ इंडिया (भीसीआई) के मार्गदर्शिका के अनुरूप शैक्षणिक, अनुसंधान एवं प्रसार कार्यों को सशक्त करने में फोरम का प्रयास सराहनीय है।

नवीन मेल संवाददाता

रांची। देश के कृषि क्षेत्र में अप्रत्याशित विकास एवं वृद्धि हुआ है। भारतीय ग्रामीण आबादी के जीवन स्तर में सुधार हुई है। नवीनतम एवं अभिनव कृषि तकनीकी के माध्यम से किसानों की आय दुगुनी करना केंद्र सरकार एवं राज्य सरकारों का एक सपना है। इस उद्देश्य को पूरा करने में पशुधन संसाधनों बड़ी भूमिका होगी। उक्त बातें दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मलेन के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता करते हुए बीएयू कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह ने कही। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर पशुधन क्षेत्र के विकास का भारतीय पशु चिकित्सा प्रसार फोरम एक अच्छा प्लेटफॉर्म है। 1984 में स्थापित वेटनरी कौंसिल ऑफ इंडिया (भीसीआई) के मार्गदर्शिका के अनुरूप शैक्षणिक, अनुसंधान एवं प्रसार कार्यो को सशक्त करने में फोरम का प्रयास सराहनीय है। सम्मेलन के विभिन्न विषयों पर वृहद् चर्चा से प्राप्त अनुशंसाओं से पशुधन विकास को नई गति और वेटनरी एक्सटेंशन प्रोफेशनल्स, वेटनरी ग्रेजुएट और पशुपालकों को उपयोगी मार्गदर्शन मिलेगा। पशु एवं मत्स्य विज्ञान विश्वविद्यालय, बिदार, कर्णाटक के कुलपति डॉ केसी वीरान्ना ने बतौर मुख्य अतिथि कहा कि किसानों की आय दुगुनी करने में विकास, तकनीकी एवं रणनीति की बड़ी भूमिका है। इस उद्देश्य की पूर्ति में पशुपालन क्षेत्र में काफी क्षमताएं एवं संभवनाएं हैं। डेयरी, पोल्ट्री, फिशरीज, बेकयार्ड पोल्ट्री, बकरीपालन, सुकरपालन आदि उद्यम से किसानों की आय में काफी बढ़ोतरी देखने को मिली है। इस दिशा में देश की विभिन्न कृषि पारिस्थितिकी एवं बहुतायत छोटे किसान एक बड़ी चुनौती है। वेटनरी एक्सटेंशन प्रोफेशनल्स को विशेष रणनीति बनाने और प्रयासों की जरुरत है। किसान आधारित, बाजार आधारित एवं पारस्परिक मोड में संयुक्त बेहतर रणनीति और विशेष पहल से एसमे सफलता हासिल की जा सकती है। विशिष्ट अतिथि नाबार्ड, रांची के मुख्य महाप्रबंधक वीके बिष्ट ने कृषि विशेषकर पशुधन क्षेत्र को बढ़ावा देने में नाबार्ड के विभिन्न योजनाओं पर प्रकाश डाला। नाबार्ड द्वारा कृषक उत्पादक संगठन (एफपीओ) को बढ़ावा देने से ग्रामीण कृषि विकास को बल मिला है। देश में करीब 10 हजार और एनमे झारखण्ड में 300 एफपीओ कार्यरत है। पशुपालन से जुड़े किसान अप्रत्यक्ष या प्रत्यक्ष रूप से नाबार्ड के विभिन्न योजनाओं का लाभ ले सकते है। भारतीय पशु चिकित्सा प्रसार फोरम (आईभीईएफ) के अध्यक्ष डॉ एनके सुदीप कुमार ने कहा कि सम्मलेन का मुख्य उद्देश्य भीसीआई मार्गदर्शिका के आलोक में वेटनरी एक्सटेंशन प्रोफेशनल्स को सशक्त तथा वेटनरी सोसाइटी के मांग के अनुरूप कॉमन विषय एवं पाठ्यक्रम का विकास करना है। फोरम द्वारा पाठ्यक्रम अध्ययन की समस्या के निदान में थ्योरी एवं प्रैक्टिकल को अधिक प्रभावी बनाने का प्रयास, नव नियुक्त वेटनरी एक्सटेंशन प्रोफेशनल्स को ट्रेनिंग तथा राष्ट्रीय स्तर पर एक अच्छा वेटनरी एक्सटेंशन प्रोफेशनल्स नेटवर्क स्थापित करना है। ताकि एक्सटेंशन प्रोफेशनल्स द्वारा छात्रों एवं किसानों को बेहतर परामर्श सेवा दी जा सके। मौके पर नाहेप परियोजना अन्वेंषक डॉ एमएस मल्लिक ने समेकित कृषि प्रणाली में पशुधन की महत्ता तथा नाहेप अधीन बकरीपालन आधारित समेकित कृषि प्रणाली के विकास पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह ने डॉ. केसी वीरान्ना को आईभीईएफ द्वारा प्रदत्त नेशनल फेलो अवार्ड तथा डॉ. एस राम कुमार को फेलो अवार्ड से शाल ओढा कर व मोमेंटो से सम्मानित किया गया।

छात्र क्लब साधना मंच ने छठपूजा महापर्व में सहयोग करने पर थाना प्रभारी को किया सम्मानित

नवीन मेल संवाददाता

रांची। छात्र क्लब साधना मंच के अध्यक्ष सुबोध कुमार शर्मा, संस्थापक शिव किशोर शर्मा, मुख्य संरक्षक पिंटू शर्मा,मुख्य संयोजक संतोष कुमार,सचिव मुकेश शर्मा, उपाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार,कोषाध्यक्ष पिंकी देवी ने एक संयुक्त रूप से प्रेस विज्ञप्ति जारी कर रांची के विभिन्न क्षेत्रों के छठ व्रत पूजन आयोजन समिति, झारखंड छात्र क्लब छठ पूजा समिति,लायंस क्लब न्यू मधुकम छठ पूजा समिति, श्री श्री छठ पूजा समिति जुमार नदी बूटी, गोल्डन स्टार क्लब छठ पूजा समिति, स्टार क्लब छठ पूजा समिति, चडरी सरना समिति छठ पूजा समिति आदि जिला प्रशासन, नगर निगम प्रशासन, समाचार पत्र प्रतिनिधि, रांची सांसद संजय सेठ, डॉ. महुआ मांझी, पूर्व सांसद सुबोध कांत सहाय, महेश पोद्दार, विधायक सी.पी.सिंह, नवीन जयसवाल, समरी लाल, मेयर आशा लकड़ा, डिप्टी मेयर संजीव विजयवर्गीय, धार्मिक नेता राजीव रंजन मिश्रा, जय सिंह यादव, डॉ.राजेश गुप्ता, जितेंद्र सिंह, संजय सिंह लल्लू, विनय सिंह, मंटू वर्मा, संदीप वर्मा, सतीश सिंह, भोलू सिंह, शशांक राज, नंदकिशोर सिंह चंदेल, भरत कांशी, भैरव सिंह, सबलू मुंडा, मनमोहन पांडे, नमन भारतीय, गोरमेंट भगत, सुमन मिश्रा आदि के प्रति आभार प्रकट किया है। इन्होंने छठ पूजा के सफल आयोजन में छठ घाट में मुस्तैदी के साथ-साथ सेवा एवं भरपूर सहयोग भी किया है। इसके पूर्व रातु क्षेत्र मे छठब्रत पूजा के सफल आयोजन के लिए साधना मंच की ओर से रातू थाना प्रभारी आभाश कुमार को पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया गया।

विश्व हिन्दू परिषद के पूर्व सह संगठन मंत्री को किया गया श्रद्धा सुमन अर्पित

रातू। काठी टांड चौक में विश्व हिन्दू परिषद रांची ग्रामीण जिला के तत्वाधान में शुक्रवार को रातु के काठीटांड में विश्व हिंदू परिषद के पूर्व सह संगठन मंत्री स्वर्गीय जीवनजीत दुबे का पार्थिव शरीर का जिले के कार्यकर्ताओं उन्हें नम आंखों से श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। श्री दुबे ब्लड कैंसर से लंबे समय से ग्रसित थे। उन्होंने वेल्लोर स्थित कैंसर अस्पताल में अपनी अंतिम सांस ली। शुक्रवार को सेवा विमान से उनका पार्थिव शरीर बिरसा मुंडा हवाई अड्डा पहुंचा। उसके बाद वहां से उनका पार्थिव शरीर उनके पैतृक जिला गढ़वा के लिए रवाना हो गया। इसी क्रम में विहिप, बजरंग दल के कार्यकर्ताओं द्वारा रातु स्थित काठीटांड़ में श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। मौके पर रामेश्वर दयाल सिंह, विनय कुमार, रोबिन कुमार, रोशन चौधरी, अजीत सिंह, विवेकानंद प्रजापति, आलोक कुमार, ज्योति कुमार, नवल ठाकुर सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

रातू के हेहल में तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ शुभारम्भ

16 टीम ले रही हिस्सा, 6 को होगा फाइनल मैच

रातू। प्रखंड के डंडई हेहल जामुन टोली में शुक्रवार को सरना रत्न दादा वीरेंद्र स्मृति फुटबॉल टूर्नामेंट का सुभारम्भ किया गया। मैच का उद्घाटन झारखंड अनुसूचित जाति मोर्चा भाजपा के महामंत्री कमलेश राम, राष्ट्रीय आदिवासी छात्र संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष संगम उरांव, केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष नारायण उरांव, राजी पाड़हा सरना प्रार्थना सभा झारखंड प्रदेश कोषाध्यक्ष रेणु उरांव, सरहुल पूजा समिति के अध्यक्ष व पूर्व जिप सदस्य अमर उरांव ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट में 16 टीम भाग ले रही है। 6 नवंबर को फाइनल मैच खेला जायेगा। कार्यक्रम की सफलता में विक्की उरांव, मनौवार अंसारी , मुखिया सुखदेव उरांव, मुकेश भगत, श्याम सुंदर, सोमनाथ, रमेश उरांव, बंधु उरांव, मधुपाल उरांव सराहनीय योगदान निभा रहे है।

37 वीं राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप गोहाटी के लिए झारखंड की 91 सदस्यीय टीम घोषित

नवीन मेल संवाददाता

रांची। भारतीय एथलेटिक्स संघ के तत्वाधान में आगमी 11 से 15 नवम्बर तक असम के गोहाटी शहर में होने वाली 37वीं राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में भाग लेने वाली 91 सदस्यीय टीम की घोषणा झारखंड एथलेटिक्स संघ के सचिव सी. डी. सिंह ने 33वी पूर्वी क्षेत्र जूनियर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप, पटना में झारखंड चैंपियंस रहा था

आशा है गोहाटी में एथलीट बेहतर प्रर्दशन कर आगामी खेलों इण्डिया समेत अन्य इवेंट में पदक के साथ साथ अहर्ता भी प्राप्त करेंगे।

टीम इस प्रकार है : बालक 14 वर्ष- अनुकरन गोस्वामी, हिमांशु सिंह (पुर्वीसिंह भूम), विक्की लोहरा, छोटू रजक (रांची), विशाल कुमार, वेदनाथ राम, रमण कुमार (बोकारो)। बालक 16 वर्ष : दीपक टोप्पो, साहिल भुईया, प्रशांत कुमार (बोकारो), अरविंद बासुकी (दुमका), ऋतिक मिंज (रांची), साकेत मिंज ,प्रितेश उरांव (गुमला), केशव कुमार (धनबाद), मोनिश रजा, दीपक महतो, अफरोज अहमद (हजारीबाग), मनीष बेदिया, रीतेश कुमार, संदीप कुमार (रामगढ़), निखिल यादव (जामताड़ा), हेमेंत कुमार, अंकित यादव (पलामू), सूरज कुमार (लोहरदगा), विवेक यादव (साहेबगंज) शामिल हैं।

बालक 18 वर्ष : माही तुरी, सकलेन खान, आकाश कुमार (देवघर), रोहित प्रसाद, साफिन लकड़ा (रांची), समीर पठान (बोकारो) हैं।

बालक 20वर्ष : सदानंद कुमार (हजारीबाग), प्रकाश देहरी (पुर्वी सिंह भूम), रामचंद्र सांगा, बिराज तिग्गा (रांची), विकास महतो (लोहरदगा), विशाल कुमार (रामगढ़),रोशन कुमार, विक्रांत कुमार, सकलदेव यादव (बोकारो), राम बेसरा (साहेबगंज) हैं।

बालिका 14 वर्ष : रश्मि खातून (धनबाद), तनिषा कुमारी (रामगढ़), सीमा कुमारी (हजारीबाग), अदिती दास, स्वेता कुमारी (बोकारो)

बालिका 16 वर्ष : प्रियंका साव, ज्योति कुमारी, सबिता मुर्मू (जामताड़ा), मानसी मिंज (हजारीबाग), सोनम कुमारी, सुजाना लकड़ा (रांची), चिन्तामनी टूटी (खूंटी), मोनिका कुमारी (धनबाद) हैं।

बालिका 18 वर्ष : लकी कुमारी, अमनदीप कौर, गिन्नी सहगल (पूर्वी सिंह भूम), प्रीति प्रामाणिक, आरती कुमारी, सपना कुमारी (बोकारो), आकांक्षा कुमारी (पलामू), भूमिका कुमारी (रामगढ़), आशा कुमारी, संघमित्रा महाता, सोनाली कुमारी, प्रीति लकड़ा (हजारीबाग), हुसनारा प्रवीण (साहेबगंज) हैं।

बालिका 20 वर्ष : विशाखा सिंह, पूर्णिमा बाउरी, आशा किरण बारला, खुशबू बडाईक (बोकारो), धानो कुमारी (हजारीबाग), सुप्रिति कच्छप (गुमला), श्रुति शर्मा (धनबाद), प्रेमलता केरकेट्टा (रांची) शामिल हैं।

टीम मैनेजर - शैलेश शर्मा (रामगढ़), टीम मैनेजर (महिला) प्रिया भारती (साहिबगंज), टीम कोच : आशू भाटिया(भाटिया अकादमी बोकारो), प्रभात रंजन तिवारी(आवासीय बालिका प्रशिक्षण केंद्र हजारीबाग) शामिल हैं।

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
(भूमि संरक्षण निदेशालय)
झारखण्ड, राँची

कार्यालय – जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी, राँची

वित्तीय वर्ष 2022–23 में "जलनिधि" योजनान्तर्गत डीप बोरिंग एवं परकोलेशन टैंक के निर्माण हेतु कृषकों के लिए सूचना

झारखण्ड राज्य योजनान्तर्गत कृषि को बढ़ावा देने, बहुफसलीय कृषि के विकास, मानसुन पर राँची जिले के कृषकों की निर्भरता कम करने हेतु विभिन्न श्रोतों से सिंचाई की समुचित व्यवस्था हेतु डीप बोरिंग एवं परकोलेशन टैंक के निर्माण हेतु "जलनिधि" नामक योजना वित्तीय वर्ष 2015–16 से प्रारंभ की गयी है। जिससे कृषि योग्य भूमि को सिंचित और बहुफसलीय कृषि को बढ़ावा दिया जा सके।

योजना का स्वरूप

(i) डीप बोरिंग की योजना

कार्य योजना	पात्रता	भौतिक लक्ष्य (सं0)	अनुदान की राशि		
			अनुमानित योजना लागत प्रति ईकाई	अधिकतम अनुदान की राशि	पानी पंचायत अंषदान की राशि
योजना अन्तर्गत 6 ईंच Diameter deep boring submersible pump 1.5 H.P. आवष्यक Accessories एवं संस्थापन (Installation) के साथ	योजना लघु एवं सीमान्त कृषक समूहों के लिए लागू होगा। विभागीय मार्गदर्षन के आलोक में विधिवत् पानी पंचायत का गठन कर इसका कार्यान्वयन कराया जायेगा। समिति के सदस्यों के पास कलस्टर में न्यूनतम 5 एकड़ भूमि होना अनिवार्य होगा।	65	3.50 लाख	90 प्रतिषत (3.15 लाख)	10 प्रतिषत (0.35 लाख)

(ii) परकोलेशन टैंक निर्माण (मध्यम एवं निचले खेत में तालाब) की योजना

कार्य योजना	पात्रता	भौतिक लक्ष्य (सं0)	अनुदान की राशि		
			अनुमानित योजना लागत प्रति ईकाई	अधिकतम अनुदान की राशि	पानी पंचायत अंषदान की राशि
Length of Percolation Tank – 120 ft. Width of Percolation Tank – 100 ft. Depth of Percolation Tank – 12 ft. Length of Bound – 370 ft Side Slope – 1:1	योजना लघु एवं सीमान्त कृषक समूहों के लिए लागू होगा। विभागीय मार्गदर्षन के आलोक में विधिवत् पानी पंचायत का गठन कर इसका कार्यान्वयन कराया जायेगा। समिति के सदस्यों के पास कलस्टर में न्यूनतम 10 एकड़ भूमि होना अनिवार्य होगा।	146	4.70 लाख	90 प्रतिषत (4.23 लाख)	10 प्रतिषत (0.47 लाख)

डीप बोरिंग एवं परकोलेशन टैंक के लिए आवदेन–पत्र जमा करने की तिथि 20.11.2022 निर्धारित की जाती है।

- भूमि संरक्षण पदाधिकारी, राँची, एवं बुण्डू जिला – राँची के लिए निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध सुपात्र कृषकों से विहित प्रपत्र–I में आवेदन प्राप्त किया जाएगा।
- आवेदन–पत्र भूमि संरक्षण पदाधिकारी, राँची एवं बुण्डू के कार्यालय से निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है।
- जिन कृषकों को पूर्व में डीप बोरिंग, सिंचाई पम्प का लाभ प्राप्त कराया जा चुका है, उनकी पात्रता जलनिधि योजना के लिए मान्य नहीं होगी।
- अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/लधु/सीमांत कृषक/महिला कृषकों/इच्छुक कृषक समूहों का चयन प्राथमिकता के आधार पर किया जायेगा।

आवेदन की प्रक्रिया :–

आवेदन–पत्र निम्न कागजातों के साथ भूमि संरक्षण कार्यालय, राँची एवं बुण्डू में जमा लिया जायेगा।

1. संबंधित योजना ग्राम–सभा में पारित होनी चाहिए एवं पारित प्रस्ताव की छायाप्रति मुखिया द्वारा अभिप्रमाणित।
2. पानी–पंचायत गठित कर, रजिस्टर की छायाप्रति (क्षेत्रीय कर्मचारी/पदाधिकारी की उपस्थिति में)एवं पानी–पंचायत के गठन की फोटोग्राफी।
3. पानी–पंचायत का बैंक में बचत खाता खोलकर कृषक–अंशदान की राशि के साथ बचत खाता की छायाप्रति। (चयनित अध्यक्ष एवं सचिव का संयुक्त खाता)
4. लाभान्वित कृषकों की सूची विहित प्रपत्र में। (मूल प्रति)
5. गाँव के नक्शे पर संबंधित योजना को चिन्हित कर नक्शे की छायाप्रति।
6. जमीन का अद्यतन रसीद एवं पहचान–पत्र।

उक्त योजना से संबंधित अन्य जानकारियों के लिए निम्न पत्ते पर संपर्क किया जा सकता है।

कार्यालय का पता :– 1. भूमि संरक्षण पदाधिकारी, राँचीई0टी0सी0 परिसर, हेहल, राँची–834005
2. भूमि संरक्षण पदाधिकारी, बुण्डू ब्लॉक मोड़ NH-33, बुण्डू

जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी,
राँची

PR 281452 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department(22-23)D

स्वर्गीय कैला महतो के चित्र पर माल्यार्पण कर सोलहवीं पुण्यतिथि मनायी गयी

इस तरह के आयोजन से आने वाली पीढ़ियों के लिए एक प्रेरणा साबित होगा : रामटहल

नवीन मेल संवाददाता

रांची। कांके भामाशाह नगर रिंग रोड सुकुरहुटू, झारखंड युवा विकास मंच के तत्वधान में रिंग रोड कैला महतो चौक पर उपस्थित सभी अतिथियों के द्वारा स्वर्गीय कैला महतो के चित्र पर माल्यार्पण कर सोलहवां पुण्यतिथि मनायी गयी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रांची लोकसभा के पूर्व सांसद राम टहल चौधरी ने सभा को संबोधित करते हुए, कहा आज के इस बदलते हुए समाज में इस तरह अपने पूर्वजों के सम्मान में किए गए आयोजन से आने वाली पीढ़ियों के लिए एक प्रेरणा साबित होगा। घर के बड़े बुजुर्ग के प्रति आदर और सम्मान की भावना को समाज में बढ़ावा मिलेगा, साथ ही अपने माता-पिता के द्वारा किए गए अच्छे कार्यों से प्रेरणा लेकर जीवन में आगे बढ़ना चाहिए,आयोजनकर्ता राजेंद्र महतो सहित पूरे परिवार को शुभकामना एवं बधाई दी। कार्यक्रम में आयोजन कर्ता के द्वारा सभी अतिथियों को अंग वस्त्र एवं गरीब असहाय बुजुर्गों को कंबल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में कुर्मी विकास परिषद के केंद्रीय अध्यक्ष रणधीर चौधरी, पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष पार्वती देवी, कांके पक्ष्मी के जिला परिषद सदस्य सुषमा देवी, विधायक प्रतिनिधि रांची जिला सह रांची ग्रामीण मंत्री हरिनाथ साहू, जी.बी. मेमोरियल के निदेशक चंदन बैठा, झारखंड युवा विकास मंच के राजकुमार महतो, रूपलाल महतो के अलावा सैकड़ों लोग शामिल हुए।

मुरी आरपीएफ के द्वारा स्टेशन परिसर में चेकिंग अभियान चलाया गया

मुरी। शुक्रवार को रेलवे अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मुरी रेलवे स्टेशन पर पोस्ट कमांडर रूपेश कुमार की देखरेख में आरपीएफ पोस्ट मुरी के अधिकारी और कर्मचारियों द्वारा एक चेकिंग अभियान धनबाद एलेप्पी एक्सप्रेस ट्रेन, खड़कपुर पैसेंजर ट्रेन, हटिया वर्धवान पैसेंजर ट्रेन में चलाया गया । इस दौरान रेलवे अधिनियम की धारा 162 के तहत 05 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया, जो यात्रा कर रहे थे तथा ट्रेन के महिला डिब्बे में सफर कर रहें थे। रेल अधिनियम की धारा 144 के तहत 04 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया जो ट्रेन में अनाधिकृत रूप से खाने योग्य सामान बेच रहे थे और 04 पुरुष व्यक्तियों को धारा 144 (2) रेलवे अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया जो महिलाओं का परिधान यानि साड़ी पहने हुए थे और यात्रियों से भीख मांगते रहे थे।

जिला परिवहन पदाधिकारी का कार्यालय, खूँटी
(परिवहन शाखा)

आवश्यक सूचना

एतद द्वारा नीचे अंकित वाहनों के वाहन स्वामियों को सूचित किया जाता है कि महालेखाकार, झारखण्ड, द्वारा नामित अंकेक्षण दल के माध्यम से उपलब्ध कराए गए प्रतिवेदननुसार नीचे अंकित वाहनों का RLW अंतर्गत राशि एवं कर की अन्तरराशि शीघ्र जमा किया जाना है।

Registration No.	Pre_RLW	Rev_RLW	Tax paid Upto	PRE REVISION PERIOD		REVISION PERIOD		Tax assessed		Tax assessable		Short
				FROM	TO	FROM	TO	Pre_rev	Revised	Pre_rev	Revised	
JH01V9898	25000	28500	01-09-19	16-07-18	01-03-19	02-03-19	01-09-19	12474	10000	14456	11600	3582
JH23A0188	25000	28500	06-04-20	16-07-18	06-04-19	07-04-19	06-04-20	16590	20000	19183	23200	5793
JH23A1245	25000	28500	16-10-19	16-07-18	16-04-19	17-04-19	16-10-19	17212	10000	19903	11600	4291
JH23A1610	25000	28500	06-10-19	16-07-18	06-04-19	07-04-19	06-10-19	16590	10000	19183	11600	4193
JH23A4646	25000	28500	06-04-20	16-07-18	06-04-19	07-04-19	06-04-20	16590	20000	19183	23200	5793
JH23A5441	25000	28500	14-10-19	16-07-18	14-04-19	15-04-19	14-10-19	17099	10000	19772	11600	4273
JH23A6769	25000	28500	04-10-19	16-07-18	04-04-19	05-04-19	04-10-19	16476	10000	19052	11600	4176
JH23A7803	25000	28500	06-10-19	16-07-18	06-04-19	07-04-19	06-10-19	16590	10000	19183	11600	4193
JH23A8232	25000	28500	29-07-19	16-07-18	29-04-19	30-04-19	29-07-19	18062	5000	20885	5800	3623
JH23A8651	25000	28500	02-09-19	16-07-18	02-03-19	03-03-19	02-09-19	14381	10000	16629	11600	3848
JH23A9087	25000	28500	06-10-19	16-07-18	06-04-19	07-04-19	06-10-19	16590	10000	19183	11600	4193
JH06G1699	31000	36000	23-09-19	16-07-18	23-03-19	24-03-19	23-09-19	17437	12400	20547	14400	5110
JH06G2999	31000	36000	06-08-19	16-07-18	06-02-19	07-02-19	06-08-19	14301	12400	16851	14400	4550
JH06G9199	31000	36000	07-09-19	16-07-18	07-03-19	08-03-19	07-09-19	16308	12400	19217	14400	4909
JH23A5544	31000	36000	26-08-19	16-07-18	26-02-19	27-02-19	26-08-19	17945	12400	21105	14400	5160
								244645	174600	284332	202600	67687

अतएवः अनुरोध है कि आप से संबंधित वाहन का बकाया अन्तर राशि जिला परिवाहन कार्यालय खूँटी में शीघ्र जमा कराने की कृपा की जाय।

जिला परिवहन पदाधिकारी
खूँटी

PR 281403 Transport (22-23)_D

न्यूज गैलरी

मथुरा महतो के प्रयास से लकवाग्रस्त मरीज को मिला 70 हजार रुपये का चेक

रांची। टुंडी के झामुमो विधायक और सत्तारूढ़ दल के सचेतक मथुरा प्रसाद महतो ने शुक्रवार को कांके विधानसभा क्षेत्र के कांके प्रखंड अंतर्गत मनातू पंचायत के रहने वाले भरत नाथ महतो के पुत्र अनुप कुमार महतो को समुचित इलाज के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष से प्राप्त 70 हजार रुपए का चेक सौंपा। मौके पर जिला परिषद सदस्य सुषमा देवी भी मौजूद थीं। अनूप कुमार महतो पैरालाइसिस (लकवा) से ग्रसित हैं और उन्हें उचित इलाज की आवश्यकता है। मालूम हो कि भरत नाथ महतो जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं, उनके परिजनों ने मथुरा प्रसाद महतो से मिलकर अनूप कुमार महतो के समुचित इलाज में सहयोग की मांग की थी। परिजनों के मुताबिक अनूप कुमार महतो का समय रहते इलाज कराना अति आवश्यक हो गया है। इसी आलोक में उन्होंने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर मुख्यमंत्री राहत कोष से सहयोग करने का आग्रह किया था।

सरला बिरला पब्लिक स्कूल में छात्रों के लिए नागरिक जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

रांची। सरला बिरला पब्लिक स्कूल के छात्रों के लिए नागरिक जागरूकता कार्यक्रम विद्यालय परिसर में प्रारंभ हुआ। इस कार्यक्रम को रामकृष्ण मिशन, दिल्ली के प्रवक्ता विवेक पटेल ने संबोधित किया। यही कार्यक्रम कुछ समय पूर्व शिक्षकों के लिए आयोजित किया गया था, जहां उन्हें नैतिक मूल्यों के द्वारा छात्रों को जागरूक करने के लिए प्रशिक्षित किया गया था। सत्र में बताया गया कि स्वामी विवेकानंद के सिद्धांत वर्तमान समय में भी बहुत प्रासंगिक हैं। शिकागो में स्वामी विवेकानंद द्वारा दिए गए भाषण का उल्लेख कर बच्चों को प्रेरित किया गया। स्वामी विवेकानंद के जीवन की अनेक घटनाएं यह सिखाती है कि हमारे पास अपार आंतरिक ताकत है, हमें सिर्फ अपने भीतर निष्क्रिय पड़ चुकी संभावनाओं को जागृत करने की आवश्यकता है। सत्र बहुत प्रेरणादायी और ज्ञानवर्धक था। विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख डॉ. प्रदीप वर्मा ने इस सत्र के माध्यम से छात्रों को सही मार्गदर्शन देने के लिए स्कूल द्वारा किए गए प्रयासों की प्रशंसा की। प्रधानाचार्या परमजीत कौर ने बच्चों को स्वामी विवेकानंद द्वारा दिखाए गए मार्ग पर अग्रसर होने और अपने जीवन में नैतिक मूल्यों को विकसित करने के लिए प्रेरित किया जो उन्हें भविष्य में बेहतर इंसान और नागरिक बनाएगा।

एचईसी के अफसरों ने दूसरे दिन गेट जाम कर धरना दिया

रांची। वेतन की मांग को लेकर एचईसी के अधिकारियों ने शुक्रवार को भी मुख्यालय गेट जाम कर धरना दिया। अफसर और इंजीनियर एक मुश्त वेतन भुगतान की मांग कर रहे हैं। वे एचईसी के सीएमडी नलिन सिंघल से वार्ता करने की मांग को लेकर गुरुवार से आंदोलन कर रहे हैं। दो दिनों से अधिकारी प्लांटों में काम नहीं कर रहे हैं। इसका असर उत्पादन पर पड़ा है। निदेशकों के आश्वासनों पर अधिकारियों को अब भरोसा नहीं रह गया है। इसलिए वह वेतन एवं अन्य मुद्दों पर प्रभारी सीएमडी नलिन सिंघल से ही वार्ता करने की मांग कर रहे हैं। अधिकारियों का नवंबर 2021 से अक्तूबर 2022 तक का वेतन भुगतान बकाया है। बीच-बीच में थोड़ा-बहुत वेतन राशि का भुगतान कर एचईसी प्रबंधन अपनी भूमिका सीमित कर रहा है, जिस वजह से उनकी माली हालात अब खराब हो गई है। हालात यह है कि न तो दुकानदार से अब राशन उधार मिल रहा है और न ही वे स्कूलों की फीस भर पा रहे हैं।

बीआईटी मेसरा में फिट इंडिया फ्रीडम रन में दौड़े युवा

रांची। यूनिवर्सिटी पॉलिटेक्निक, बीआईटी मेसरा में यूथ इंडिया और खेल मंत्रालय की ओर से शुक्रवार को फिट इंडिया, क्लीन इंडिया कार्यक्रम के तहत फिट इंडिया फ्रीडम रन का आयोजन किया गया। संस्थान के निदेशक डॉ विनय शर्मा ने विद्यार्थियों को स्वच्छता और स्वास्थ्य का महत्व बताया। इसके बाद हरी झंडी दिखाकर प्रतिभागियों को रवाना किया। फ्रीडम रन में 105 विद्यार्थियों ने भाग लिया। छात्र वर्ग में निपुण तिर्की ने पहला, अजय कुमार महतो ने दूसरा, सुनील कुमार महतो ने तीसरा और शिशिर लकड़ा ने चौथा स्थान प्राप्त किया।

रांची एयरपोर्ट पर 14 करोड़ की लागत से दो नये एयरोब्रिज का किया गया लोकार्पण

सांसद ने यात्री सुविधाओं के विस्तार को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये

नवीन मेल संवाददाता

रांची। शुक्रवार को रांची एयरपोर्ट पर दो नये एयरोब्रिज का लोकार्पण एयरपोर्ट सलाहकार समिति के अध्यक्ष सह लोकसभा क्षेत्र के सांसद श्री संजय सेठ और हटिया के विधायक नवीन जायसवाल ने किया। दोनों एयरोब्रिज का निर्माण लगभग 14 करोड़ की लागत से किया गया है। इस दौरान सांसद ने इस एयरोब्रिज से आने वाले यात्रियों का फूल देकर स्वागत किया। एयरपोर्ट निदेशक केएल अग्रवाल ने बताया कि पूर्व में इस एयरपोर्ट पर सिर्फ दो एयरोब्रिज काम कर रहे थे। दो नए एयरोब्रिज के निर्माण से यात्री सुविधाओं में विस्तार होगा। इस दौरान सांसद ने एयरपोर्ट परिसर का निरीक्षण भी किया और यात्री सुविधाओं के विस्तार को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

सलाहकार समिति की बैठक में कई विषयों पर चर्चा : आज एयरपोर्ट सलाहकार समिति की बैठक सांसद संजय सेठ की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में प्रमुख रूप से हटिया विधायक नवीन जायसवाल, एयरपोर्ट डायरेक्टर केएल अग्रवाल, सलाहकार

समिति के सभी सदस्य और एयरपोर्ट से जुड़े अधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। इस बैठक में एयरपोर्ट में ट्रैफिक व पार्किंग व्यवस्था दुरुस्त करने, यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो, इसका ध्यान रखने पर विशेष चर्चा हुई। सदस्य भानु जालान ने एयर एंबुलेंस से संबंधित जानकारी के लिए सूचना बूथ लगाने, यात्री सुविधाओं में विस्तार करने और राजस्व के क्षेत्र में ध्यान देने को भी आवश्यक बताया। एयरपोर्ट की वेबसाइट को भी अपडेट रखने का सुझाव दिया। वहीं अन्य सदस्यों ने एयरपोर्ट में यात्रियों के ठहरने

> सदस्य भानु जालान ने एयर एंबुलेंस से संबंधित जानकारी के लिए सूचना बूथ लगाने, यात्री सुविधाओं में विस्तार करने और राजस्व के क्षेत्र में ध्यान देने को भी आवश्यक बताया।

की व्यवस्था, आवाजाही की व्यवस्था दुरुस्त करने से संबंधित सुझाव दिए। सांसद संजय सेठ ने इस बैठक में बताया कि यह एयरपोर्ट देश के प्रमुख एयरपोर्ट में शामिल है, जो सुखद बात है। शीघ्र ही एयरपोर्ट का विस्तार हो, इस दिशा में सरकार और हम सब मिलकर काम कर रहे हैं। एयरपोर्ट के अधिकारियों ने बताया की राज्य सरकार से भी संबंधित कई मुद्दे सामने आए हैं, जिसका समाधान आवश्यक है ताकि एयरपोर्ट का और बेहतर विकास हो सके। इस पर सांसद ने सार्थक पहल करने की बात कही। रांची से सब्जियों और फलों को देश के विभिन्न हिस्सों में भेजने के लिए एयर कार्गो के व्यापक प्रचार-प्रसार करने की आवश्यकता पर भी बल दिया गया। वहीं सांसद सहित सभी सदस्यों ने एक स्वर से रांची से देवघर, बनारस, दरभंगा के लिए हवाई सेवा शुरू करने का सुझाव दिया। इस पर विभिन्न एयरलाइन से जुड़े अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि सभी एयरलाइंस कंपनियां इस क्षेत्र में विचार कर रही हैं और बहुत जल्द सार्थक परिणाम भी सामने आएगा। एयरपोर्ट के आस-पास के गांव के समुचित विकास पर चर्चा हुई और सर्वसम्मति से यह बात कही गई कि सीएसआर निधि से एयरपोर्ट के आसपास के गांव का ही विकास हो, इस दिशा में सब लोग साथ मिलकर काम करें। प्रमुख रूप से अध्यक्ष श्री सेठ ने निर्देश दिया कि 15 नवंबर को महामहिम राष्ट्रपति के रांची आगमन को लेकर एयरपोर्ट प्रबंधन के द्वारा विशेष व्यवस्था की जानी चाहिए। उनके विशेष स्वागत की व्यवस्था एयरपोर्ट प्रबंधन के द्वारा हो, इस दिशा में हम सबको काम करना चाहिए। महामहिम का झारखंड से एक अलग ही लगाव रहा है।

अनुबंध शिक्षकों की बहाली पर रोक लगाने की मांग

रांची। घंटी आधारित अनुबंध सहायक प्राध्यापक संघ, रांची विश्वविद्यालय की बैठक जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग परिसर में शुक्रवार को हुई। बैठक की अध्यक्षता डॉ त्रिभुवन कुमार साही ने की। इसमें विश्वविद्यालय में हो रही घंटी आधारित अनुबंध शिक्षकों की बहाली पर अविलंब रोक लगाने की मांग की गई। साथ ही नई नियमावली बनाने की बात की गई। डॉ साही ने कहा कि इस नियमावली में यूजीसी के नियम के तहत न्यूनतम मासिक मानदेय देय होना चाहिए। इस मामले में शनिवार को कुलपति से मिलकर मांग पत्र कुलपति के माध्यम से सरकार को सौंपने का भी निर्णय लिया गया। बताया गया कि इस मांगपत्र में मांग यह रहेगी कि अनुबंध में शिक्षकों की बहली बंद हो और निश्चित मानदेय पर शिक्षकों की बहली हो। कहा गया कि पहले से बहाल शिक्षकों की स्थिति ही आज दयनीय है।

झारखंड ट्राइबल डेवलोपमेन्ट सोसाइटी ने 15 दिवसीय प्रशिक्षण का किया आयोजन

मधुमक्खी पालन के लिए सुयोग्य वातावरण और उनके रखरखा की पूरी तरह से जानकारी दी गयी

नवीन मेल संवाददाता

रांची। टीआरटीसी चाईबासा में लोककल्याण संस्थान के द्वारा और झारखंड ट्राइबल डेवलोपमेन्ट सोसाइटी के आयोजन से 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यकम किया जा रहा है । शुक्रवार को दूसरे चरण के चौथे दिन अर्थात प्रशिक्षण के बारहवें दिन झारखंड ट्राइबल डेवलपमेंट सोसाइटी के पदाधिकारी एवं भारतीय लोककल्याण संस्थान के प्रशिक्षकों ने भाग लिया । प्रशिक्षण का कार्य टोंटो तथा खूटपानी ब्लॉक का दो अलग अलग ट्रेनिंग रूम में कराया गया । प्रथम ट्रेनिंग रुम में प्रशिक्षण का कार्य मुख्य प्रशिक्षक अशोक कुमार सहायक प्रशिक्षण चन्द्रेशवर ओझा तथा दूसरे ट्रेनिंग रूम में प्रशिक्षण का कार्य मुख्य प्रशिक्षक राकेश कुमार और सहायक प्रशिक्षण संयुक्ता देवी ने किया जिसमें आरती पात्रो, गुरूवारी पान का विशेष सहयोग रहा। जिसमें टोंटो ब्लॉक के सिरिंगसिया(18) एवं सगरकत्ता

(18) ग्राम के, 36 और खूंटपानी ब्लॉक के रोरो(20) ओर पेटापेटी(20) ग्राम के 40 , कुल 76 प्रशिक्षणार्थी ने भाग लिया। मुख्य प्रशिक्षक व सहायक प्रशिक्षकों ने मधुमक्खी पालन से संबंधित विभिन्न विषयों मुख्यतः मधुमक्खियों के रखरखाव, निर्वहन, मधुमक्खियों के भोज्य पदार्थ तथा मधुमक्खी पालन के लिए सुयोग्य वातावरण तथा कुछ सफल मधुपालक का परिचय व उनकी सफलता की कहानी बतायी गयी। मधुमक्खी पालन करने को प्रेरित किया गया साथ ही साथ मानसिक व बौद्धिक विकास को ध्यान में रखते हुए प्रशिक्षण के साथ-साथ मनोरंजन के लिए विभिन्न खेल भी कराया गया।

कक्षाओं के संचालन के लिए शिक्षकों को मिले निर्देश

रांची। रांची विश्वविद्यालय अंतर्गत आने वाले पीजी विभागों के डीन और विभागाध्यक्षों की बैठक शुक्रवार को कुलपति प्रो अजीत कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में कई बिंदुओं पर चर्चा हुई। साथ ही शिक्षकों को दिशा-निर्देश दिए गए। शिक्षकों को बताया गया कि पीजी नए सत्र (2022-24) की कक्षाओं की शुरूआत सात नवंबर से होनी है। इसके लिए टाइम टेबल विभाग को नोटिस बोर्ड और छात्रों के वाट्सएप ग्रुप में साझा करना है। बताया गया कि सभी फैक्लटी का एक रिर्सच संबंधित डाटाबेस तैयार करना है, जिसके लिए एक फॉर्मेट जल्द ही साझा किया जाएगा। निर्देश में कहा गया कि यूजीसी निर्धारित घंटी के अनुसार शिक्षक अपने विभाग में क्लास लेंगे। अंत में कुलपति ने नए सत्र के छात्रों का स्वागत और इंडक्शन प्रोग्राम का सुझाव दिया।

मुख्यमंत्री इडी को धमकाने के बजाय उसके सामने जाकर अपना पक्ष रखना चाहिए : रघुवर

नवीन मेल संवाददाता

रांची। इडी के सम्मन के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मुख्यमंत्री आवास के सामने जो कुछ कहा वो उनके डर, अहम और अहंकार को दर्शाता है। इसी तरह की हुंकार कभी लालू यादव बिहार में भरा करते थे। उनका क्या नतीजा हुआ, यह किसी से छिपा नहीं है। जब मुख्यमंत्री ने कोई गलत काम नहीं किया है, तो उन्हें डर किस बात की है। एक तरफ वो संवैधानिक संस्था इडी को सार्वजनिक रूप से धमका रहे हैं, दूसरी तरफ वो उसी संस्था से तीन सप्ताह का समय भी मांग रहे हैं।

जब-जब भ्रष्टाचार में लिप्त ऐसे नेताओं पर कानून का शिकंजा कसता है, तब वो संवैधानिक संस्थाओं को धमकाने का काम करते हैं। लेकिन मुख्यमंत्री हेमंत

सोरेन भूल रहे हैं कि हमारे देश में लोकतंत्र है, राजतंत्र नहीं। कानून को कानून की तरह काम करने देना चाहिए। बेहतर तो यही होता कि मुख्यमंत्री इडी को धमकाने के बजाय उसके सामने जाकर अपना पक्ष रखते। इसी तरह नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया गांधी और राहुल गांधी सहित पूरी कांग्रेस पार्टी हो हल्ला मचा रही थी। आखिरकार सोनिया गांधी और राहुल गांधी को कानून के सामने जाना ही पड़ा।

भाजपा कार्यकर्ताओं के संघर्ष की वजह से ही केंद्र सहित देश के कई राज्यों में आज भाजपा की सरकार है। झारखंड में कार्यरत अधिकारियों को निष्पक्ष होकर काम करने की जरूरत है। न पक्ष, न विपक्ष उन्हें निष्पक्ष होकर काम करना चाहिए। हेमंत सोरेन को अपना यह आक्रोश आदिवासी बच्चियों के साथ बलात्कार होने पर दिखाना चाहिए। तब वो मौन रहते हैं। खुद को भ्रष्टाचार पर कार्रवाई होने पर उन्हें आदिवासी समाज याद आता है। आदिवासी समाज का उत्थान विकास से होगा, न कि हेमंत सोरेन के भ्रष्टाचार से। भ्रष्टाचार से सोरेन परिवार का तो उत्थान हो सकता है, लेकिन आम आदिवासी को इससे कोई लाभ नहीं मिलनेवाला है।

मधुकर गंगाधर साहित्य का समग्र मूल्यांकन' किताब पर विचार गोष्ठी का आयोजन

दूरदर्शन केंद्र रांची के पूर्व निदेशक प्रमोद झा, वरिष्ठ साहित्यकार केदार कानन समेत कई लेखक रहे मौजूद

नवीन मेल संवाददाता

रांची। मधुकर गंगाधर पर केंद्रित पुस्तक मधुकर गंगाधर साहित्य का समग्र मूल्यांकन एक ऐसी महत्वपूर्ण पुस्तक है, जिसे पढ़ते हुए आलोचक डॉ. वरुण कुमार तिवारी के विशद अध्ययन, श्रम और आलोचकीय प्रतिभा कौशल से

साक्षात्कार होता है। यह बात उक्त पुस्तक पर आयोजित विचार गोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे दूरदर्शन केंद्र रांची के पूर्व निदेशक प्रमोद झा ने कही। रांची में शुक्रवार को आयोजित इस गोष्ठी में श्री झा ने कहा कि आलोचक ने मधुकर गंगाधर के साहित्य का समग्र मूल्यांकन करने के लिए काफी समय और श्रम खर्च किया है और अपनी स्थापना की पुष्टि के लिए काफी खोजबीन कर प्रमाण इकट्ठा किया है। वरिष्ठ साहित्यकार केदार कानन ने डॉ. तिवारी की आलोचकीय प्रतिभा की प्रशंसा करते हुए कहा कि डॉ. वरुण कुमार तिवारी उन थोड़े से आलोचकों में हैं, जो बिना किसी शोर-शराबे के चुपचाप साहित्यालोचना के कार्य में जुटे हुए हैं और मूल्यवान व उत्कृष्ट साहित्य का तटस्थता के संग मूल्यांकन करते रहते हैं। साहित्य की राजनीति और प्रकाशकों की दरबारी से दूर रहकर वह हिंदी साहित्य के हित सर्जनात्मक मूल्यांकन का बीड़ा उठाए हुए हैं। केदार कानन ने आगे बताया कि इस पुस्तक में डॉ. तिवारी ने मधुकर गंगाधर की तुलना प्रेमचंद से करते हुए कहा है कि प्रेमचंद की कहानी जहां यथार्थ का दर्पण हैं, वहीं मधुकर गंगाधर की कहानियां हथियार हैं। जहां कहीं भी समाज में शोषण, अत्याचार, उत्पीड़न, अन्याय है, वहां मधुकर गंगाधर की कहानियों के पात्र पुरजोर संघर्ष करते दिखाई देते हैं। कथाकार सुस्मिता पाठक ने कहा कि इस पुस्तक में आलोचक वरुण कुमार तिवारी ने उनके जीवन के विविध पहलुओं को भी रेखांकित किया है। हाई स्कूल से ही लेखन की दुनिया में कदम रखने वाले मधुकर गंगाधर जीवन के अंतिम समय तक निरंतर सृजनरत रहे। यही वजह है कि उनकी मृत्यु से कुछ ही समय पहले उनका अंतिम उपन्यास नीलकोठी वर्ष 2020 में प्रकाशित हुआ। हालांकि उनके जीवन में अनेक मोड़, अनेक आरोह-अवरोह रहे, लेकिन अपने जीवनानुभव से ऊर्जा लेकर साहित्य की दुनिया में उन्होंने अपनी मौलिक पहचान और राह बनाई।

श्री श्याम जयंती महोत्सव के अवसर पर खाटू नरेश के दरबार को विशेष रूप से सजाया गया

फूलों की सुगंध व भव्यता से भक्तजन भावविभोर हो रहे थे

नवीन मेल संवाददाता

रांची। श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा निर्मित व संचालित हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर शुक्रवार को फूलों के श्रृंगार बैलून की बहार और बिजली की लड़ियों रोशनी से जगमग जगमग कर रहा था। खाटू नरेश के जन्म उत्सव पर आज प्रातः से ही भक्तों की भीड़ हरमू रोड के श्याम मंदिर में उमड़ पड़ी। प्रातः पट खुलने के बाद से लगातार भक्तजन अपनी मुराद लेकर खाटू नरेश के चौखट पर मत्था टेक रहे थे। श्री श्याम जयंती महोत्सव के अवसर पर खाटू नरेश को विशेष वस्त्र (बागा) पहनाया गया। आरएस अग्रवाल व विशाल शर्मा ने वस्त्र सेवा निवेदित की कोलकाता बेंगलुरु से आए ऑर्किड के फूल डीप ब्लू सफेद पर्पल येलो कलर कारनेशन फूल के सफेद लाल येलो रानी पिंक व तुलसी दल की 71 मोटी मोटी मालाओं से खाटू नरेश का भव्य अनुपम दिव्य श्रृंगार झारखंड के प्रसिद्ध आचार्य श्री अनूप दाधीच व मंदिर के आचार्य श्री रिंकू तिवारी ने किया। मंदिर में विराजमान श्री हनुमान जी श्री शिव परिवार लड्डू गोपाल, शालिग्राम, गुरुजनों का लाल गुलाब के फूल मालाओं से दर्शनीय श्रृंगार किया गया। फूलों की सुगंध तथा भव्यता से भक्तजन भावविभोर हो रहे थे। श्री श्याम जयंती के अवसर पर इस वर्ष आर्किड कारनेशन लाल गुलाब वह तुलसीदल फूल का ही

प्रयोग किया गया। राजेश शर्मा बुद्धू ने गुलाब इत्र सेवानिवृत्त की। रबड़ी प्रसाद श्री अन्नपूर्णा सराओगी पंचमेवा श्री जयप्रकाश, सुनीता मित्तल प्रातः कालीन पंचमेवा राजेश वर्षा सिंह, बैलून श्रृंगार सर्वश्री दिनेश अग्रवाल, सुमेश गोयल, घी सुभाष, रौनक पोद्दार व मगही पान सेवा एक भक्त ने निवेदिता की। रात्रि 12:00 बजे बाबा के जन्म उत्सव समारोह का केक कटते ही उपलक्ष में ट्रेड फ्रेंड्स के कमल सिंघानिया द्वारा विशेष रूप से आतिशबाजी घंटो तक चलती रही। प्रातः से संपूर्ण दिवस रात्रि में लगभग 20,000 से ज्यादा भक्तों ने मंदिर पधार कर अपना मत्था टेका। उपरोक्त सभी जानकारी मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने दी।

श्री श्याम प्रभु के जन्म दिवस पर अन्नपूर्णा सेवा में 140 लोगों को भोजन कराया

रांची। रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा संचालित पहाड़ी मंदिर रोड में स्थित श्री लक्ष्मी वेंकटेश्वर अन्नपूर्णा सेवा में शुक्रवार को खाटू नरेश श्री श्याम महाप्रभु के जन्मदिन के अवसर पर श्री श्याम मंडल के द्वारा प्रायोजित था। इस अवसर श्री श्याम मंडल के सदस्यों ने श्री श्याम प्रभु की चित्र पर माल्यार्पण किया गया तथा अन्नपूर्णा भोजन का भोग लगाया गया। श्री श्याम प्रभु की जय कारा के अन्नपूर्णा सेवा में 140 लोगों ने भोजन प्राप्त किया। रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा संचालित पुरुलिया रोड स्थित स्वर्ण भूमि अन्नपूर्णा सेवा में 160 लोगों ने भोजन प्राप्त किया।

इस अवसर पर रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल ने कहा की माता अन्नपूर्णा लोगों को इसी प्रकार सेवा करने की प्रेरणा प्रदान करें और प्रभु की कृपा सदैव इनके परिवार पर बनी रहे। उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए अन्नपूर्णा सेवा निरंतर चलती रहेगी। इस अवसर पर प्रमोद अग्रवाल, पुरुषोत्तम विजयवर्गीय, प्रदीप नारसरिया, द्वारका अग्रवाल, अंजनी बुधिया, संजय सर्राफ, सहित कई लोग उपस्थित थे। रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के मंत्री ललित कुमार पोद्दार एवं प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया है कि दोनों अन्नपूर्णा सेवा स्व० सत्यनारायण नारसरिया एवं स्व० शारदा देवी नारसरिया की स्मृति में रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के द्वारा संचालित है। उन्होंने श्री श्याम प्रभु के जन्मदिवस पर सभी भक्तों एवं दानदाताओं को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

सेवा सदन में रक्त से संबंधित सभी बीमारियों का होगा इलाज : डॉ. अभिषेक रंजन

नवीन मेल संवाददाता

रांची। नागरमल मोदी सेवा सदन में क्लीनिकल हेमाटोलॉजी विभाग आरम्भ हो रहा है। डॉ. अभिषेक रंजन डीएम क्लीनिकल हेमाटोलॉजी इस अस्पताल में अपना योगदान दे रहे हैं। झारखंड में पहली बार यह विभाग खुल रहा है जिसमें रक्त एवं रक्त से संबंधित सभी तरह की बीमारियों का इलाज एवं जांच की जायेगी। डॉ. रंजन अपना डीएम क्लीनिकल हेमाटोलॉजी की पढ़ाई मद्रास मेडिकल कॉलेज, चेन्नई एवं एमडी, ग्रांट मेडिकल कॉलेज, मुंबई से किया है। उन्होंने रक्त के सभी ह्यूमन एवं कैंसर से संबंधित बीमारियों (रक्ताल्पता, थैलेसीमिया, रोग कोशिका रक्ताल्पता स्व-प्रतिरक्षित रक्तलायी रक्ताल्पता, थ्रोम्बोसाइटोपेनिया, अप्लास्टिक रक्ताल्पता इत्यादि) का इलाज में

> ◆झारखंड में पहली बार यह विभाग खुल रहा है जिसमें रक्त एवं रक्त से संबंधित सभी तरह की बीमारियों का इलाज एवं जांच की जायेगी।

प्रशिक्षण प्राप्त किया है। यहां ब्लड कैंसर से संबंधित बीमारी जैसे- माइलोडायस्पास्टिक सिंड्रोम, एक्यूट मायलोइड ल्यूकेमिया, एक्यूट लिम्फोप्लासाइट ल्यूकेमिया, मल्टीपल मायलोमा, मायलोप्रोलिफेरेटिव नियोप्लाज्म जैसे क्रोनिक मायलोइड ल्यूकेमिया, पॉलीसिथेमिया वेरा एनएफ सीएलएल, नॉन हॉजकिंस और हॉजकिंस लिम्फोमास इत्यादि ब्लड कैंसर का इलाज किया जायेगा। डॉ. अभिषेक रंजन ने बोन मैरो प्रत्यारोपण में भी प्रशिक्षण प्राप्त किया है। क्लीनिकल हेमाटोलॉजी विभाग में बोन मैरो एवं आणविक परीक्षण की सुविधा रहेगी जिससे कि बीमारी का सटीक डायग्नोसिस एवं इलाज हो सके। झारखंड राज्य के आदिवासी क्षेत्रों में रक्त संबंधी बीमारी जैसे कि थैलेसीमिया एवं सिकल सेल एनीमिया बहुत सामान्य है। सही जानकारी नहीं होने के कारण परिवार की कई बच्चे इससे प्रभावित हो जाते हैं तथा समय पर ईलाज एवं रक्त आधान के अभाव में असमय मृत्यु होती है। नागरमल मोदी सेवा सदन में बल्ड कैंसर का इलाज पहली बार शुरू किया गया है। ब्लड कैंसर का इलाज के लिए लोग राज्य से बाहर जाते हैं जिसमें 10-20 लाख खर्च होते हैं। डॉ. अभिषेक रंजन के द्वारा वर्तमान में तीन ब्लड कैंसर के मरीजों का इलाज सदन में किया जा रहा है। सदन में अन्य दो ब्लड कैंसर के गम्भीर मरीजों का भर्ती कर कीमोथेरपी द्वारा इलाज किया जा रहा है। सेवा सदन अस्पताल द्वारा प्रयास किया जा रहा है कि आयुष्मान योजना के तहत ब्लड कैंसर एवं अन्य रुधिर संबंधी विकार के मरीजों का इलाज किया जा सके। वर्तमान में सदन में डॉ. अभिषेक रंजन द्वारा लगभग आयुष्मान योजना के दर में ही ब्लड कैंसर का इलाज किया जा रहा है। सदन द्वारा प्रयास है कि झारखंड सरकार की मिली-जुली मदद से ब्लड संबंधित सारी बिमारियां जैसे रक्ताल्पता, थैलेसीमिया, रोग कोशिका रक्ताल्पता, हीमोफिलिया, ब्लड कैंसर इत्यादि का इलाज सदन में किया जा सके।

प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन का अष्टम अधिवेशन 12- 13 नवंबर को मारवाड़ी भवन में

नवीन मेल संवाददाता

रांची। झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन का अष्टम प्रांतीय अधिवेशन रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के आतिथ्य में 12-13 नवंबर को रांची हरमू रोड स्थित मारवाड़ी भवन में होने जा रहा है। इस अधिवेशन की सफलता हेतु प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन की अधिवेशन स्वागत समिति की एक बैठक मारवाड़ी भवन मे मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय अध्यक्ष ओम प्रकाश अग्रवाल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में अधिवेशन स्वागत समिति के स्वागताध्यक्ष पूर्व सांसद महेश पोद्दार ने इस अधिवेशन के लिए गठित स्वागत समिति के सदस्यों को संबोधन करते हुए कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि 12-13 नवंबर को मारवाड़ी भवन में आयोजित दो दिवसीय प्रांतीय अधिवेशन मे झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के नवनिर्वाचित प्रांतीय अध्यक्ष बसंत कुमार मित्तल शपथ- ग्रहण करेंगे। इस अधिवेशन में देश के विभिन्न राज्यों से मारवाड़ी सम्मेलन के प्रतिनिधि तथा झारखंड राज्य से सभी जिलों से प्रतिनिधि भाग लेंगे। कार्यालय विभाग, निबंधन एवं कीट

विभाग, अतिथि सत्कार व यातायात व्यवस्था, चिकित्सा विभाग, आवास विभाग, प्रशासनिक विभाग, प्रचार- प्रसार विभाग, महिला समिति विभाग बनाए गए हैं जिसमें करीब 108 लोगों को विभिन्न सभी विभागों मे जिम्मेवारी दी गई है। तथा स्वागत समिति की बैठक मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय कार्यालय मारवाड़ी भवन में शाम 6 बजे से 8 बजे तक अधिवेशन तक रोजाना होगी। बैठक में ओम प्रकाश अग्रवाल, नवनिर्वाचित प्रांतीय अध्यक्ष बसंत कुमार मित्तल, पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विनय सरावगी, रांची जिला अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल, पवन शर्मा, ललित कुमार पोद्दार ने भी संबोधन करते सभी से नई गति, नई दिशा, नई संकल्पों के साथ अधिवेशन को सफल बनाने हेतु जोर- शोर से लगने की अपील की।

न्यूज गैलरी

कुडू में पायोनियर कम्पनी द्वारा मनाया गया फसल प्रदर्शनी दिवस

लोहरदगा। कोटेवा एग्री साइंस कंपनी के द्वारा ग्राम लवागाई कुडू में पायोनियर कम्पनी द्वारा फसल प्रदर्शनी दिवस मनाया गया जिसमे लोहरदगा जिला के अधिकारी बृजेश त्रिवेदी के द्वारा पायनियर 27पी37 दो नम्बर खेत पर सबसे अधिक उपज दिया ग्राम लवागाई के किसान का कहना है कि 27पी 37 धान का दस बाली और अन्य धान का दस बाली का वजन किया गया। जिसमे पायनियर 27पी 37 का धान अन्य धान से 5 किवटल से ज्यादा उपज दिया। प्रति एकड़ 5000 से 6000 रुपए से ज्यादा मुनाफा कमा सकते हैं। ग्राम लवागाई में किसानों द्वारा ढोल नगारा के साथ पायनियर 27पी37 हर हाल बेमिसाल जिसने किया हर मैदान फतेह नारा लगाये। ब्रजेश द्धवेदी के द्वारा पायनियर 27पी37 अधिक उपज पाने वाले किसान को गमछा सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। कुडू प्रखण्ड के एमडीआर संजय प्रसाद, साबीर अन्सारी के द्वारा धान फसल के बारे जानकारी दिए। ग्राम लवागाई के किसान सिमोन कुजूर, कर्मा उरांव ,सहदेव महली, लथरु महली, ,सुकरी उरांव, पवन टोप्पो उपस्थित थे।

जलडेगा में शिक्षकों ने चार सूत्री मांगों को लेकर काला बिल्ला लगाकर किया कार्य

जलडेगा। अपने चार सूत्री मांगों को लेकर अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ प्रदेश स्तर के आह्वान पर जलडेगा प्रखंड के तमाम सरकारी शिक्षक शुक्रवार को काला बिल्ला लगाकर अपने कार्य का निर्वहन किया। इस संबंध में अजप्ता के प्रखंड अध्यक्ष वासुदेव प्रसाद ने बताया कि अपने मांग के प्रति सरकार के उदासीन रवैए से क्षुब्ध होकर प्रदेश स्तर के द्वारा 4 और 5 नवंबर को पूरे प्रदेश के शिक्षक काला बिल्ला लगाकर कार्य कर रहे हैं। जलडेगा प्रखंड के अजप्ता के सभी सदस्य आज काला बिल्ला लगाकर कार्य किया और 5 नवंबर को भी करेंगे। इस अवसर पर मुख्य रूप से वासुदेव प्रसाद,फुलेन्द्र कुमार साहू,फुलेन्द्र महतो, राजीव मिश्रा, धनेश्वर यादव, आनंद कुमार, सुभाष कुमार साहू, अमृता कुमारी,बानेश्वर महतो, मधुसूदन महतो, अविनाश कुमार सौरभ, विकास कुमार,सेलेस्टिना डांग, सुनीता बाखला, नेहा यादव, ज्योति कुमारी, डोला सिन्हा, गीता कुमारी, अमित कुमार दास, दिनेश मांझी,प्यारा एक्का मनोज कुमार गुप्ता, अमित कुमार, नेसार अहमद, रहमली अंसारी, शमीम अंसारी सहित सभी शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

बाइक से गिरकर वृद्ध महिला घायल

सिमडेगा। सिमडेगा कुरडेग मार्ग पूरनापानी के समीप शुक्रवार को दोपहर 2:00 बजे के करीब मोटरसाइकिल से गिरकर वृद्ध महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से 108 एंबुलेंस की मदद से वृद्ध महिला को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया गया जहां पर उसकी इलाज चल रही है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सेवई बिरकेरा निवासी 76 वर्षीय तारसीसिया केरकेट्टा नामक वृद्ध महिला अपने पोते के साथ मोटरसाइकिल से सिमडेगा से अपने घर जा रही थी। इसी दौरान मोटरसाइकिल में उसकी साड़ी फंस गई और इसी बीच नियंत्रण खोकर गिर पड़ी गिरने के बाद माथे हाथ पैर आधे हिस्से में गंभीर चोट लगी जिसकी इलाज सदर अस्पताल में चल रही है।

मजदूर नेता राजेश सिंह ने कुटुंगिया के अनई गांव में किया कंबल वितरण

जलडेगा। प्रखंड के कुटुंगिया पंचायत अंतर्गत अनई गांव में मजदूर नेता राजेश सिंह ने शुक्रवार को गरीब असहाय वृद्धजनों के बीच कंबल का वितरण किया ।इस मौके पर उन्होंने गांव के गुण 55 लोगों के बीच कंबल वितरण किया मौके पर उन्होंने कहा जिले में धीरे-धीरे लगातार कड़ाके की ठंड बढ़ रही है। ऐसे में जनजीवन प्रभावित है और लोगों को ठंड से बचने के लिए यह कदम उठाया गया। उन्होंने कहा कि जिले के अलग-अलग हिस्से में भी चिन्हित करते हुए लोगों के बीच कंबल मुहैया कराई जाएगी ताकि कोई भी गरीब ठंड से प्रभावित ना इस मौके पर कमल पाकर मजदूर नेता का लोगों ने आभार व्यक्त किया।

कुरडेग में काला बिल्ला लगाकर शिक्षकों ने किया शिक्षण कार्य

कुरडेग। अखिल झारखण्ड प्राथमिक शिक्षक संघ के आहवान पर प्रदेश के प्राथमिक और मध्य बिद्यालय के शिक्षक 4--5 नवम्बर को काला बिल्ला लगाकर शिक्षण का काम करेंगे इसी क्रम में आज शुक्रवार को कुरडेग प्रखण्ड के शिक्षकों ने काला बिल्ला लगाकर शिक्षण का कार्य किया ।प्रखण्ड स्तर पर आन्दोलन का नेतृत्व करते हुए संस्थापक सदस्य श्रवण कुमार बड़ाईक एवं प्रखण्ड अध्यक्ष अमित एमन टेटे कार्यक्रम के चरण बद्ध आंदोलन के बारे बताया कि 4--5 नवम्बर को काला विल्ला लगाकर विधालय में शांतिपुर्वक कार्य करते हुए बिरोध किया जाएगा 7-12 नवम्बर के बीच बिधायक , जिला परिषद , प्रखण्ड प्रमुख सहित अन्य जन प्रतिनिधियों को मुख्यमन्त्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा 19 नवम्बर को राजधानी राँची में मुख्य मंत्री आवास के समक्ष धरना प्रदर्शन किया जाएगा वहीं मांगे नही मानने की स्थिति में 17 दिसम्बर 22 से मुख्य मंत्री आवास के समक्ष अनिश्चित कालीन अनशन पर बैठा जाएगा वहीं उन्होने मुख्य मांगों के बारे में बताया कि हमारी मुख्य मांगें शिक्षकों के लिए संशोधित सुनिश्चित वृति उन्नयन योजना की स्वीकृति, दिनांक 1-1-2006 से पुर्व नियुक्त शिक्षकों के छठे वेतन मान के आरंभिक वेतन बिसंगति का निराकरण, शिक्षको का अन्तर जिला स्थानांतरण नियमावली में संशोधन करना और शिक्षकों को अत्यधिक लिपिकीय एवं गैर शैक्षणिक कार्यो से मुक्त रखना। मौके पर इन्दुमति टोप्पो, ममता गुप्ता, दिनेश महतो, अक्षय सांरगी, नीरज कुमार, अनिल राम मौजूद रहे।

विश्व सेवा परिषद के तत्वावधान में एक दिवसीय कराटे बैल्ट एग्जाम का आयोजन

बेड़ो। विश्वा सेवा परिषद के तत्वाधान में शुक्रवार को बेड़ो के महादानी मैदान में एक दिवसीय कराटे बैल्ट एग्जाम का आयोजन किया गया ।कराटे बैल्ट एग्जाम में बेड़ो के कई स्कूल के बच्चे भाग लिए। जहां स्कुल के बच्चों ने बहुत ही अच्छा प्रदर्शन कर कराटे बैल्ट परीक्षा में भाग लिया वही प्रमोशन के हिस्सेदार में शामिल हुए। कराटे बैल्ट एग्जाम में मुख्य अतिथि के रूप में डीपीएस स्कूल के डायरेक्टर दीपम बनर्जी, डीएवी विवेकानंद के डायरेक्टर कैलाश महतो, आदर्श विद्या मंदिर के डायरेक्टर अभिजीत महतो, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के टीचर राखी के देख रेख में संपूर्ण कार्यक्रम कराया गया। जहां एग्जाम में डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल, स्वर्ण डीपीएस स्कूल, आदर्श विद्या मंदिर, विद्या निकेतन, संत लॉरेंस पब्लिक स्कूल चट्टी, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के बच्चों ने शामिल हुए। कार्यक्रम का आयोजन वॉइस चेयरमैन ऑफ विश्व सेवा परिषद के राज कुपर, एग्जाम टेक्निकल डायरेक्टर ऑफ मिक्स मार्शल आर्ट एस के शाह व नकुल के द्वारा किया गया।

विधायक ने विद्यालय का निरीक्षण कर मध्याह्न भोजन के गुणवत्ता की जांच की

जनकल्याण का उद्देश्य ही मेरा लक्ष्य है : विधायक

नवीन मेल संवाददाता

बेड़ो। मैं उस वक्त तक सुकून से नहीं सो सकती जब तक क्षेत्र के हर एक जरूरत मंद व्यक्ति को सरकार के कल्याणकारी योजनाओं से ना जोड़ लूं। उक्त बातें बेड़ो प्रखंड के जरिया पंचायत में शुक्रवार को आपकी योजना, आप की सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के रुप में पहुंची मांडर की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कही। इधर कार्यक्रम में प्रखंड प्रमुख विनीता कच्छप, प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ प्रवीण कुमार, अंचल अधिकारी सुमंत तिर्की समेत कई उपस्थित थे। इधर कार्यक्रम के दौरान विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कार्यक्रम में पहुंचे ग्रामीणों को कहा कि कहा जन कल्याण का उद्देश्य ही मेरा लक्ष्य है। इसी उद्देश्य के लिए मेरे बाबा बंधु तिर्की ने अपना जीवन समर्पित कर

दिया है। आम जन कल्याण की जिस उद्देश्य को लेकर इस कार्यक्रम का आयोजन पूरे राज्य में किया जा रहा है आप की सरकार हर व्यक्ति को योजनाओं से लाभान्वित करना चाहती है, यही हमारी प्राथमिकता और उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि बेड़ो प्रखंड में अब तक आयोजित इस कार्यक्रम के तहत 13 हजार आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिसमें से 11000 आवेदन का निष्पादन किया जाना प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी सहित सबकी सराहनीय प्रयास इनकी ईमानदारी, लगन और मेहनत का प्रतीक है। मौके पर वरीय पदाधिकारी श्वेता भारती अंचलाधिकारी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, सीडीपीओ नायाब जेबा ने संबंधित विभाग के विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक, प्रमुख सहित अन्य अतिथियों ने फीता काटकर व दीप प्रज्वलित कर किया।

लोगों ने अपनी समस्याओं को लेकर दिया आवेदन

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याएं और आवश्यकता लिए यहां स्थापित किए गए विभिन्न स्टालों में आवेदन दिए। जहां कई आवेदनों का तत्काल निष्पादन किया गया। कार्यक्रम का संचालन कृषि पदाधिकारी कलिंदर साहू ने किया। इस अवसर पर प्रखंड कांग्रेस के अध्यक्ष प्रोफेसर करमा उरांव, पंचायत के मुखिया कुंवारी खलखो, पंचायत समिति सदस्य विशु उरांव, पशुपालन पदाधिकारी संजय उरांव, उप मुखिया बिरसा उरांव, उदय मिंज, मो०आलम, भीम साहू, सभी वार्ड सदस्य , ग्राम प्रधान, प्रखंड एवं अंचल कर्मी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। इधर कार्यक्रम के बाद विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने प्रखंड प्रशासन के साथ पहुंचकर जरिया स्थित स्थानीय विद्यालय में पहुंचकर निरीक्षण किया जहां उन्होंने मध्यान भोजन का गुणवत्ता जांच करने हेतु बच्चों के साथ में बैठकर मध्यान भोजन का दाल चावल और सब्जी खाया। मध्यान भोजन खाने के बाद विधायक सेल्फी नेहा तिर्की ने स्कूल में बच्चों को दिए जा रहे मध्यान भोजन की चावल, दाल सब्जी में गुणवत्ता पाकर संतोष व्यक्त किया।

दक्षिणी कोयल नदी के तट पर देव दीपावली का आयोजन सात को

नवीन मेल संवाददाता

बसिया। आगामी सात नवंबर को बसिया के दक्षिणी कोयल नदी के तट पर इस वर्ष भी देव दिपावली का आयोजन किया जाएगा। पूरे क्षेत्र के लिए यह अपने आप में एक बड़ा आयोजन माना जाता है। इस वर्ष आयोजन में जुटने वाली भीड़ को देखते हुए स्थानीय प्रशासन के द्वारा आज नदी के घाट का गहन निरीक्षण किया गया। इस तथ्य की पुष्टि करते हुए प्रखण्ड विकास पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता ने बताया कि आयोजन कताओं के द्वारा इस अवसर पर जगराता का कार्यक्रम रखा गया है। इन तमाम कार्यक्रमों की रूपरेखा तब बनाई गई है जब इस वर्ष नदी में जलस्तर बढ़ा हुआ है और पानी की धारा भी अप्रत्याशित रूप से तेज है। ऐसे में इन तमाम तथ्यों के आलोक में प्रशासन के समक्ष नदी के तेज बहाव के कारण जनसुरक्षा का मामला संज्ञान में है। ऐसे में आज नदी के तेज बहाव को देखते हुए तट के किनारे से बेरिकेटिंग करने का निर्णय लिया गया है। इतना ही नहीं बल्कि संभावित भीड़ को नियंत्रण में रखने के लिए सरहुल मैदान और उसके आस पास के खाली जगह पर आनेवाली गाडियों के पार्किंग की व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया है। इसी तरह नदी की ओर आने वाले पहुंच पथ को सील करने का निर्देश भी दिया गया है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि नदी तट तक सिर्फ पैदल जाने की छूट दी जाएगी। आज प्रखंड प्रशासन के निरीक्षण के दौरान आयोजन मंडली के प्रतिनिधि अंजनी मिश्रा ने बताया कि तमाम अवरोधों के बावजूद उनके द्वारा प्रशासन के निदेर्शों का सख्ती से पालन करने का भरोसा दिया गया है।

संदेहास्पद स्थिति में नाबालिग की मौत मामले में हिंदू जागरण मंच ने शोक सभा किया का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

बानो। प्रखंड के रायकेरा गांव में हिंदू जागरण मंच के तत्वावधान में शोक सभा का आयोजन किया गया। दिनांक 31 अक्टूबर 2022 सोमवार को चाटुओडा गांव की एक नाबालिग लड़की का अपहरण कर सामूहिक दुष्कर्म करने के बाद निर्मम हत्या कर का आरोप था उसी की स्मृति में यह शोक सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में काफी संख्या में महिला-पुरुष उपस्थित हुए। जागरण मंच के प्रदेश मंत्री शिव शरण सिंह ने कहा कि हिंदुओं पर अत्याचार चरम पर है सरकार हमारी सुरक्षा नहीं कर सकती है। हिंदू बेटी बहनों की सुरक्षा हिंदुओं के हाथ में है। पूरे हिंदुस्तान में जिहादियों के द्वारा बेटी बहनों की निर्मम हत्या की जा रही है।अपराधियों के द्वारा ऐसे अपराध करके हिंदुओं का खून खौलाया जा रहा है। प्रशासन को इस पर लगाम लगाना चाहिए। शोक सभा में उपस्थित

समाजसेवी गुरुदत्त प्रसाद सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष ओमीन सिंह, बाबा दुर्योधन दास, मदन सिंह, दिनेश्वर देहरी, राजेंद्र, रामकिशोर, कृष्णा, मोहन, गौतम, योगेंद्र, लखन के अतिरिक्त कई जवानों ने सभा को संबोधित किया और कहा कि सभी लोग सतर्क रहें, सजग रहें और किसी भी अनजान लोगों से किसी भी प्रकार का लेनदेन नहीं करें। इसके विरुद्ध जो व्यक्ति काम करेगा और उसके साथ कोई ऐसी घटना घटती है तो वह स्वयं उसका जिम्मेवार होगा।

सेवानिवृत्ति के बाद गांव पहुंचे बीएसएफ के सब इंस्पेक्टर का किया भव्य स्वागत

नवीन मेल संवाददाता

बेड़ो। बेड़ो प्रखंड के लमकाना गांव में जन्में बीएसएफ के सब इंस्पेक्टर तेतरु उरांव का शुक्रवार को सेवानिवृत्ति के बाद घर लौटेने पर ग्रामीणों ने उनका फूलमालाओं से भव्य तरीका के अभिनंदन कर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इन दिनों सब इंस्पेक्टर तेतरु उरांव जम्मू कश्मीर में तैनात थे। जहां से वे सेवानिवृत्त हुए। बेड़ो पहुँचने पर ग्रामीणों ने एक सम्मान समारोह आयोजित करके तेतरु उरांव का अभिनंदन किया। जहां बीएसएफ से सेवानिवृत्त होने के बाद बेड़ो पहुंचे जवान का बाजे-गाजे के साथ खुली जीप में जुलूस निकाला गया। लोगों ने फूलों की वर्षा करते हुए जवान के प्रति आभार प्रकट किया। सब इंस्पेक्टर से मिलने व देखने के लिए लोग घर से बाहर निकले और फूल माला से स्वागत किया। वही तेतरु उरांव ने भी अपने गृह ग्राम में मिले प्रेम व आदर को हाथ जोड़कर स्वीकार किया। तेतरु उरांव ने बताया कि वे 36 साल देश के अलग-अलग राज्यों की सीमाओं पर तैनात रहते हुए कठिन परिस्थितियों में देश की सेवा की। उन्होंने कहा युवा पीढ़ी के प्रेरणा स्त्रोत बनकर अब युवाओं को देश की सेवा में जाने के लिए मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। मौके पर परिजनों में पत्नी जांबिया देवी, साली परनो उरांव, पुत्री कमला बाड़ा, मनीषा बाड़ा, पुत्र कमलजीत बाड़ा ने उनकी आरती उतार कर स्वागत करते हुए आशीर्वाद लिया। वही समारोह को सफल बनाने में देवनिष तिग्गा, पार्थो प्रतिमा दास गुप्ता, संजय रॉय समेत दर्जनों ग्रामीणों बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

अपनी मांगों को लेकर बेड़ों में शिक्षकों ने काला फीता लगाकर किया कार्य

नवीन मेल संवाददाता

बेड़ो। अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ झारखंड प्रदेश के आह्वाहन पर पूरे प्रदेश के साथ साथ बेड़ो प्रखंड के भी प्रारंभिक शिक्षकों ने अपनी मांगों में शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्य से मुक्त करने, एमसीपी का लाभ शिक्षकों को भी देने, वेतन की विसंगति दूर करने तथा स्थानांतरण की प्रक्रिया सरल करने की माँग को लेकर आंदोलन के प्रथम चरण में शुक्रवार को काला फीता लगा दैनिक कार्य किया। इधर संघ के पदाधिकारी बिजेंद्र चौबे ने कहा कि आंदोलन के अगले चरण मे दिनांक सात से बारह नवंबर तक जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन देने, उन्नीस नवंबर को मुख्यमंत्री आवास का घेराव तथा सत्रह दिसम्बर से बेमियादी अनशन किये जाने की बात कही।

बेड़ो प्रखंड में अपने इस आंदोलन को सफल बनाने में सुसारी टोपनो, संजय चौरसिया, कृष्ण झा, मो आलम, रेखा रानी, पूनम टोप्पो, नीलम सिंह, राजीव, मनोज यादव, सत्यप्रकाश, जब्बार, कृष्णा गोप, रंजू कुमारी, आश्रीता, अबीला तिर्की, सुनीता पस्कालिया, स्टीफेन टोप्पो आदि ने अहम भूमिका निभाई।

जनाक्रोश धरना प्रदर्शन के माध्यम से भाजपा दिखायेगी सरकार को आईना : लक्ष्मण बड़ाईक

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। भारतीय जनता पार्टी सिमडेगा नगर कार्य समिति की बैठक जिला कार्यालय स्थित है नगर अध्यक्ष सतनारायण प्रसाद के अध्यक्षता में एक आवश्यक बैठक किया गया .इस बैठक में भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश के द्वारा तय किए गए दिनांक 10 नवंबर 2022 स्थान प्रखंड कार्यालय के सामने समय 11:00 से 2:00 तक जनाक्रोश धरना प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए विचार विमर्श एवं रणनीति तय किया गया 10 नवंबर 2022 दिन बृहस्पतिवार को बीरू मंडल अध्यक्ष घनश्याम सिंह सेवई मंडल अध्यक्ष देवकी नंदन साय नगर अध्यक्ष सतनारायण प्रसाद के नेतृत्व में यह धरना प्रदर्शन कार्यक्रम को सफलतापूर्वक करने का निर्णय लिया गया है। सभी वार्ड एवं बीरू मंडल एवं

सेवा मंडल के सभी पंचायत के सभी कार्यकताओं से संपर्क कर भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकर्ता और समर्थकों को उस धरना प्रदर्शन सम्मिलित कर राज्य सरकार के जनविरोधी नीति एवं राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर धरना प्रदर्शन के माध्यम से राज्य सरकार का विरोध किया जाएगा एवं राज्य की आम जनता को बताया जाएगा कि राज्य सरकार कैसे राज्य की जनता को बेवकूफ बना रही है इस राज्य को कैसे राज्य की जनता के आंख में धूल झोंक कर राज्य को कैसे लूट रही है कैसे राज्य में विधि व्यवस्था खराब है चाहे वह शिक्षा व स्वास्थ्य चिकित्सा हो हर जगह लोग त्राहि-त्राहि कर रहे हैं ।इन सभी बातों को जनता के बीच में पहुंचाना है और जनता को बताना है इन्हीं सब मुद्दों को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन को सफलतापूर्वक करने के लिए इस बैठक में रणनीति तय किया गया इस बैठक में मुख्य रूप से पार्टी के जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक महामंत्री दीपक पुरी ,मंत्री तुलसी कुमार साहू, कोषाध्यक्ष अनूप प्रसाद, पिंकी रानी घनश्याम सिंह, राजेंद्र बड़ाईक ,अशोक रजक, जयंती देवी, कमला कुमारी, रोनी कुमारी ,शिखा अग्रवाल ,फुल सुंदरी देवी, दीपक साहू, तरुण बड़ाईक इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

करमुंडा कैलाश धाम में अखंड कीर्तन के साथ दो दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान शुरू

नवीन मेल संवाददाता

ठेठईटांगर। प्रखण्ड अंतर्गत कोरोमियां पंचायत के करामुंडा कैलाश धाम में दो दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम शुक्रवार को सुबह 10.40 बजे से अखण्ड हरि कीर्तन के साथ अनुष्ठान शुरू हुआ। इस मौके पर कैलाश धाम में स्थायी रूप से अवस्थित वरुण प्रधान गणेशजी, अष्टम माता, काली स्थल में माता, शिव का दर्शन एवं पूजन श्रद्धालुओं द्वारा भी किया जा रहा है। अखण्ड हरि कीर्तन में काफी संख्या में कीर्तन मंडली शामिल हुवे। साथ ही बताया गया कि उड़ीसा राज्य से भी काफी संख्या में पहुंच कर कीर्तन मण्डली में शामिल हुवे साथ ही बताया जा रहा है कि भारी संख्या में श्रद्धलुओं का आगमन हो रहा है। शनिवार को सुबह 10.40 बजे हवन एवं भव्य भंडारा के साथ अखण्ड कीर्तन का समापन किया जाएगा। कमिटी द्वारा

जानकारी दिया गया की शनिवार को रात्रि में नागपुरी कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा जिसमें काफी संख्या में कलाकार आ रहें हैं। पुजारी नारायण सिंह एवं सुखदेव सिंह द्वारा पूजा किया जा रहा है।अखण्ड हरिकीर्तन को सफल बनाने में कमिटी अध्यक्ष रामप्रसाद बेहरा, सचिव जुगेशचंद्र सेनापति, कमिटी के सदस्य जितेन्द्र बेहरा, मोतीराम बेहरा, लालू लोहार, रैन प्रसाद सिंह, भरत बेहरा, गनपत बेहरा, रंजीत बेहरा, प्रकाश बेहरा, लोकनाथ सिंह आदि का योगदान है।

भ्रष्टाचार के विरोध में भाजपा का धरना प्रदर्शन 10 को

बेड़ो। बेड़ो प्रखंड में आगामी दस नवंबर गुरुवार को भाजपा के द्वारा प्रखंड में झारखंड सरकार के विरोध भ्रष्टाचार के खिलाफ धरना प्रदर्शन का कार्यक्रम की तैयारी को लेकर शुक्रवार को सरस्वती शिशु मंदिर में बैठक की गई। जहां भाजपा प्रदेश सदस्य व प्रभारी राजीव रंजन अधिकारी ने विचार विमर्श के बाद सभी कार्यकताओं को रणनीति के तहत दिशा निर्देश दिया। मौके पर बेड़ो मंडल अध्यक्ष, नरकोपी मंडल अध्यक्ष सुखदेव कच्छप, महामंत्री बलराम सिंह, राजेश साहू, जिला एसटी मोर्चा उपाध्यक्ष भीखा उरांव, महामंत्री नीरज कुजुर, सांसद प्रतिनिधि राकेश भगत, अरुण प्रसाद गुप्ता, धनेश्वर राम, बिरसा उरांव, मनोज साहू, मोती प्रसाद गुप्ता, कमलेश महतो, संदीप साहू, पारसनाथ समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

लापुंग के उग्रवाद प्रभावित गांव में पहुंची सरकार

ऑन-द-स्पॉट 169 मामलों का हुआ निष्पादन

नवीन मेल संवाददाता

लापुंग। लापुंग प्रखण्ड के उग्रवाद प्रभावित हुलसू पंचायत सचिवालय में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों के 169 मामलों का ऑनस्पॉट निष्पादन किया गया। वहीं अलग-अलग विभागों के 1675 लाभुकों ने आवेदन दिया। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी इमानुएल जयवीरस लकड़ा, अंचलाधिकारी अविनाश पूर्णेन्दु , जिला परिषद सदस्य हिंदिया टोप्पो तथा प्रखंड प्रमुख कंचन उरांव, मुखिया मनोज मनबहाल होरो ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। जिला परिषद सदस्य हिंदिया टोप्पो और प्रखंड प्रमुख कंचन उरांव सहित प्रखंड विकास पदाधिकारी इमानुएल जयवीरस लकड़ा, अंचलाधिकारी अविनाश

पूर्णेन्दु , सीडीपीओ पूजा कुमारी, मुखिया मनोज मनबहाल होरो तथा पंचायत समिति सदस्य सुनीता होरो सहित उप मुखिया अरविंद सिंह ने लोगों को अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस मौके पर सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना को लेकर 227 बालिकाओं ने आवेदन दिया, 16 ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री आवास के लिए आवेदन दिया। ई-श्रम पोर्टल में 182 नया पंजीकरण किया गया। जाति प्रमाण पत्र से संबंधित 57 लोगों ने आवेदन किया, नए हैंडपंप के लिए 5 लोगों का आवेदन प्राप्त हुआ वही सात लोगों ने हैंडपंप मरम्मत के लिए आवेदन दिया। सोना सोबरन धोती साड़ी योजना के लिए 328 गरीब लोगों का चयन किया गया जिनमें से 66 लोगों के बीच धोती साड़ी का वितरण किया गया। 202 वृद्ध वृद्धाओं में से 48 बुजुर्गों के बीच कंबल का वितरण किया गया। मनरेगा के नए कार्य के आबंटन के लिए 82 आवेदन प्राप्त किया गया। 18 लोगों ने नए जॉब कार्ड के लिए आवेदन दिया। 28 लोगों ने किसान क्रेडिट कार्ड के लिए आवेदन दिया। अनेक योजना लाभुकों को स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। वहीं इस मौके पर उप मुखिया और समाजसेवी अरविंद सिंह उर्फ भूलन सिंह, पंचायत समिति सदस्य सुनीता होरो, प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी विजय रंजन तिर्की, मनरेगा के बीपीओ मो. इम्तियाज, अभय खलखो, पंचायत सेवक जगरनाथ मुंडा, कनीय अभियंता साकेत गिरी, रोजगार सेवक गंदुरा उरांव, विष्णु प्रसाद, बसंत साहु, बीएफटी सत्यनारायण सिंह, गोपाल बडाईक, प्रधानमंत्री आवास योजना के समन्वयक ऋषि नंदन, पेयजल स्वच्छता विभाग से आकाश कुमार, 15 वे वित्त की अनीमा बारला, समाजसेवी राहुल कुमार कमल साहू रामचंद्र गोप नंदकिशोर सिंह सहित सुजीत कुमार आदि मौजूद थे।

ग्रामीणों के बीच हाथी भगाने के लिए राहत सामग्री वितरित

नवीन मेल संवाददाता

जलडेगा। प्रखण्ड के ओड़िशा,परबा पंचायत में हाथियों का एक समूह पहुंच कर उत्पात मचाए हुए है ।जिसकी जानकारी कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी को वहां के ग्रामीणों के द्वारा दिया गया। विधायक के निर्देश एवं सहयोग से विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद समी आलम अपने कार्यकताओं के साथ शुक्रवार को उक्त स्थान पर पहुंचे। वही ओड़गा,परबा के लोगों ने कहा कि अभी यहां बीस से पच्चीस हाथी का समूह है और फसलों का क्षति कर रहा है, हमलोग भय में है। मौके पर समी आलम ने कहा कि हमारे विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी इस हाथी के आतंक से बार बार सिमडेगा वन विभाग एवं सरकार को अवगत कराया है। साथ ही साथ झारखण्ड विधानसभा में भी आवाज उठाते हुए धरना बैठकर निराकरण करने के लिए सरकार को बाध्य किया गया, किन्तु दुर्भाग्य है कि इस हाथी से कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र को राहत नहीं मिल पा रहा है। फलस्वरूप जो हाथियों का शरनास्थली था खत्म हो गया।और हाथी इधर उधर शरण लेने पर मजबूर हो गया है। इसलिए हमें संयम के साथ इस जीव से निपटना के साथ जीवन को व्यतीत करना होगा। गांव वालों को हाथी भगाने की सामग्री जूट, मोबिल,टॉर्च, आदि माननीय विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी के सहयोग से बांटा गया। ओड़गा पंचायत के ढेलसेरा जनुम टोली,ढ़ेलसैरा बीच टोली,कुटुंगिया पंचायत के रामजड़ी पहाड़ टोली, कुदाटोली, डोंगा पानी, अनै, गुड़िया टोली, कुटुंगिया आदि में सामग्री दिया गया।

केके कंस्ट्रक्शन कंपनी की साइट पर गोलीबारी की घटना में शामिल आरोपी हुए गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

रामगढ़। एसपी पीयूष पांडे ने 4 नवंबर को प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। इस क्रम में उन्होंने बताया कि 2 नवंबर को बरकाकाना ओपी क्षेत्र स्थित केके कंस्ट्रक्शन कंपनी के साइट पर गोलीबारी में शामिल आरोपियों को गिरफ्तार करने में पुलिस टीम को सफलता मिली है। एसपी ने बताया कि बरकाकाना ओपी क्षेत्र के बुधबाजार रेलवे क्वार्टर निर्माण साइट पर दो अपराधियों ने गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया था। घटना को अंजाम देने के क्रम में दोनो ने नकाब पहन रखा था। एसपी ने बताया की मामले को लेकर पतरातू (बरकाकाना) थाना कांड संख्या 198/2022, दिनांक 02,11,2022, धारा 307 भादवि तथा 27 आर्म्स एक्ट दर्ज किया गया था। एसपी श्री पांडे ने बताया कि मामले की जांच के क्रम में पुलिस ने मानेश्वर कुमार 27 वर्ष, पिता जयनंदन महतो, साकिन तेलियातू बरकाकाना ओपी, राहुल कुमार महतो उर्फ मास 35 वर्ष पिता पृतलाल महतो साकिन तेलियातू बरकाकाना ओपी को सिद्धवार जंगल से पकड़ने में सफलता प्राप्त की है। बताया के अपराधियों के पास सु पुलिस ने घटना को अंजाम देने में प्रयुक्त होंडा साइन बाइक संख्या जेएच02वाई 6894 को भी जब्त किया है। एसपी ने कहा कि पकड़ गये आरोपियों का आपराधिक इतिहास रहा है।

अपराधियों का रहा है आपराधिक इतिहास : एसपी पीयूष पांडे ने बताया कि पकड़े गये अपराधियों का आपराधिक इतिहास रहा है और उनपर कई मामले दर्ज हैं। मानेश्वर कुमार पर पतरातू (बरकाकाना) थाना कांड संख्या 229/2014, दिनांक 17,09,2014, धारा 25 (1-बी) ए/26/35 आर्म्स एक्ट, गोला थाना कांड संख्या 139/2020, दिनांक 22,12,2020, धारा 399/402 25 (1-बी) ए/26/35 आर्म्स एक्ट दर्ज है। जबकि राहुल कुमार महतो उर्फ मास पर पतरातू (बरकाकाना) थाना कांड संख्या 229/2014, दिनांक 17,09,2014, 25 (1-बी) ए/26/35 आर्म्स एक्ट, पतरातू (बरकाकाना) थाना कांड संख्या 102/2016, दिनांक 13,04,2016 धारा 387/34 भादवि, पतरातू (बरकाकाना) थाना कांड संख्या 242/2020 दिनांक 13,04,2016 धारा 147/148/149/341/323/206/387/385/427/120बी, पतरातू (बरकाकाना) थाना कांड संख्या 100/2017 दिनांक 27,04,2017 धारा 304 (बी) / 34 भादवि के तहत मामला दर्ज है।

छापेमारी दल में थे शामिल : छापेमारी दल में बरकाकाना ओपी प्रभारी विनय कुमार,पुअनि सफीउल्ला अंसारी सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

उपायुक्त ने किया भविष्य निधि लेखा संख्या आवंटन का शुभारंभ

नवीन मेल संवाददाता

हजारीबाग। झारखंड सरकार द्वारा कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना लागू करने के निर्णय के पश्चात जिला स्तर पर नई पेंशन योजना में नियुक्त कर्मियों द्वारा पुरानी पेंशन का विकल्प चयन करने या नई पेंशन योजना में बने रहने के लिए ऑनलाईन आवेदन की प्रक्रिया कर्मचारी सेवा पोर्टल पर शुरू की जा चुकी है। इसके आलोक में हजारीबाग जिला भविष्य निधि कार्यालय द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए पुरानी पेंशन योजना का विकल्प चयन करने वाले कर्मियों को भविष्य निधि लेखा संख्या का आवंटन किया जा रहा है। इसी प्रक्रिया के अन्तर्गत शुक्रवार को उपायुक्त नैंसी सहाय के कर-कमलों द्वारा भविष्य निधि लेखा संख्या आवंटन की विधिवत शुरूआत शुक्रवार को जिला भविष्य निधि कार्यालय में की गई। जिला भविष्य निधि कार्यालय कक्ष में जिला भविष्य निधि पदाधिकारी उज्जवल कुमार चौरसिया ने गुलदस्ता देकर स्वागत किया। कर्मचारी सेवा पोर्टल से ऑनलाईन आवेदन भरकर उसका प्रिंटआउट लेकर परिशिष्ट को नोटरी पब्लिक से सत्यापित कराकर आवेदन की पूर्ण प्रति के साथ सेवा पोर्टल पर अपलोड करते हुए उसे कार्यालय प्रधान के लॉगिन में अग्रसारित करना होगा तथा उसकी हार्ड कॉपी को भी कार्यालय प्रधान के कार्यालय में उपलब्ध कराना होगा। संबंधित कार्यालय प्रधान उपलब्ध कराये गये हार्ड कॉपी को हस्ताक्षरित कर उसे जिला भविष्य निधि कार्यालय को ऑनलाईन अग्रसारित करते हुए उसकी हार्ड कॉपी को भी जिला भविष्य निधि कार्यालय को उपलब्ध करायेंगें। जिला भविष्य निधि कार्यालय उपलब्ध कराये गये आवेदन की जाँच करते हुए संबंधित कर्मी का सामान्य भविष्य निधि लेखा संख्या आवंटित करते हुए उसे दो प्रतियों में संबंधित कार्यालय प्रधान को वापस करेंगें।

पीजीएचएस बरकट्ठा में गुरु गोष्ठी का आयोजन, विभागीय आदेशों की दी गयी जानकारी

पाठ योजना निर्माण कर ही शिक्षण कार्य करेंगे शिक्षक : बीईईओ

नवीन मेल संवाददाता

बरकट्ठा। प्रखंड मुख्यालय के समीप स्थित परियोजना बालिका उच्च विद्यालय बरकट्ठा के प्रशाल में शुक्रवार को बीईईओ किशोर कुमार की अध्यक्षता में मासिक गुरु गोष्ठी का आयोजन किया गया। बैठक में प्रखंडाधीन विद्यालयों के सचिव ने भाग लिया। वहीं बीईईओ ने विभागीय आदेशों एवं विद्यालय में की जाने वाली आगामी कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। कहा कि स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव द्वारा निर्देशित किया गया है कि सभी शिक्षक/ प्रधानाध्यापक पाठ योजना बनाकर ही शिक्षण कार्य करेंगे तथा पाठ योजना पर संबंधित विद्यालय के प्रधानाध्यापक हस्ताक्षर कर संधारित कर रखेंगे। प्रत्येक विद्यालयों में घंटी आधारित कक्षा का संचालन किया जाएगा। इसके लिए विद्यालय की घंटी बजनी आवश्यक है। कहा की बीईईओ प्रति माह 20 विद्यालय, बीआरपी/सीआरपी 18 विद्यालय का निरीक्षण /अनुश्रवण करेंगे। प्रत्येक विद्यालय में 9:00 पूर्वाहन में घंटी बजना आवश्यक है ताकि छात्र-छात्राओं, शिक्षकों को विद्यालय प्रारंभ होने का समय ज्ञात हो जाए। जिन विद्यालयों में सीसीटीवी उपलब्ध है उनका मूल्यांकन इसकी सहायता से बीआरसी, डीएलओ एवं एसएलओ तक किया जाएगा। कहा कि जो बच्चे लंबे समय से विद्यालय से अनुपस्थित हैं उनके घर शिक्षक न्यूनतम दो बार जाएंगे और वस्तु स्थिति से अवगत होंगे। नाबालिग छात्र छात्राओं की शादी होने पर प्रधानाध्यापक समेत संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। वही मैट्रिक एवं इंटर के छात्र छात्राओं का स्कूली स्तर पर कैरियर काउंसलिंग करना आवश्यक होगा। स्कूल अवधि में प्रत्येक शिक्षक विद्यालय में रहेंगे एवं पठन-पाठन का कार्य सुचारू रूप से करेंगे। गुरु गोष्ठी में विभागीय आदेशों पर संबंधित कई चचाएं उन्होंने की एवं उनके पालन हेतु निर्देश दिए। बैठक में अजप्ता प्रखंड अध्यक्ष शशि भूषण प्रसाद, सचिव रामकिशुन महतो, शिक्षक यमुना साव, दिनेश्वर महतो, राजेंद्र प्रसाद, महेश चौधरी, रामचंद्र प्रसाद, बालेश्वर साव, बीआरपी, सीआरपी, लेखापाल, कंप्यूटर ऑपरेटर, आदेशपाल समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

बिना किसी कोचिंग व ट्यूटर के पहले प्रयास में ही पाई नीट में सफलता

मेहनत, लगन, आत्मविश्वास व पापा और दादा के मार्गदर्शन ने दिलाई सफलता : आयुष

नवीन मेल संवाददाता



बरही। अफीम कोठी निवासी शिक्षक चंद्रशेखर भगत व रेणु भगत के पुत्र आयुष राज ने बिना किसी कोचिंग और ट्यूटर की सहायता के नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट (नीट) में सफलता प्राप्त कर पूरे परिवार सहित क्षेत्र का नाम रौशन किया है। इन्होंने यह साबित कर दिया कि लक्ष्य निर्धारित कर किया गया परिश्रम कभी जाया नहीं जाता। बचपन से ही कुशाग्र बुद्धि के आयुष ने मैट्रिक की परीक्षा में 94.8 प्रतिशत और इंटर विज्ञान की परीक्षा 94.6 प्रतिशत अंकों के साथ सफलता हासिल किया है। क्यूट की परीक्षा में भौतिकी में शत प्रतिशत, विज्ञान में 99 दशमलव 72 प्रतिशत और जीव विज्ञान में 97.21 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। नीट परीक्षा में पूरे भारत में 15025 वां स्थान लाकर इन्होंने महात्मा गांधी मेमोरियल महाविद्यालय जमशेदपुर में अपना नामांकन प्राप्त किया है। इनके पिता ने बताया कि इसके लिए किसी भी प्रकार का कोचिंग या ट्यूशन नहीं दिया गया था। सोशल मीडिया एवं विभिन्न किताबो का खुद से अध्ययन कर सफलता हासिल किया गया है। विदित हो कि आयुष कि दादा राधानाथ भगत भी विज्ञान के सेवानिवृत्त शिक्षक हैं। इनकी सफलता आज के युवाओं के लिए एक संदेश है जो दिन-रात सोशल मीडिया पर अपना समय व्यर्थ में बर्बाद करते है। यदि सोशल मीडिया का सही से उपयोग किया जाए तब उनके कैरियर और भविष्य में चार चांद लग सकता है।

लखीसराय के लिए निकला युवक वाहन समेत लापता

मरकच्चो। नवलशाही थाना क्षेत्र के खेशमी पंचायत के ग्राम डोंगोड़ीह निवासी अर्जुन साव ने थाना में पुत्र की गुमशुदगी को लेकर आवेदन दिया है। आवेदन में कहा गया गया है कि मेरा पुत्र शिवशंकर साव (उम्र 33 वर्ष) गत 2 नवंबर सुबह 7 बजे वाहन संख्या जेएच 11पी 0214 से लखीसराय के लिए निकला था। जिसके बाद 10 बजे दिन तक फोन पर बात हुई जिसमें कोडरमा बताया। इसके बाद फोन चालू था रिंग होता था परंतु बात नही होने लगा। अंतिम बार रात 3 बजकर 35 मिनट फोन चालू था लेकिन बात नही हो सकी। तत्पश्चात बिहार के लखीसराय जहां रहता था वहां संपर्क करने पर वहां भी पहुचने का सूचना नही मिला। इस बाबत थाना में आवेदन देकर खोजबीन की गुहार लगाई है।

2,49, 500 रुपये की लागत से बनने वाले स्नान व कपड़ाघाट का हुआ शिलान्यास

नवीन मेल संवाददाता

बरही। 2,49,500 रुपए की लागत से डपोक के लालीघाट में बनने वाले स्नानागार और कपडाघाट का शिलान्यास जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव, प्रमुख मनोज रजक, उपप्रमुख देवलाल कुशवाहा आदि ने संयुक्त रूप से किया। जिप उपाध्यक्ष व अन्य सभी अतिथि आपकी योजना, आपकी सरकार- आपके द्वार कार्यक्रम में शामिल होने पंचायत भवन डपोक पहुंचे थे। बीडीओ क्रिस्टीना रीचा इंदिवर ने बताया कि कार्यक्रम के विभिन्न स्टॉल के माध्यम से कुल मिलाकर 750 लोगो ने अपनी समस्याएं पंजीकृत करवाया। जिसमे 174 को ऑन द स्पॉट समाधान किया गया जबकि 576 प्रक्रियाधीन है। पंजीकृत समस्याओं में राशन कार्ड में नाम हटाने व जोड़ने के लिए 121, धाम अधिप्राप्ति हेतु 2, पुराना राशन कार्ड सरेंडर हेतु 11, वृद्धा पेंशन हेतु 137, निलांबर पीतांबर जल समृद्धि योजना हेतु 5, मनरेगा कार्य आवंटन हेतु 7, नए जॉब कार्ड के लिए 8, नई योजना के लिए 39, लगान निर्धारण हेतु 8, केसीसी ऋण के लिए 4 आवेदन आए । शिविर में ही नया राशन कार्ड बनाने के लिए प्राप्त कुल 72 आवेदन में एक, राशन कार्ड में गलतियां सुधार हेतु 5 में एक, एड्स के 2 मरीज में 1 का ईलाज किया गया। साथ ही दीदी बाड़ी योजना के तहत कुल 33 फरियादियों का ऑन द स्पॉट समस्या का समाधान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बीडीओ व सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो की निगरानी में आयोजित की गई थी। जिसमे प्रखंड सह अंचल कर्मियों वा अधिकारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मौके पर मुखिया इंद्रा देवी, सांसद प्रतिनिधि डोमन पांडेय सहित कई समाजसेवी, जनप्रतिनिधी और ग्रामीण उपस्थिति थे।

चार सूत्री मांगे पूरी हो : अजप्ता प्रखंड इकाई बरकट्ठा

काला बिल्ला लगाकर शिक्षकों ने जताया रोष

नवीन मेल संवाददाता

बरकट्ठा। अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ झारखंड के चार सूत्री मांगों को लेकर बरकट्ठा इकाई के समस्त सरकारी शिक्षकों ने काला बिल्ला लगाकर कार्य किया। इस संबंध में जानकारी देते हुए अजप्ता प्रखंड अध्यक्ष शशिभूषण प्रसाद ने कहा कि काला बिल्ला लगाकर कार्य करने का कार्यक्रम 4 नवम्बर से 5 नवम्बर तक किया जाएगा। वहीं अपनी मांगों के समर्थन में स्थानीय सांसद अन्नपूर्णा देवी एवं विधायक अमित कुमार यादव को चार सूत्री मांगों से अवगत कराएंगे। कहा कि आगामी 19 नवम्बर को मुख्यमंत्री झारखंड सरकार का घेराव किया जाएगा जिसमें प्रखंडाधीन समस्त शिक्षक शामिल होंगे। चार सूत्री मांगों में छठे पुनरीक्षित वेतनमान की विसंगतियों को दूर करना, झारखंड के शिक्षकों को एमएसीपी न्यूनतम वृत्तिक उन्नयन दिया जाना,अन्तर जिला स्थानांतरण की प्रक्रिया को सरल बनाना तथा शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्त रखना शामिल हैं। वहीं सचिव रामकिशुन महतो ने बताया कि सरकार की शिक्षकों एवं सरकारी विद्यालयों के प्रति उचित नीति के अभाव में शिक्षा एवं शिक्षक दोनों प्रभावित हैं।

डीवीसी ने चलाया सतर्कता जागरूकता अभियान, चेयरमैन ने उद्देश्यों की दी जानकारी

बरकट्ठा। प्रखंड क्षेत्र के ग्राम मेरमगड्डा में आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष पर डीवीसी हजारीबाग के द्वारा सतर्कता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान डीवीसी के चेयरमैन ने लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि दामोदर घाटी निगम का मुख्य उद्देश्य है- बाढ़ रोकना, सिंचाई, बिजली उत्पादन, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक और आर्थिक कल्याण के लिए नौकरी प्रदान करना। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुखिया मुन्नी देवी को बेहतर कार्य के लिए डीवीसी चेयरमैन संजय कुमार के द्वारा मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।अभियान में मुखिया प्रतिनिधि बिरेंद्र कुमार शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि हमारे पंचायत के घंघरी, डुमरीयाटांड और मेरमगड्डा गांव में डीवीसी के द्वारा पांच तलाबों का निर्माण किया गया है जो सराहनीय है। इससे यहां के लोग सिंचाई के साथ-साथ मछली का पालन भी कर सकेंगे व गर्मियों में पशु पक्षी भी प्यास मिटायेंगे। मौके पर वार्ड सदस्य बबुनी मांझी, प्रतिनिधि डिल्लू गुप्ता, विजय रविदास,समाजसेवी दशरथ मांझी, सुखू मांझी,भोला दास, दशरथ मुर्मू, मोहन दास, रामजी मांझी, रितलाल मांझी, बंशी मांझी, रामा किस्कू, साहेबराम सोरेन समेत बाड़ी संख्या मे ग्रामीण लोग उपस्थित थे।

रूपनारायण पांडेय के निधन पर लोगों ने जताया शोक

कोडरमा। सामाजिक कार्यकर्ता और कांग्रेस नेता रूपनारायण पांडेय के निधन पर स्थानीय सामाजिक राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने गहरा शोक जताया है। कोडरमा के पूर्व वार्ड पार्षद और सामाजिक कार्यकर्ता रूप नारायण पांडेय का गुरुवार देर शाम निधन हो गया था। वह लगभग 65 वर्ष के थे। उनके निधन की खबर सुनकर जिला परिषद की पूर्व अध्यक्ष शालिनी गुप्ता, कांग्रेस नेता राम लखन सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता बीरेंद्र सिंह, सनत कुमार दां, साजिद हुसैन लल्लू, अजीत वर्णवाल, संजीव समीर, अंबुज मोहन, मनोज कुमार झुन्नू, सुशील अग्रवाल, सच्चिदानंद पांडेय, राजेंद्र पांडेय, अजय पांडेय, कुंतल बनर्जी, अमित अनुराग, रिया राज, कुलबीर सलूजा, गोपाल प्रसाद, सतीश कुमार दीपू, कुंतल बनर्जी, पप्पू पांडेय समेत कई लोग आवास पर पहुंचे और उन्हें श्रद्धांजलि दी। स्थानीय मुक्ति धाम पर शुक्रवार को उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस मौके पर काफी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद थे।

चंद्रवंशी समाज के लोगों ने महाराज जरासंध की 5225वीं जयंती मनायी

बरकट्ठा। प्रखंड क्षेत्र के ग्राम डाकडीह में चक्रवर्ती सम्राट महाराज जरासंध की 5225वीं जयंती शुक्रवार को चंद्रवंशी समाज के लोगों ने धूमधाम से मनाया। उपस्थित लोगों ने उनकी तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर व पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। वही प्रखंड अध्यक्ष महेश राम चंद्रवंशी ने उनके जीवनी के संबंध में बताया तथा उनके बताए गए मार्ग पर चलने की अपील की। कहा की महाराज जरासंध पूरे मगध वर्ष में शक्तिशाली राजा, शिव भक्त थे और दानवीर थे। उनके जीवनी को आज भी अनुसरण करने की जरूरत है। कार्यक्रम में प्रखंड अध्यक्ष महेश राम चंद्रवंशी, सचिव विश्वनाथ चंद्रवंशी, कोषाध्यक्ष मनोज चंद्रवंशी, युवा प्रदेश उपाध्यक्ष जितेंद्र चंद्रवंशी, भोला चंद्रवंशी, अर्जुन चंद्रवंशी, किशन चंद्रवंशी, उपेंद्र चंद्रवंशी, विजय चंद्रवंशी, भुनेश्वर चंद्रवंशी, विक्की चंद्रवंशी, पंकज चंद्रवंशी,उर्मिला देवी समेत दर्जनों महिला-पुरुष उपस्थित थे।

श्री गुरुनानक देव जी के प्रकाश उत्सव पर उत्साह के साथ निकली 9वें दिन की प्रभात फेरी

जिस के सिर ऊपर तु स्वामी सो दुख कैसा पावै...

नवीन मेल संवाददाता

रामगढ़। सिख धर्म के संस्थापक व सिखों के प्रथम गुरु श्री गुरुनानक देव जी के प्रकाश उत्सव को लेकर श्री गुरूद्वारा साहिब से प्रभात फेरी का आयोजन किया जा रहा है। 4 नवंबर को नौंवे दिन की प्रभात फेरी उत्साह और उमंग के साथ निकली। जिसमें सिख समाज के महिला और पुरूष बड़ी संख्या में शामिल हुए। प्रभात फेरी के क्रम में साध-संगत मधुर गुरूवाणी गाते चल रहे थे। मौके पर कुजू गुरुद्वारा के पूर्व प्रधान सरदार रामदयाल सिंह चोपड़ा हाथों में निशान साहिब लेकर संगत की अगुवाई कर आगे आगे चल रहे थे। साध संगत कोई नाम न जाने तेरा, अपने सतगुरु का बलिहारै अपने सतगुरु के बलिहारै, हर बिसरत सदा खुआरी, गुर पूरा सुखदाता मेरा गुर पूरा सुखदाता जैसे शब्दों के गायन से क्षेत्र को गुंजायमान करते चल रहे थे। प्रभात फेरी श्री गुरुद्वारा साहिब से निकल कर चट्टी बाजार, लोहार टोला, शिवाजी रोड, किला मंदिर के सामने सरदार मोहन सिंह अरोरा, सरदार हरपाल सिंह अरोरा के यहां पहुंची । जहां अरोरा साहब के परिवार वालों ने संगत का स्वागत किया। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से नरेंद्र पाल सिंह गुजराल ने सरदार मोहन सिंह अरोरा को सरोपा देकर सम्मानित किया। यहां परिवार वालों ने साथ संगत के लिए चाय नाश्ता का प्रबंध किया।

प्रभात फेरी में हुए शामिल

9वें दिन की प्रभात फेरी में रामगढ़ गुरुद्वारा प्रधान सरदार परमदीप सिंह कालरा, मित प्रधान अमरजीत सिंह सैनी, तेजिंदर सिंह सोनी, जोगिंदर सिंह जग्गी, देवेंद्र सिंह अरोरा, इंद्रजीत सिंह कोहली, नरेंद्र पाल, यश छाबड़ा, गुरप्रीत चना, जितेंद्र सिंह पवार, गुरप्रीत सलूजा, राजू जस्सल, सुरेंदर सिंह बेदी, इकबाल सिंह, रघुवीर होरा, हरजीत सिंह छाबड़ा, विंकल कालरा, रंजीत सिंह छाबड़ा, देवेंद्र सिंह सोनी, हरदीप होरा, रमन कोहली, नवल मल्होत्रा, राजू जस्सल, हरिंदर छाबड़ा, स्नेहा गांधी, रघुवीर सिंह छाबड़ा, प्रीतम सिंह कालरा, डॉक्टर नरेंद्र सिंह सोनी, टोनी गांधी रौनक, सुरजीत सिंह छाबड़ा, जसकीरत सिंह भाटिया, गुरु नानक स्कूल के चेयरमैन हरपाल सिंह अरोड़ा, वाइस चेयरमैन कुलजीत सिंह कालरा, डिप्टी चेयरमैन मनमोहन सिंह लांबा, डिप्टी चैयरमैन परमिंदर जस्सल, बंटी चमन, सतपाल होरा, हरजाप सिंह गांधी ,मनी सिंह, विकी छाबड़ा, गुरजीत सिंह सलूजा, अजैब सिंह छाबड़ा, पम्मी कालरा, जसमीत कौर सोनी, सुम्मी जौली, सीमा कोहली, रंजू अरोरा, इंद्रजीत कौर कोचर, रिक्की लांबा, विक्की लांबा, लवली गांधी, डॉ मनवीर कौर, बलविंदर कौर छाबड़ा सहित अन्य मौजूद थे।

न्यूज गैलरी

शिक्षक बच्चों में शिक्षा के प्रति माहौल बनाने का प्रयास करें : उपायुक्त

कोडरमा। शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में उपायुक्त आदित्य रंजन की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक आहूत की गयी। उपायुक्त ने सभी शिक्षकों को टोला टैगिंग करके बच्चों का घर का नियमित भ्रमण करने का निर्देश दिया गया। स्कूल में शत प्रतिशत बच्चों की उपस्थिति हो, सुनिश्चित करेंगे। स्कूल में गुणवत्तापूर्ण रंगरोगन का कार्य हो, सुनिश्चित करें। सभी बीपीओ, बीआरसी व सीआरपी स्कूलों का नियमित मॉनिटरिंग करें। बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान करें। स्कूल को हमेशा साफ सुथरा रखें। स्कूल का संस्थागत विकास करें और ऐसा स्कूल का निर्माण करें ताकि अधिक से अधिक बच्चे स्कूल में नामांकन करायें। स्कूल में बाल संसद, अभिभावक बैठक, एसएससी सक्रिय रहे। स्कूल में विभिन्न क्लवों का गठन करें। उपायुक्त ने कहा कि बच्चों का नियमित टेस्ट लें, बच्चों में पढ़ने की इच्छाशक्ति और शिक्षा का माहौल का विकास करें और स्कूल में बच्चों के बीच विभिन्न प्रकार की गतिविधियां करायें ताकि बच्चों का सवागीण विकास हो। अपने क्षेत्र अंतर्गत पदाधिकारी के साथ मिलकर स्कूल को और कैसे बेहतर व विकास करें, उस पर चर्चा करें। मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी अलका जायसवाल, जिला शिक्षा अधीक्षक नयन कुमार, प्रशिक्षु उप समाहर्ता सारांश जैन, सभी बीईईओ, बीपीओ, बीआरसी, सीआरपी व अन्य मौजूद रहे।

बरकट्ठा पुलिस ने चौपारण में चिपकाया इश्तेहार

बरकट्ठा। पुलिस ने चौपारण में एक आरोपी के घर मे इश्तेहार चिपकाया हैं। विदित हो कि बरकट्ठा थाना कांड संख्या 140/18 के अभियुक्त प्रभात सिंह, पिता राम जन्म सिंह, ग्राम रानीक, थाना चौपारण निवासी हैं। अभियुक्त पर अवैध अंग्रेजी शराब कारोबार करने का आरोपी है। बरकट्ठा थाना के एएसआई तरुण कुमार ने चौपारण जाकर अभियुक्त के घर से इश्तेहार चिपकाया है।

आत्मा के द्वारा शनिवार को होगा राई बीज का वितरण

बरही। कृषि सूचना केंद्र बरही में शनिवार को किसानों के बीच राई वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जानकारी देते हुए बीटीएम चिंताहरण पाठक ने बताया कि वैसे कृषक जो ब्लॉकचेन मैनेजमेंट के अंतर्गत पंजीकृत हो एव पिछले 3 वर्षों से प्रत्यक्षण लाभ नहीं लिए हो, बीज को लाइन से लगाने एवं प्लॉट दिखाने में सक्षम हो उनके बीच प्रगतिशील किसानों का चयन कर पहले आओ पहले पाओ के आधार पर बीज वितरण किया जाएगा। इसके लिए कृषकों को आधार कार्ड, पासबुक और भूमि लगान रसीद की छाया प्रति लाना अनिवार्य होगा। वितरण में क्लस्टर अपरोच को वरीयता दी जाएगी। जानकारी देते हुए बताया कि इसके लिए प्रखंड कृषि सूचना केंद्र को 2 दो किग्रा के कुल 400 यूनिट राई प्रत्यक्षण मिनिकिट प्राप्त हुए हैं। बीज हेतु में प्रगतिशील किसानों का चयन कर ब्लॉक चैन मैनेजमेंट के तहत पंजीकृत कर किसानों के मोबाईल पर ओटीपी का सत्यापन किया जाएगा।

निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन, मुफ्त में मिले दवा

बरही। पंचायत भवन गौरिया करमा में लोकनायक जयप्रकाश नेत्रालय बहेरा के द्वारा निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। नेत्र जांच करवाने वाले को निशुल्क जांच के साथ दवाइयां भी दी गई। शिविर में कुल 110 मरीजों के नेत्र की जांच हुई। जिसमे अधिकांशतः मामले आंखो के नियमित देखभाल नही करने के कारण देखने को मिले। नेत्र जांच कर रहे चिकित्सक डॉ अंकीत राज ने बताया कि आज के इस भागदौड़ की जिंदगी में लोग आंखो के प्रति लापरवाह दिख रहे है। बढ़ते प्रदूषण, आज का खान पान ने नेत्र की समस्या को बढ़ाया है। कम उम्र में ही लोगो को दृष्टि दोष से गुजरना पड़ रहा है। ऐसे में आंखो का नियमित व्यायाम, हरे और ताजे फल, सब्जियों का सेवन अनिवार्य हो गया है। शिविर में 25 मोतियाबिंद के भी मरीज पाए गए। जिसमे ऑपरेशन योग्य 20 लोगो का निःशुल्क ऑपरेशन नेत्र चिकित्सालय बहेरा में करने की बात कही गई। इसके लिए सभी मरीजों को चिकित्सालय की गाड़ी से ही ले जाने और लाने का भी काम किया जाएगा। साथ ही निःशुल्क दवा, चश्मा, रहने की व्यवस्था भी उपलब्ध करवाए जायेंगे। डॉ अमित कुमार सिंह, जांच टीम में राजुकुमार रजक, प्रीति सागर और शुभम कुमार शामिल थे। शिविर सफल बनाने में राजन ओम, संजय वर्मा, वार्ड सदसय ललन चंद्रवंशी, विजय वर्मा आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

आरएनआईएम महाविद्यालय का छात्र इंटर कॉलेज ताइक्वांडो प्रतियोगिता में बना गोल्ड मेडलिस्ट

बरही। राम नारायण यादव महाविद्यालय का छात्र चंदन कुमार इंटर कॉलेज ताइक्वांडो प्रतियोगिता में गोल्ड मेडलिस्ट का पदक जीतकर महाविद्यालय के साथ बरही का नाम रोशन किया है। प्रतियोगिता संत कोलंबस महाविद्यालय हजारीबाग में आयोजित किया गया था। एनसीसी का यह छात्र को यह पदक 74 किलोग्राम भारोतोलक श्रेणी में प्राप्त हुआ है। छात्र की सफलता पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ विमल किशोर एनसीसी प्रभारी, डॉ अजय रंजन, अर्थशास्त्र के एचओडी डॉ संजय अग्रवाल, डॉ संगीता चौधरी, डॉ अजय कुमार, प्रो हिरामन साव, नागेश्वर यादव, दिनेश्वर यादव आदि सहित महाविद्यालय के शिक्षकों एवं कर्मियों ने शुभकामनाएं देते हुए बधाई दी है।

न्यूज गैलरी

अनियंत्रित हो बॉक्साइट लोडेड ट्रक धान की खेत में गिरा, फसल नष्ट बाल-बाल बचा चालक

सेन्हा-लोहरदगा। सेन्हा थाना क्षेत्र के भड़गांव पंचायत ग्राम तालाब के समीप घाघरा की ओर से आ रही बॉक्साइड लोडेड ट्रक डायवर्सन के पास अनियंत्रित हो खेत में गिर गया जिसे चालक बाल बाल बचा वहीं किसान का धान नष्ट हो गया। घटना रात्रि 1 बजे की बताई जा रही है। घटना की सूचना सुबह सेन्हा थाना प्रभारी को मिलते ही उनके निर्देश पर स0आ0नि0 जमशेद खान शस्त्र बल के साथ घटना स्थल पहुंच दुर्घटना का जायजा लेते हुए अग्रेतर कारवाई में जुट गये। वहीं चालक गफार अंसारी ने बताया कि बॉक्साइड खदान से लोड कर आने के दौरान भड़गांव के पास डायवर्सन में स्टैरिंग फेल होने के कारण मेरी गाड़ी धान की खेत में जा गिरा। जिसमें किसी का हताहत नही हुआ है। लेकिन गाड़ी सहित किसान का फसल क्षतिग्रस्त हो गया। चालक के बताने के अनुसार घटना डायवर्सन खराब होने का कारण स्टैरिंग फेल होने का जिक्र किया जा रहा है। जिसे गाड़ी अनियंत्रित हो कर पलट गया।

देव उठान एकादशी के अवसर पर टुकुपानी मंदिर में अखंड हरिकीर्तन प्रारंभ

ठेठईटांगर। ठेठईटांगर प्रखंड के टुकूपानी पंचायत स्थित राधा कृष्ण मंदिर में देव उठान एकादशी के अवसर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अखंड हरिकीर्तन का आयोजन किया गया है अखंड हरिकीर्तन में टुकू पानी के महिला पुरुष मंडली कसडेगा खमण टोली टिनगिना पंडरीपानी रामनगर विभिन्न कीर्तन मंडली के द्वारा अखंड हरिकीर्तन कार्यक्रम हो रहा है एवं शाम 5 :00 बजे तुलसी विवाह का कार्यक्रम है आज अखंड हरिकीर्तन समापन के बाद 10 :00 से भंडारा का आयोजन भी किया गया है आयोजन में हरि कीर्तन मंडली टुकूपानी के सदस्य लगे हुए हैं।

ट्रैक्टर ने ऑटो को मारी टक्कर, एक महिला घायल

जलडेगा। ओडगा बाजार से लौटने के क्रम डुमरमुंडा मैं एक ट्रैक्टर ने ऑटो को टक्कर मार दी। टक्कर से ऑटो में बैठी एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसको इलाज के लिए जलडेगा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया। इधर टक्कर मारने के बाद ट्रैक्टर फरार हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि ट्रैक्टर ओडगा का है। वहीं ऑटो सवारियों का कहना था कि ट्रैक्टर ड्राइवर भी नशे की हालत में था। घायल महिला का पहचान बिरजिनिया भुईयां, पति पीटर भुईयां, उम्र लगभग 62 वर्ष, गांव कोहिपाट कदम टोली, थाना बानो, गिरदा ओपी जिला सिमडेगा के रूप में हुई है।

सड़क हादसे में दंपति घायल, जिप उपाध्यक्ष ने पहुंचाया हॉस्पिटल

कुरडेग। कुरडेग थाना क्षेत्र में करमडीह के समीप पुल के पास शुक्रवार को एक बाइक को टेम्पों ने टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार रामचन्द्र साय व पत्नी सुनिता देवी घायल हो गये। बताया गया कि रामचन्द्र साय सावां निवासी अपनी पत्नी के साथ कुरडेग बाजार आ रहे थे,करमडीह पुल के पास टेम्पों से धक्का लग गया जिससे गिर गये।मौके से टेम्पों फरार हो गया। इस दौरान जिप उपाध्यक्ष सोनी पैंकरा गड़ियाजोर जनता दरबार से लौट रही थी,घायलों को देखी और अपनी गाड़ी में दोनों को सीएचसी कुरडेग पहूंचायी,जहाँ ईलाज किया जा रहा है। बताया गया कि दोनों की स्थिति खतरे से बाहर है ।

कैरो में भारतीय जनता पार्टी का हुआ मासिक बैठक

कैरो/लोहरदगा। प्रखंड मुख्यालय देवी मंडप के समीप भारतीय जनता पार्टी का मासिक बैठक हुआ। सर्वप्रथम दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। बैठक में भारतीय जनता पार्टी को बूथ स्तर पर मजबूती प्रदान करने एवं आने वाले विधान सभा चुनाव में वर्तमान गठबंधन की नाकामी सरकार को मुहतोड़ जवाब देने के लिए पहले से तैयारियां करने को लेकर चर्चा किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने कहा कि सरकार आज सिर्फ और सिर्फ अपने ट्रांसफर पोस्टिंग कर अपना झोली भरने में व्यस्त हैं। पत्थर और कोयला खनन के माफिया को बढ़ावा देने वाली सरकार झारखंड को विकास का झूठा सपना दिखाने का काम कर रही है। अपराधी बेखौफ होकर घटनाओ को अंजाम दे रहे हैं। आदिवासी मुख्यमंत्री होने के बाबजूद झारखंड की बेटियां असुरक्षित महसूस कर रही है।

भंडरा में झारखंड मुक्ति मोर्चा की हुई पंचायत स्तरीय बैठक

भंडरा/लोहरदगा। झारखंड मुक्ति मोर्चा की बैठक शुक्रवार को प्रखंड अध्यक्ष परवेज अंसारी की अध्यक्षता में भंडरा प्रखंड के भीठा पंचायत अंतर्गत मुकुंदा गांव में पंचायत स्तरीय बैठक संपन्न हुआ। जिसमें पंचायत कमेटी का चुनाव किया गया जिसमें सर्वसम्मति से मनोज उरांव को अध्यक्ष, प्रदीप उरांव को सचिव, सोमरा उरांव को कोषाअध्यक्ष, तेतरा उरांव को उपाध्यक्ष बनाया गया। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित प्रखंड सचिव दानियाल लकड़ा, पूर्व जिला परिषद सदस्य शामिल उरांव, बिशुनपुर विधायक प्रतिनिधि मिट्ठू उरांव, रामविलास उरांव, महमूद अंसारी, अजय उरांव, भादो उरांव, पेरो उरांव, तेतरा उरांव विकास उरांव, प्रदीप उरांव, अरविंद उरांव, किशोर उरांव, सोमरा उरांव, सोहराई उरांव, मंगरा उरांव, मनोज उरांव, बुधराम उरांव आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

ठंड लगने से 60 वर्षीय वृद्ध की हुई मौत जांच में जुटी पुलिस

केरसई। केरसई थाना क्षेत्र अंतर्गत किनकेल पहाड़कोना गांव में सड़क किनारे 60 वर्षीय वृद्ध का शव पुलिस ने बरामद किया है। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी राजेश कुमार ने बताया की ग्रामीणों ने सूचना दिया कि सड़क किनारे 60 वर्षीय वृद्ध लक्ष्मण प्रधान नामक शॉप व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है और पुलिस घटनास्थल पर पहुंची जहां पर उन्होंने पाया की व्यक्ति का शव पड़ा हुआ था और जहां पर पूरे शरीर में चींटी लगा हुआ था पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सिमडेगा भेज दिया । इधर उसके पुत्र ने बताया कि उसके पिता को पूर्व से मिर्गी बीमारी की शिकायत थी। संभवत वह अपने पुराने घर जा रहे थे इसी दौरान मिर्गी का दौरा आ गई होगी और आसपास किसी प्रकार का मदद नहीं मिला और वह बेहोश हो गए बाद में रात भर खुले आसमान के नीचे रहने के कारण ठंड से उसकी मौत हो गई होगी ।इधर पुलिस इस मामले में छानबीन कर रही है।

कुडू के टाटी में बेखौफ अपराधियों ने दिनदहाड़े बैंक मित्र को मारी गोली

- गंभीर रूप से जख्मी को रांची वेदांता अस्पताल में कराया गया भर्ती
- एक अपराधी को ग्रामीणों ने पकड़ कर की धुनाई, दो को पुलिस ने खदेड़कर कर पकड़ा
- कुडू बाजार टांड में अपराधियों ने पुलिस पर भी की फायरिंग, बाल बाल बचे कुडू थाना प्रभारी



नवीन मेल संवाददाता

कुडू-लोहरदगा। शुक्रवार 4 नवंबर की सुबह बैंक मित्र से पैसा लूटने पहुंचे बेखौफ अपराधियों ने उसे गोली मार दी। जिससे वह बुरी तरह से जख्मी हो गया। घायल बैंक मित्र की पहचान अमर पासवान 20 वर्ष पिता भुनु पासवान के रूप में किया गया है। इधर गोली मारकर भाग रहे एक अपराधी को ग्रामीणों ने पकड़कर दमभर पिटाई कर दी। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची कुडू पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद अपराधी को ग्रामीणों के चंगुल से छुड़ाया। जबकि वारदात में शामिल दो अपराधकर्मी भागकर कुडू बाजार टांड झखरा के समीप पहुंचे जिन्हें पुलिस ने खदेड़कर पकड़ लिया। इधर सूचना पर पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार, एसडीपीओ वशिष्ट नारायण सिंह, इंस्पेकर मंटु कुमार कुडू पहुंच मामले की जानकारी ली। घटना की वजह लूट मानी जारही है। चर्चा है कि तीन लाख की लूट हुई है। लेकिन फिलहाल इसकी पुष्टि नही हुई है। इधर पुलिस सभी के आपराधिक इतिहास खंगाल रही है।

मिली जानकारी के अनुसार टाटी निवासी बैंक मित्र अमर पासवान शुक्रवार 4 नवंबर की सुबह 10 : 30 बजे अपने घर से निकल कर सड़क के दूसरी तरफ अपने सीएससी सेंटर जा रहा था तभी बिना नंबर की टीवीएस अपाची बाइक में सवार तीन अपराधी वहां पहुंचे। उसमे से एक ने अमर के हाथ से बैग छीनने की कोशिश की, जिसका अमर ने विरोध किया तभी दूसरे अपराधी ने ताबड़तोड़ चार गोलियां चला दी जिसमे एक गोली कमर में लगी। गोली लगने से घायल अमर जमीन पर गिर गया और चिल्लाने लगा। आवाज सुनकर घर में से परिजन निकले और ग्रामीणों के साथ दौड़ा कर एक हमलावर को पकड़ लिया, जबकि दो हमलावर अपनी बाइक छोड़कर भाग निकले।

जरा सी चूक से अपराधियों की गोली का शिकार हो जाते थाना प्रभारी अविनव कुमार

मिली जानकारी के अनुसार सूचना पर तत्काल अपराधियों को पकड़ने गए कुडू थाना प्रभारी अविनव कुमार और पुलिस टीम पर अपराधियों ने फायरिंग शुरू कर दी जिसके बाद जवाबी करवाई में थाना प्रभारी ने भी फायरिंग की। जिसमे दो गोली थाना प्रभारी के बगल से निकल गयी जिससे वे बाल बाल बच गए। बाद में पुलिस दोनों अपराधियों को पकड़ने में सफल हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस ने कुडू थाना क्षेत्र के सलगी निवासी प्रकाश यादव, और लातेहार जिला के हेरहंज निवासी मनीष यादव और विकाश गंझू को गिरफ्तार किया है। साथ ही पिस्टल मैगजीन और गोली और अपाची बाइक भी बरामद की है। हालांकि पुलिस की ओर से इसकी पुष्टि नही की गई है। संभवतः आज एसपी कार्यलय में प्रेसवार्ता की जाएगी।

प्रकाश यादव के बुलावे पर वारदात को अंजाम देने कुडू पहुंचे थे अपराधकर्मी

सूत्रों की माने तो सलगी निवासी प्रकाश यादव ने पहले से अमर की रेकी की थी और विकास गंझू और मनीष यादव को मैच देखने के बहाने बुलाकर वारदात को अंजाम दिया।

जलडेगा रास मेला की तैयारियों में जुटा प्रशासन लाखों लोगों के मेला में शामिल होने का अनुमान

नवीन मेल संवाददाता

जलडेगा। प्रखंड के हाई स्कूल परिसर में 9 नवंबर को होने वाले ऐतिहासिक राधा कृष्ण रास मेला को देखते हुए प्रशासनिक स्तर पर बैठकों का दौर चल रहा है रास मेला के लिए अंचलाधिकारी डॉ खगेन महतो को दंडाधिकारी नियुक्त किया गया है एवं उनके निर्देश पर मेला संचालन हेतु कमिटी गठित की गई है साथ ही रास मेला कमिटी से भी मेला के आयोजन की तैयारियों की जानकारी ली जा रही है। कोरोना काल में मेला का आयोजन नही किया गया था इसलिए अंदेशा जताया गया है कि इस बार रास मेला का आयोजन होने से इसमें लाखों लोगों के शामिल होने का अनुमान है। कार्तिक पूर्णिमा के रात लगने वाले मेले में सुरक्षा एवं वाहनों के पार्किंग सहित अन्य पहलुओं पर जलडेगा पुलिस ने तैयारी शुरू कर दी है इसी क्रम में शुक्रवार को जलडेगा के पुलिस निरीक्षक सुरेश लिंडा एवं थाना प्रभारी फिलिप मिंज सहित रास मेला कमिटी के सदस्यों ने आयोजन स्थल तक आने वाली मुख्य प्रवेश स्थल जलडेगा लचरागढ़ रोड के लिए जलडेगा मिडिल स्कूल, ओड़गा रोड में राजू साहू के आवास एवं सिमडेगा रोड के लिए थाना के पीछे के मैदान का निरीक्षण किया जहां पुलिस निरीक्षक ने पुलिस की मौजूदगी में वाहन संग्रह केंद्र स्थापित करने का निर्देश दिया। पुलिस निरीक्षक सुरेश लिंडा ने कहा कि 3 वर्षों बाद रास मेला का आयोजन होगा ऐसे में भारी संख्या में लोगों के पहुंचने की संभावना है इसलिए लोगों को कोई परेशानी न हो इसलिए वाहनों के पार्किंग स्थल का चयन किया जा रहा है जिससे मेला परिसर में जाम की स्थिति ने हो साथ ही पुलिस मेला को लेकर रणनीति बना रही है जिससे मेला शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हो।

ज्ञात हो कि जलडेगा रास मेला पूरे झारखंड में प्रसिद्ध है साथ ही मेला का आनंद लेने पड़ोसी राज्यों ओडिसा, बंगाल, छत्तीसगढ़ आदि के लोग भी आते हैं। मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा वहीं इसका मुख्य आकर्षण पश्चिम बंगाल के पुरुलिया से आने वाले छउ नृत्य होगा। मौके पर रास मेला कमिटी से सुभाष साहू, मोतीलाल ओहदार, आशीष इंदवार, जोगे बिंझिया, त्रिलोक साहू आदि उपस्थित थे।

उपायुक्त की अध्यक्षता में विद्युत विभाग का हुआ समीक्षात्मक बैठक

बिजली आपूर्ति से संबंधित समस्याओं का त्वरित निष्पादन करने का दिया दिशा-निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। उपायुक्त सिमडेगा आर. रॉनीटा की अध्यक्षता में शुक्रवार को विद्युत विभाग की समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में बिजली आपूर्ति, संचरण एवं विद्युत बिल से संबंधित विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। 33 केवी बीरू से जोराम एवं बांसजोर पावर हाउस की समीक्षा के क्रम में कार्यपालक अभियंता विद्युत ने बताया कि 33 केवी बीरू से जोराम जो कि रेल पोल में है उस एक सप्ताह के अंदर चालू कर दिया जायेगा। साथ ही बांसजोर में अधिष्ठापित पावर हाउस को भी एक सप्ताह के अंदर चालू करने की बात कही। जिसे कि बांसजोर के ग्रामीण क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति में सुधार होगा। उपायुक्त ने बिजली आपूर्ति से संबंधित समस्याओं का त्वरित निष्पादन करने कि दिशा आवश्यक निर्देश दिये। बैठक में विद्युत कार्यपालक अभियंता विशेश्वर मरांडी उपस्थित थे।

एसडीओ के निर्देश पर होटलों में चलाया छापेमारी, चार दुकानों में पाया गया घरेलू सिलेंडर

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। एसडीओ महेन्द्र कुमार के निर्देशानुसार शुक्रवार को सिमडेगा मुख्यालय अन्तर्गत विभाग आदेशानुसार 14.2 किलोग्राम गैस सिलेण्डरों का इस्तेमाल अवैध रूप से किये जाने की सूचना के आलोक में छापामारी टीम का गठन करते हुए सिमडेगा मुख्यालय में संचालित होटलो. ढाबो, ठेला एवं खोमचो में छापामारी कि गई। जिसमें चार घरेलू सिलेंण्टरो का इस्तेमाल होटलों में अवैध रूप से कर रहें थे एसडीओ ने बताया कि व्यावसायिक सिलेण्डरों की मुल्य में बढ़ोतरी के कारण कुल व्यावसायिक संस्थानों ने घरेलू सिलेण्डरो 14.2 किलोग्राम के इस्तेमाल बहुतायत में करना शुरू कर दिया है। कुछ स्थानों में 19 किलोग्राम वाले व्यावसायिक सिलेण्डरो में 14.2 किलोग्राम वाले एल०पी०जी० गैस की पल्टी जाने की सूचना प्राप्त होते रहती है। दूसरे शहरों में घरेलू सिलेण्डरों का इस्तेमाल वाहनों में भी हो रही है इस तरह की घटना सिमडेगा जिला अन्तर्गत न हो इस हेतु जिला प्रशासन के द्वारा छापामारी टीम बनाते हुए छापामारी की गई एवं निरंतर छापामारी अभियान चलता रहेगा, एसडीओ सिमडेगा ने सभी कस्बे के व्यवसायीयों से आग्रह किया है की घरेलू सिलेण्डरो का इस्तेमाल अवैध रूप से करें अन्यथा भविष्य में पकड़े जाने पर कठोर कार्रवाई की जायेगी ।छापेमारी टीम में सुश्री अपूर्वा मिंज, खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी सिमडेगा, राहुल कुमार एफएलसी, एनसीडी एवं कर्मी उपस्थित थे।

कुडू प्रखंड में आयोजित हुआ कार्यक्रम आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा/कुडू। आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन आज लोहरदगा जिला के कुडू प्रखंड के जिंगी पंचायत में भी आयोजित हुआ। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में रीना कुमारी, अध्यक्ष, जिला परिषद लोहरदगा, नारायण राम, जिला कार्यपालक दंडाधिकारी, लोहरदगा विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला परिषद, सदस्य पूर्व, प्रमुख कुडू, अध्यक्ष 20 सूत्री कुडू, उपाध्यक्ष 20 सूत्री, कुडू, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी कुडू, अंचल अधिकारी कुडू, पंचायत समिति सदस्य जिन्गी, 20 सूत्री के सदस्य गण, मुखिया जिन्गी, सभी वार्ड सदस्य जिन्गी शामिल हुए। कार्यक्रम में सभी पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों के संबोधन के बाद परिसंपत्तियों का भी वितरण किया गया जिसमें मनरेगा के तहत प्रति गांव 05-05 योजना का शुभारंभ करते हुए 23 योजना का स्वीकृति पत्र वितरण किया गया। सर्वजन पेंशन के तहत वृद्धा पेंशन-06, विधवा पेंशन-03, विकलांग पेंशन-01 लाभुकों को स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। साबित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत 05 छात्राओं को स्वीकृति पत्र का वितरण किया गया। आज के कार्यक्रम में जिला जनसम्पर्क कार्यालय, लोहरदगा से सूचीबद्ध कला दल लोक कला मंच के कलाकारों ने दल नायक मेघनाथ महतो के नेतृत्व में गीत संगीत व नुक्कड़-नाटक के माध्यम से जनजागरूकता कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में आमजनों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को एलईडी स्क्रीन पर लाईव सुना व देखा। मुख्यमंत्री पलामू जिला में आयोजित कार्यक्रम आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

सेन्हा प्रखंड में आयोजित हुआ कार्यक्रम आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार

लोहरदगा/सेन्हा। आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को लोहरदगा जिला के सेन्हा प्रखंड के बुटी पंचायत में आयोजित हुआ। सेन्हा के बुटी पंचायत के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय शाहबुटी के पीछे स्थित मैदान में शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में कुल 25 योजनाओं का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम में 06 लाभुकों को केसीसी, 05 सखी मंडल के बीच 2.5 लाख का क्रेडिट लिंकेज, 05 महिलाओं को फुलो झानो आशीर्वाद अभियान के अंतर्गत 10-10 हजार रुपए की सहायता राशि, 06 किशोरियों के बीच सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम में जिला जनसम्पर्क पदाधिकरी पलटू महतो, प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक चोपड़ा, अंचल अधिकारी विजय कुमार के साथ-साथ प्रखंड प्रमुख, जिला परिषद अध्यक्ष, 20 सूत्री अध्यक्ष समेत अन्य जनप्रतिनिधि आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम में पदाधिकारियों द्वारा राज्य सरकार के विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में आमजनों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को एलईडी स्क्रीन पर लाईव सुना व देखा। मुख्यमंत्री पलामू जिला में आयोजित कार्यक्रम आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। शुक्रवार के कार्यक्रम में जिला जनसम्पर्क कार्यालय, लोहरदगा से सूचीबद्ध कला दल झारखण्ड का नवा मंजर के कलाकारों ने दल नायक गणेश लोहरा के नेतृत्व में गीत संगीत व नुक्कड़-नाटक के माध्यम से जनजागरूकता कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

नालसा कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन को लेकर डीसी-एसपी के साथ पीडीजे ने की बैठक

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) नई दिल्ली के निदेर्शानुसार लोहरदगा जिले में विभिन्न कार्यक्रमों को लेकर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायधीश सह डालसा अध्यक्ष राजेंद्र बहादुर पाल के कार्यालय कक्ष में एक महत्पूर्ण बैठक हुई। जिसमें जिले के उपायुक्त सह डालसा उपाध्यक्ष डॉक्टर वाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस अधीक्षक सह डालसा सदस्य आर रामकुमार, लोहरदगा अनुमंडल के अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल एवं डालसा सचिव राजेश कुमार उपस्थित रहे। बैठक में मुख्य रूप से दिनांक 12/11/2022 को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में ज्यादा से ज्यादा वादों के निपटारे पर चर्चा हुई। साथ ही दिनांक 13/11/2022 दिन रविवार को लोहरदगा जिला के सभी 7 प्रखंडों में आयोजित की जा रही विधिक सेवा सशक्तिकरण कैंप के सफल आयोजन को लेकर रूपरेखा तैयार की गई। विधिक सेवा सशक्तिकरण कैंप के सफल आयोजन हेतु अनुमंडल पदाधिकारी लोहरदगा श्री अरविंद कुमार लाल को नोडल ऑफिसर नियुक्त किया गया है, जिन्हें सातों प्रखंडों के प्रखंड पदाधिकारियों से समन्वय स्थापित कर कार्यक्रम के पश्चात डालसा कार्यालय में रिपोर्ट समर्पित करवाना है। नालसा के अन्य कार्यक्रमों को लेकर प्राधिकार के अध्यक्ष राजेन्द्र बहादुर पाल ने कहा कि आजादी के अमृत काल को ध्यान में रखते हुए नालसा, नई दिल्ली ने पूरे भारतवर्ष में दिनांक 31/10/2022 से लेकर 13/11/2022 तक दो प्रोग्राम चलाएं हैं। लोहरदगा जेल एवं बाल सुधार गृह में बंद अभियुक्तों एवं बच्चों के बीच 'हक हमारा भी तो है' का अभियान चलाया जा रहा है जिसका उद्देश इस बात का पता लगाना है कि कोई बंदी ऐसा तो नहीं जिसे किसी तरह का शारीरिक, केस संबंधित या कोई अन्य तकलीफ हो किंतु उस पर किसी की नजर नहीं जा पा रही है, सभी कैदियों से जेल में जाकर पूछताछ कर रिपोर्ट तैयार किया जा रहा है। वहीं नालसा के द्वारा चलाए जा रहे 'आउटरीच प्रोग्राम से सशक्तिकरण' का उद्देश घर- घर जाकर नालसा के विभिन्न 11 योजनाओं के बारे में जानकारी देना है। इस संबंध में डालसा सचिव राजेश कुमार ने बताया कि जेल में बंद लगभग 400 कैदियों से अधिवक्ता एवं पीएलवी के दो संयुक्त टीमें 29 प्रश्नोत्तरी के माध्यम से बंदियों के समस्याओं को जानने का प्रत्यन कर रही है। साथ ही 'आउटरीच कार्यक्रम' के तहत लोहरदगा जिले के विभिन्न प्रखंडों के पदस्थापित डालसा के पीएलवी एवं सामाजिक सरोकार रखने वाले अधिवक्तागण नागरिकों के मौलिक अधिकार एवं कर्तव्य, विभिन प्रकार के कल्याणकारी कानूनों एवं सरकार के द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दे रहे हैं, ताकि हर व्यक्ति अपने कानून एवं कल्याणकारी योजनाओं को जानकार सशक्त हो सके और उनका लाभ ले सके।

प्रेमिका के कारण प्रेमी युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

नवीन मेल संवाददाता

भंडरा/लोहरदगा। भंडरा थाना क्षेत्र के धोबाली गांव में प्रेमिका के कारण प्रेमी युवक ने फांसी लगाकर अपनी जान गंवा दी। स्व जलेश्वर लोहरा का बेटा दिलीप गुरुवार को सुबह करीब दस बजे बीएस कॉलेज पढ़ाई करने गया था। वहां से आने के बाद घर में रखे दुपट्टे को उसने फंदा बनाया और छत से लटक गया। इससे उसकी मौत हो गई। इस दौरान घर में कोई नहीं था। धान काट कर उसकी मां सूरजमुखी देवी जब घर लौटी तो उसे फंदा में लटका पाया। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस ने लाश को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिय लोहरदगा भेजा। चार नवंबर को लाश परिजनों को सौंपा गया। मृतक की मां सूरजमुखी देवी के बयान के आधार पर पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है। थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बताया कि पिछले दो वर्षों से मृतक का प्रेम संबंध भीठा गांव की एक लड़की के साथ था। पिछले कुछ दिनों से उसके साथ उसका संबंध ठीक नहीं था। घटना के कारणों का जांच पड़ताल किया जा रहा है। जांच के बाद करवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि मृतक की मां के बयान के अनुसार प्रेमिका से तंग आकर उसने फांसी लगाई है। घर में वह अपनी मां के साथ रहता था। बड़ा भाई बाहर कमाने गया है और उसके पिता की मृत्यु पांच साल पहले सड़क दुर्घटना में हो गई थी। उसके मौत के बाद उसकी मां घर में अकेली रह गई है। घटना के बाद से उसकी स्थिति खराब है। परिजनों का भी रो रो कर बुरा हाल है।

न्यूज गैलरी

जेएसएससी ने निकाला प्रमाण पत्रों के जांच की तिथि

मेदिनीनगर। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दो अगस्त को पारित आदेश के आधार पर हाई स्कूल शिक्षकों की रुकी हुई नियुक्ति प्रक्रिया फिर से शुरू की है। इसके तहत आयोग ने गुरुवार की शाम संस्कृत,गृह विज्ञान और बंगाली विषय के लिए शॉर्टलिस्ट किए गए अभ्यर्थियों की सूची जारी कर दी है। इन अभ्यर्थियों के प्रमाण पत्र की जांच 06 दिसम्बर से 08 दिसंबर तक दोनो पालियों में होगी। गौरतलब है कि सर्वोच्च न्यायालय ने सिविल अपील संख्या 4038/2022 झारखंड राज्य मामले में स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक प्रतियोगिता परीक्षा 2016 में गठित राज्य स्तरीय मेघा सूची के आधार पर नियुक्ति प्रक्रिया पूरी करने को कहा है। इसके तहत 302 अभ्यर्थियों को संस्कृत में और 4 अभ्यर्थियों को गृह विज्ञान में और बंगाली विषय मे 34 अभ्यर्थियों के प्रमाण पत्रों की जांच के लिए बुलाया गया है।आयोग के अनुसार प्रमाण पत्रों की जांच के लिए आमंत्रित किया जाना उम्मीदवार का अंतिम चयन नहीं है। आवश्यकता अनुसार विरुद्ध मेघा सूची में अंकित अनुक्रमांक से अन्य अभ्यर्थियों को भी प्रमाण पत्रों की प्रारंभिक जांच हेतु आमंत्रित कर सकता है। वैसे अभ्यर्थी जो किसी कारण निर्धारित तिथि को प्रमाण पत्रों की जांच के लिए नहीं आ सकेंगे, उन्हें 16 दिसंबर को इसके लिए अंतिम अवसर प्रदान किया जायेगा।

आज चलाया जायेगा सोशल मीडिया अभियान

मेदिनीनगर। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग एवं झारखंड लोक सेवा आयोग की सभी नियुक्तियों में उम्र सीमा में पांच वर्ष की छूट को लेकर शनिवार को सोशल मीडिया अभियान चलाया जायेगा। इसकी जानकारी इस अभियान के नेतृत्वकर्ता राजेश ओझा ने दी। उन्होंने बताया कि झारखण्ड में हेमंत सरकार बनने से दो वर्ष पहले 2018 से ही कोई नियुक्ति नहीं हो पाई है। अगर एक दो परीक्षा हुई भी तो किसी कारणवश रद्द हो गई या लटकी हुई है। इस कारण लगभग 05 लाख रिक्त पद पड़े हुए हैं। कर्मचारी के आभाव में सरकारी कार्य ठप पड़ा हुआ है और विकास बाधित है। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में सिर्फ नेता ही आपके द्वार पहुंच रहे हैं कर्मचारी नदारद हैं। वह इसलिए की कार्यरत कर्मचारी भी पिछले 45 दिनों से आन्दोलन रत हैं। दुसरी ओर पिछले पांच साल से परीक्षा नही होने के कारण झारखण्ड के युवाओं की उम्र और नौकरी की उम्मीद दोनों खत्म हो गई है। इसके लिए 5 को आयोग के द्वारा आगामी सभी सरकारी भर्ती में उम्र की सीमा छूट को लेकर अभियान चलाया जायेगा।

कौन कौन होंगे शामिल : इसमें मुख्य तौर पर सभी शिक्षक संस्थान में शिक्षकों ने सहयोग किया है। डिजिटल क्रांति में सहयोग देने के लिए कुणाल फाइनल आईएएस, प्रताप सिंह, राजेश ओझा, जोहार फाइटर, स्टडी विद स्मृति, पतंजलि विनय आईएएस एकेडमी, छात्र नेता देवेंद्र नाथ महतो, गुलाम हुसैन, मनोज यादव, उड़ान आईएएस एकेडमी, एग्जाम हेल्पर, एग्जाम फाइटर, दुबे आईएएस एकेडमी, झारखंड स्टेट स्टूडेंट यूनियन, झारखंड यूथ एसोसिएशन, जोहार स्टूडेंट फाइटर इस अभियान में शामिल होंगे।

आजसू पार्टी की बैठक में भावी कार्यक्रमों पर चर्चा

मेदिनीनगर। आजसू पार्टी के केन्द्रीय कार्यालय रांची में विधान सभा और जिला प्रभारियों की एक बैठक केन्द्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में पार्टी के भावी कार्यक्रमों पर चर्चा की गयी और यह तय किया गया कि 07 नवंबर को सभी जिलों में आजसू पार्टी जिला कार्यसमिति की बैठक जिला प्रभारी की देखरेख में होगी । यह जानकारी पार्टी के केन्द्रीय सचिव और गढ़वा के प्रभारी सतीश कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि नगर निकाय चुनाव में सरकार द्वारा ओबीसी आरक्षण खत्म करने के विरोध में 17 नवंबर को आजसू पार्टी राज्यव्यापी आंदोलन करेगी। 18 नवंबर को आजसू पार्टी केंद्रीय कमिटी की बैठक होगी । जबकि 20 नवंबर को अखिल झारखण्ड श्रमिक संघ का राज्यस्तरीय सम्मेलन बेरमो में होगा। इसके अलावा अखिल झारखण्ड बुद्धिजीवी मंच का राज्यस्तरीय सम्मेलन 27 नवंबर को रांची में और अखिल झारखण्ड महिला संघ का राज्यस्तरीय सम्मेलन 04 दिसंबर को कोनार डैम क्षेत्र, मांडू में होना निर्धारित किया गया है।

अधिवक्ता संघ के महासचिव ने वस्त्र का किया वितरण

मेदिनीनगर। पलामू जिला अधिवक्ता संघ के महास चव सुबोध कुमार सिन्हा छठ महापर्व के दौरान व्रतधारियों के बीच अपने आवास पर साड़ी धोती व पूजन सामग्री का वितरण किया। इस मौके पर उन्होंने दर्जनों लोगों को वस्त्र आदि प्रदान किये। उन्होंने कहा कि छठ महापर्व साक्षात भगवान भुवन भास्कर का पर्व है । इस पर्व की महता काफी लोकप्रिय है। उन्होंने कहा कि छठ महापर्व हमें शुद्धता का जीवन कैसे व्यतीत करना है सिखाता है । यह पर्व हम गरीब, अमीर ,ऊंच-नीच, जाति धर्म के बंधन से मुक्त होकर मनाते हैं।

कधवन पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित, जिप सदस्य ने कहा

लोगों की समस्याओं का होगा त्वरित समाधान

नवीन मेल संवाददाता

श्री बंशीधर नगर। प्रखण्ड के कधवन ग्राम स्थित उच्च विद्यालय परिसर में शुक्रवार को आपकी योजना,आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखण्ड प्रमुख उर्मिला देवी,प्रखण्ड विकास पदाधिकारी श्रवण राम, अंचलाधिकारी अरुण कुमार मुंडा, मुखिया संघ अध्यक्ष व कधवन मुखिया फिरदौस आलम, पंचायत समिति सदस्य फतेह मोहम्मद ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

प्रखण्ड विकास पदाधिकारी श्रवण राम ने कहा कि आपकी योजना,आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम लोगो तक पहुंचाना तथा उन योजनाओं का लाभ योग्य लाभुकों को दिलाना है। उन्होंने उपस्थित लोगों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी विस्तार से देते हुये कहा कि आप सभी अपनी समस्याओं को लिखित रूप से सम्बंधित विभाग के लगे स्टॉल पर जमा कराएं। आपकी समस्याओं का समाधान शीघ्र करने की दिशा में पहल किया जायेगा। प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी ने कहा कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में जनता की समस्या को सुनकर निष्पादन किया जा रहा है। जिपस बाला रानी ने कहा कि झारखंड सरकार 16 योजनाओं को लेकर जनता के बीच उपस्थित है। उन्होंने कहा कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में जनताओं का समस्या का सुनकर त्वरित रूप से निष्पादन किया जा रहा है। इस तरह के कार्यक्रम होने से जनता में काफी खुशी का माहौल है। मौके पर पूर्व प्रमुख रविंद्र पासवान,कल्याण पदाधिकारी सोशलिस्ट राम,सीडीपीओ रीना साहू, प्रखण्ड पंचायत राज समन्वयक कौशल कुमार,पीएम आवास के प्रखण्ड समन्वयक स्नेहा सिंह, सीएचओ दिनेश मीणा,इरफान अख्तर, उषा देवी,झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अमर राम, इकबाल खान, सुनील कुमार,आरती कुमारी, महिला पर्यवेक्षिका माया गुप्ता, अंचल कार्यालय सहायक इरफान अख्तर, कृषि सरोज सोनकर,बीपीओ राजदीप कुमार, पल्लवी चौबे सहित विभिन्न विभाग के पदाधिकारी, कर्मी व बड़ी संख्या में पंचायत की महिला, पुरुष उपस्थित थे।

कार्यक्रम में कुल 731आवेदन प्राप्त हुए

आपकी योजना,आपकी सरकार,आपके द्वार कार्यक्रम में कुल 731आवेदन प्राप्त हुए। जिसमे 579लोगो का समस्या का निष्पादन किया गया जिसमे प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 253,आजीविका से संबंधित 225,सावित्री बाई फुले बालिका समवृद्धि योजना के तहत 57,कृषि केशीशी से संबंधित 32,विभिन्न प्रकार के पेंशन के लिये 22,आपूर्ति विभाग से सम्बंधित30 ,भू राजस्व से संबंधित7 ,ई श्रम कार्ड के लिए 21,पेयजल स्वच्छता विभाग से सम्बंधित 37 तथा 15वें वित्त से सम्बंधित 47 आवेदन शामिल है। सभी विभागों के अलग अलग स्टॉल लगाये गये थे।

डीडीएम ने स्वास्थ्य उपकेंद्रो का किया निरीक्षण, दिये कई निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

केतार। शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग के जिला टीम के द्वारा केतार प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों का जांच किया गया। इस दौरान जिला टीम के डीडीएम सुजीत मुंडा, आरसीएच ऑफिस के ऑपरेटर रंजना भारती के द्वारा उपस्वास्थ्य केंद्र केतार ,उप स्वास्थ्य केंद्र बीजडीह, एवं स्वास्थ्य उप केंद्र कधवन का निरीक्षण कर स्वास्थ्य उपकेंद्र परिसर की साफ-सफाई, शौचालय ,स्टॉक पंजी एवं लाइटिंग आदि की व्यवस्था की जांच कि।इस अवसर पर डीडीएम सुजीत मुंडा ने कहा कि 5 से 11 नवंबर तक दिल्ली से सीआरएम की टीम द्वारा गढ़वा जिले के विभिन्न स्वास्थ्य केन्द्र और स्वास्थ्य उप केंद्रों की जांच करेगी। इसी के मद्देनजर विभिन्न स्वास्थ्य केंद्र कि जांच कर स्वास्थ्य उपकेंद्र की व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त करने का प्रयास किया जा रहा है। मौके पर ऑपरेटर अनूप कुमार, एमपीडब्ल्यू मनोज पाठक , एएनएम पबिता कुमारी आदि उपस्थित थे।

लापुंग में पैन इंडिया जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

बेड़ो। जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची के तत्वावधान में शुक्रवार को बेड़ो प्रखंड के जरिया व लापुंग प्रखंड के लोहागढ़ा गांव में डालसा का पैन इंडिया जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं डालसा के पीएलवी ने नालसा व झालसा स्कीम व सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में भी शिरकत कर कानूनी बातों की जानकारी दिया। इस दौरान बेड़ो प्रखंड के जरिया एवं लापुंग प्रखंड के लोहागढ़ा गांव में डोर-टू-डोर जाकर जागरूकता कार्यक्रम किया गया। साथ ही सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में आये हुए सभी लोगों को निःशुल्क विधिक सहायता एवं झालसा एवं नालसा की योजनाओं के बारे में जानकारी दी गयी। इस कार्यक्रम में पीएलवी प्रतीमा देवी,ललिता देवी, उमेश कुमार, सतीश कुमार एवं राजा मौजूद थे।

डालसा के पीएलवी ने उपस्थित लोगों को जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची से मिलने वाली सुविधाओं तथा वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, लेबर कार्ड एवं लोक अदालत के बारे में बताया। वक्ताओं ने नालसा एवं झालसा के द्वारा चलाये जा रहे योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। सतीश कुमार एवं उमेश कुमार ने उपस्थित लोगों को पीड़ित मुआवजा तथा लोक अदालत के बारे में बताया। ज्ञात हो कि आगामी 12 नवम्बर को आयोजित होनेवाली राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में भी जानकारी दी गयी।लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों को सुलझाने का लक्ष्य रखा गया है। इस दौरान पीएलवी के द्वारा उपस्थित लोगों के बीच पम्पलेट एवं लिफलेट का वितरण भी किया गया।

मेयर प्रत्याशी पूनम सिंह ने वार्ड 11 में चलाया जनसंपर्क अभियान

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। नगर निगम चुनाव नजदीक आ चुका है। इसी क्रम में प्रत्याशियों का जनसंपर्क अभियान प्रतिदिन जारी है। वहीं पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष पूनम सिंह ने भी मेयर पद के लिए चुनाव प्रचार करने मैदान में उतरी है। शुक्रवार की सुबह मेयर प्रत्याशी पूनम सिंह शहर के वार्ड संख्या 11 हमीदगंज,कंदाखाड़ इलाके में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने लोगों की समस्याओं को सुनते हुए उन्हें आश्वासन दिया है कि मेयर बन कर जनता की समस्याओं का शीघ्र समाधान करेंगी। जनसंपर्क अभियान के दौरान लोगों से मिलकर पूनम सिंह ने कहा कि मेदिनीनगर शहरी क्षेत्र में सबसे बड़ी समस्या जल जमाव की है। कई वार्ड में सड़क का निर्माण नहीं हुआ है। नालों का निर्माण भी नहीं हुआ है। जिसकी वजह से नाली का पानी सड़क पर बह रहा है। जिससे राहगीरों को आने-जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अगर वह इस बार मेयर बनती है तो सबसे पहले शहर में अधूरे पड़े सारे कार्य को वह पूरा करेंगी। खासकर जलजमाव की समस्या को लेकर वह काम करेंगी। वही उन्होंने वार्ड नंबर 11 में जनसंपर्क करने के दौरान देखा कि बीएन कॉलेज इलाके में नाली और सड़क का घोर अभाव है। जर्जर सड़क और सड़क पर बहते नाली के पानी को देखकर उन्होंने नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि जीत के बाद जितने भी जर्जर सड़क और नाली का शीघ्र निर्माण कराया जायेगा। मौके पर ज्योति कुमारी, किरण देवी, विनीता देवी , वीरेंद्र चंद्रवंशी,उर्मिला देवी,कृष्णा सिंह, जितेंद्र सिंह मौजूद थे।

बेड़ो में धूमधाम से किया गया तुलसी विवाह

बेड़ो। पवित्र कार्तिक मास में घर के आंगन में महारानी तुलसी व भगवान शालिग्राम के विवाह कराने का विशेष महत्व है। इसी के तहत शुक्रवार की रात भक्तों द्वारा परंपरागत व धार्मिक आस्था व विश्वास से विवाह संपन्न कराया। पुजारी लाल बाबा ने बताया कि शास्त्रों के अनुसार आज के दिन तुलसी की पूजा की जाती है तथा विवाह का उत्सव मनाया जाता है। इस अवसर पर काफी संख्या में भक्त मौजूद रहे। सभी ने तुलसी विवाह की कथा श्रवण कर भगवान को नमन किया। तुलसी विवाह संपन्न होने पर सभी भक्तों में प्रसाद का वितरण किया गया।

प्राकृतिक संसाधन के संरक्षण पर प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

बेड़ो। डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल परिसर में शुक्रवार को बच्चों द्वारा प्राकृतिक संसाधन के संरक्षण पर प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा नव के बच्चों द्वारा चार प्रोजेक्ट बनाया गया था। जिसमें पहला प्राकृतिक संसाधन का दुरुपयोग, दूसरा प्राकृतिक संसाधन में नवीकरणीय ऊर्जा का उपयोग कैसे अधिक हो, तीसरा प्रदूषण से बचाव और चौथा प्रदूषण के कारण। कक्षा दस के बच्चों द्वारा पहला जल संरक्षण और दूसरा संरक्षित जल के उपयोग। प्रोजेक्ट शिक्षक संदीप सिंह ने बच्चों को गाइड किया और प्राकृतिक संसाधन के संरक्षण पर प्रोजेक्ट बनवाया ताकि बच्चे टॉपिक को सही से समझ पाएं। और बाकी बच्चों को भी प्रेरित करें। विद्यालय के निदेशक कैलाश कुमार ने कहा कि विद्यालय में इस तरह के आयोजन से बच्चों में विषय को समझने में आसानी होती है और सिर्फ पढ़ कर समझने से अच्छा उस विषय पर प्रोजेक्ट बनाकर अच्छी तरह से समझा जा सकता है। ऐसे में बच्चे पढ़ाई में रुचि लेते हैं और अच्छे से समझते हैं। बच्चों में जागरूकता आती है। उन्होंने कहा पृथ्वी पर जीवन बचाने के लिए प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण आवश्यक है। इसका उपयोग कैसे करना है भविष्य के लिए कैसे संरक्षित रखना है ताकि आने वाली पीढ़ी इसका उपयोग कर सके और अधिक से अधिक नवीकरणीय ऊर्जा जैसे सौर ऊर्जा ,पवन ऊर्जा, हाइड्रो पवार का का उपयोग बढ़ाना है जो कभी खत्म नहीं होगी। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सभी शिक्षकों का योगदान रहा।

बीडीओ ने की योजनाओं की समीक्षा, संबंधितों को दिये कई दिशा-निर्देश

गिद्धौर(चतरा)। शुक्रवार को गिद्धौर प्रखंड कार्यलय में बीडीओ संजीत कुमार सिंह ने जेएसलपीएस, तेजस्विनी परियोजना, मनरेगा, पीएम आवास आदि की समीक्षा संबंधित कर्मियों के साथ बैठक कर की। बैठक में उपस्थित कर्मियों को बीडीओ ने बताया कि आगामी 7 नवम्बर को प्रखंड कार्यालय परिसर में डालसा के तहत विधिक सेवा प्राधिकार के तहत सशक्तिकरण को ले शिविर लगाया जायेगा। जिसमें मनरेगा, पीएम आवास, अम्बेडकर आवास की स्वीकृति पत्र, जेएसलपीएस, वृद्धावस्था पेंशन, सावित्री बाई फुले के तहत छात्राओं को स्वीकृति पत्र सहित कई परिस्मम्पतियों का वितरण किया जायेगा। तैयारी को लेकर कई दिशा निर्देश दिया। बैठक में प्रधान सहायक संजीत पाठक, नाजीर रामदेव ठाकुर, शम्भू राणा, संध्या कुमारी, आरफत नाजनी, सुनील कुमार सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

बिरसा मुंडा जयंती धूमधाम से मनाने को लेकर हुई बैठक

नवीन मेल संवाददाता

चंदवा। 15 नवंबर को बिरसा मुंडा जयंती सह झारखंड स्थापना दिवस धूमधाम से मनाने को लेकर शहर के गुरिटाँड़ स्थित बिरसा मुंडा स्मारक स्थल पर बिरसा मुंडा स्मारक समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करमा मुंडा ने की। बैठक में आगामी 15 नवंबर को बिरसा मुंडा जयंती सह झारखंड स्थापना दिवस धूमधाम से मनाने को लेकर विचार विमर्श किया गया जयंती के अवसर पर गुरिटांड़ स्थित स्मारक स्थल पर मेले का भी आयोजन करने, मेले में शराब की बिक्री पर रोक लगाने, कमिटि से इजाजत लेकर ही दुकान लगाने, पारंपरिक तरीके से अतिथियों का स्वागत करने आदि निर्णय लिया गया। बैठक में वक्ताओं ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त कार्यक्रम में पलामू प्रक्षेत्र के डीआईजी राजकुमार लकड़ा समेत कई मुख्य अतिथि शामिल होंगे जिसकी तैयारी अभी से ही शुरू कर दी गई है। संचालन समिति में अध्यक्ष बबन मुंडा ,कार्यकारी अध्यक्ष रंजीत उंराव, सचिव बिनोद भगत,सह सचिव गणेश मुंडा,सुखलाल मुंडा,उपाध्यक्ष सकूल मुंडा,सुरेशनाथ लोहरा मीडिया प्रभारी मालहन मुखिया जतरु कुमार मुंडा को बनाया गया है।

चार सूत्री मांगों को ले शिक्षक संघ ने काला बिल्ला लगाकर किया काम

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पड़वा प्रखंड के सरकारी विद्यालय में कार्यरत अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के सदस्यों शिक्षकों ने शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षकों के प्रति उदासीन व शिक्षक विरोधी रवैया के विरोध में काला बिल्ला लगाकर कार्य किया। अजाप्ता के जिला उपाध्यक्ष सह मध्य विद्यालय बासू के प्रधानाध्यापक रामानुज प्रसाद ने कहा कि हम सभी अपनी चार सूत्री मांगों बिहार की तर्ज पर एमएसीपी , छठे वेतन आयोग के वेतन विसंगतियों को दूर करना, इंटर डिस्ट्रिक्ट ट्रांसफर को सरल सुगम बनाना, आरटीई के मानदंडों के प्रतिकूल एनजीओ के दबाव में गैर शैक्षणिक कार्यों की बहुलता से पूर्णरूपेण निजात को ले शुक्रवार को काला बिल्ला लगाकर काम किया। कहा कि आगामी 7 व 12 नवंबर को जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन सौंपा जाएगा तथा 19 नवंबर को राजभवन के समक्ष रोष प्रदर्शन किया जाएगा। इस मौके पर अजाप्ता के प्रखंड अध्यक्ष नंद कुमार मेहता, डीडीओ अवधेश कुमार, राजीव कुमार ,संजय बैठा, अजय कुमार पाठक, सतनारायण पांडेय, सहित दर्जनों शिक्षकों ने काला बिल्ला लगाकर विद्यालय में कार्य किया।

देव जागे, शुरू होंगे मांगलिक कार्य

पलामू में धूमधाम से मना देवउठनी पर्व

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू में छोटी दिवाली के रूप में मनायें जाने वाले देवउठनी एकादशी का पर्व पूरे धूमधाम व भक्तिभाव के साथ मनाया गया। सुबह से ही लोग इस त्योहार की तैयारियों में जुट गए थे और शाम होते ही घरों में तुलसी-शालिग्राम का विवाह संपन्न कर देवउठनी पर्व मनाया। स्थानीय मंदिरो में भी तुलसी विवाह का पर्व हर्षोल्लास व भक्तिभाव के साथ मनाया गया। सुबह से घरों में तुलसी विवाह की तैयारियां शुरू हो गई थी। घरों में पूजा स्थल की गोबर से लिपाई व साफ-सफाई कर लोगों ने गन्ने से मंडप तैयार किया था। महिलाओं ने दिनभर उपवास रखा और जिसके बाद उन्होंने पूजन सामग्री, सुहाग सामग्री व मिष्ठान अर्पण किया और विधि विधानपूर्वक तुलसी विवाह किया। तुलसी विवाह के बाद बच्चों ने आतिशबाजी भी की। इससे पूर्व सुबह से ही बाजार में रौनक बनी हुई थी। शहर के बाजार, छह मुहान पुराना बस स्टैंड में आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से ग्रामीण पूजा समग्री, फूल, बताशा और अन्य सामग्री बेचने के लिए पहुंचे हुए थे। बड़ी संख्या में लोगों ने पूजन सामग्री और फूल की खरीदारी भी की। साथ ही देव उठनी पर्व पर गन्ने का विशेष महत्व है। तुलसी विवाह के लिए गन्ने से ही मंडप तैयार किया जाता है। जिसे देखते हुए दो दिन पहले ही शहर में गन्ने की बिक्री शुरू हो गई थी। पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष गन्ने के दाम में काफी बढ़ोत्तरी हुई है। इस वर्ष 40 से 80 रुपए जोड़ी में गन्ने की बिक्री हुई। शहर व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में कृषक व व्यापारी गन्ने के बिक्री के लिए शहर पहुंचे थे।

शुभ कार्य होंगे शुरू:-तुलसी ब्याह के साथ ही शुभ कार्यो पर लगा चार माह का विराम समाप्त हो गया। देव उठनी एकादशी में देवताओं के जागने के साथ ही शादी, गृहप्रवेश, मुंडन संस्कार आदि मांगलिक कार्य हिंदू धर्म में शुरू हो जायेंगे। आषाढ़ शुक्ल पक्ष की एकादशी को भगवान विष्णु चार माह के लिए क्षीरसागर में शयन करते हैं। भगवान के शयन के दौरान चार माह तक मांगलिक कार्य वर्जित रहते हैं। चार माह तक शयन करने के बाद कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष के एकादशी को भगवान विष्णु जागते हैं और इसके बाद मांगलिक कार्य भी शुरू हो जाते हैं। इस दिन तुलसी जी का विवाह भगवान शालिग्राम से कराया जाता है। जो मनुष्य तुलसी जी का विवाह भगवान विष्णु से करते हैं। उनके इस जन्म व पिछले जन्म के सभी पाप नष्ट हो जाते हैं।

मन्दिरो में हुआ विशेष पूजन : स्थानीय बैनी मंदिर,विष्णु मंदिर,सत्यनारायण मंदिर और स्टेशन रोड स्थित शिव मंदिर में भगवान विष्णु को जगाने के साथ ही विशेष पूजन किया गया। पुरोहित ओम पाठक ने बताया कि आज से जगत का कार्यभार विष्णु जी संभाल लेंगे और सभी मांगलिक कार्य शुरू हो जाएंगे। उन्होंने बताया कि हिन्दू धर्म मे जगत के पालक के रूप में विष्णु जी का ही कार्य होता हैं

कनारोवां में आज लगेगी सरकार आपके द्वार के तहत शिविर, मूलभूत सुविधाओं की घोर कमी

नवीन मेल संवाददाता

बानो। प्रखंड के कनारोवां पंचायत में आज पांच नवम्बर को सरकार की महत्वपूर्ण कार्यक्रम आपकी योजना ,आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम होने वाला है जिलामुख्यालय बानो प्रखंड आने से मार्ग में पहला पंचायत पड़ता कनारोवां पंचायत। पंचायत के कई गांवों आज भी कई बुनियादी सुबिधा नही है।कई मायनों में पिछड़ा है। कहते है न प्रखंड से पंचायत कार्यालय तक सुगम मार्ग का साधन हो उस पंचायत में विकास की गति तेज हो जाती है। परंतु जनता आज भी सड़क के लिए तरस रहे है। मुख्य मार्ग जराकेल से पंचायत तक सड़क जर्जर है। ऐसे में कैसे होगा विकास कार्य। आज भी कनारोवां पंचायत के बड़ोमदा ग्राम और कनारोवां बाघरूपटा रेल लाइन पार में विद्युत एवं पेयजल की समस्या है। मोबाइल के नेटवर्क कुछ गांवों में है पर अधिकतर गावों में नही रहने के कारण बिकास कार्य व पढ़ाई बाधित हो रही हैं। बड़ोमदा और बरबेड़ा को जोड़ने वाली मार्ग में बरबेड़ा नदी में पुल नही है। ऐसे में बारिश के दिन बड़ोमदा ग्राम पंचायत कार्यालय से भी कट जाता है। और बाघरूटा रेलवे पीसीसी पथ से बाघरूपटा खास होते हुए कनारोवां गंझु टोली तक जाने वाली मार्ग जर्जर पड़ा है। वही गंजू टोली से अम्बा टोली मार्ग जो पबुडा पंचायत को जोड़ता है। वह भी जर्जर हालत में है। पंचायत के आम जनता को आज के सरकार आपके द्वार कार्यक्रम से कई अपेक्षा लेकर पहुचेंगे कार्यक्रम में । नव निर्वाचित मुखिया मिंसी लीना तिर्की नेबताया कि ग्रामीणों की समस्या दूर करने की कोशिश की जा रही है। पंचायत के विभिन्न गांवों के हाथी प्रभावित लोगों को कई महीने बीत जाने के बावजूद मुवावजा नही मिली है। ग्रामीण परेशान हैं।

सम्पादक की कलम से...

पक्ष-विपक्ष के तीर व झारखंड

झारखंड की सियासत में सोशल मीडिया पर पक्ष-विपक्ष के बीच खूब तीर चल रहे हैं। अब सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच शक्ति प्रदर्शन सड़क पर होगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ईडी से समन के बाद से ही झामुमो हमलावर है। ईडी का समन मिलने के बाद सत्तारूढ़ महागठबंधन ने राज्यव्यापी आन्दोलन की घोषणा कर दी है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में संपन्न महागठबंधन के विधायकों की बैठक में ही यह तय हुआ था कि पांच नवम्बर को यानि आज से सभी जिला मुख्यालयों में ईडी और केंद्र सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया जायेगा। इस बीच गुरूवार को झामुमो कार्यकर्ता जुटे और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उन्हें संबोधित किया। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि मालूम चला है कि भाजपा के लोग आन्दोलन करनेवाले हैं। कौन कौन आन्दोलन में निकलता है उसे चिन्हित करें। मुख्यमंत्री के इस बयान के बाद से भी राजनीति गरमाई हुई है। मालूम हो कि भाजपा ने पिछले सप्ताह ही 7 नवम्बर को राज्य सरकार की नीतियों के खिलाफ आन्दोलन की घोषणा की है। बहरहाल गुरूवार को पलामू प्रवास के दौरान हेमंत सोरेन ने जमकर भाजपा को लताड़ा। हालांकि मौका था आपकी योजना,आपकी सरकार,आपके द्वार कार्यक्रम की। उनके भाषण में उग्रता देखी गई। ऐसा इसके पहले कभी नहीं देखा जाता था। दूसरी तरफ विपक्ष भी कहां चुप रहने वाली है। हेमंत सोरेन के बयान पर भाजपा विधायक दल के नेता सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने पलटवार किया है। मरांडी ने कहा कि क्या मुख्यमंत्री राज्य में टारगेट पॉलिटिकल किलिंग करने का आदेश दे रहे हैं? क्या ये भाजपा के कार्यकताओं को धमकी नहीं है। कोई भी कानून के दायरे में धरना व प्रदर्शन कर सकता है। उन्होंने मुख्यमंत्री को कहा कि उम्मीद थी कि संवैधानिक अधिकारों को लेकर ऐसी धमकी भरी बातें सीएम नहीं करेंगे। जवाब जनता देगी, इंतजार कीजिए. घोटाले की गिरफ्त में फंसे होने के चलते जेल जाने के खतरे से आपकी बेचैनी और बौखलाहट समझ में आ रही है। लूटो और विरोध करनेवालों को सबक सिखाओ, इस चक्कर में आपने खुद अपनी यह हालत बनायी है। ऐसे में जहां एक ओर सीएम हेमंत विपक्ष के निशाने पर हैं,वहीं समन किये जाने के बाद कांग्रेस की ओर से अपनाये गये आक्रामक रुख को लेकर पार्टी में खटराग शुरू हो गया है। कई सीनियर नेताओं ने इसे हड़बड़ी में लिया गया फैसला करार दिया है लेकिन कोई खुलकर कोई नहीं बोल रहा है। इन नेताओं का कहना है कि अभी कुछ दिनों पूर्व ही सोनिया गांधी और राहुल गांधी को समन किया गया था, जिसके विरोध में कांग्रेस ने सभी जिला मुख्यालयों में ईडी कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया था। इन प्रदर्शनों में झारखंड मुक्ति मोर्चा कहीं नहीं दिखा। अब जब मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को समन किया गया है तो पूरी पार्टी आंदोलन के लिए तैयार हो गई है। एक गुट झामुमो से पल्ला झाड़ने की मांग करने लगा है। संगठन से लेकर मंत्रियों तक के बयान आ रहे हैं। इसे लेकर पार्टी अपना स्टैंड स्पष्ट कर रही है। पार्टी नेतृत्व का कहना है कि राज्य सरकार विकास कार्यों को लेकर आगे बढ़ रही है और इसे प्रभावित करने के लिए भाजपा ने साजिश के तहत ईडी के माध्यम से आक्रमण कराया है। ऐसे में सहज अंदाजा लगाया जा सकता है कि आने वाले दिन सीएम के लिए कठोर परीक्षा की होगी।

आज का इतिहास

1895 : भारतीय क्रिकेट टीम के प्रथम टेस्ट कप्तान सी. के. नायडू का जन्म।
1911 : प्रसिद्ध अभिनेता अशोक कुमार का जन्म।
1948 : सूफी भक्ति संगीत और कव्वाली के प्रसिद्ध गायक नुसरत फतेह अली खान का जन्म।
1964 : डॉ. मार्टिन लूथर किंग जूनियर को 35 वर्ष की उम्र में अमेरिकी समाज में रंगभेद के विरुद्ध अहिंसात्मक आंदोलन के लिए नोबेल शांति पुरस्कृत किया गया।
1981 : होस्नी मुबारक मिस्र के चौथे राष्ट्रपति बने।
1979 : जर्मनी के बॉन में परमाणु ऊर्जा के खिलाफ करीब एक लाख लोगों ने प्रदर्शन किया।
1997 : ब्रिटेन की महारानी एलिजाबेथ द्वितीय और प्रिंस फि लिप ने अमृतसर के जलियांवाला बाग में शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।
1999 : परमाणु परीक्षण प्रतिबंध संधि (सीटीबीटी) अमेरिकी सीनेट में नामंजूर।
2000 : अमेरिका ने पाकिस्तान सहित 22 देशों में अपने दूतावास बंद किये।
2002 : बुसान में 14वें एशियाई खेलों का समापन।
2004 : पाकिस्तान की नेशनल असेंबली ने राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ को सेना प्रमुख बनाये रखने वाला विधेयक पारित किया।
2007 : अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) ने चिकित्सा और कृषि क्षेत्रों में परमाणु प्रौद्योगिकी के प्रयोग के लिए नेपाल को मंजूरी प्रदान की।
2008 : भारतीय रिजर्व बैंक ने म्युचुअल फंड्स की जरुरतों को पूरी करने के लिए अतिरिक्त 200 अरब रुपये जारी करने की घोषणा की।
2010 : दिल्ली में 19वें राष्ट्रमंडल खेलों का समापन।
2012 : नाइजीरिया की एक मस्जिद में बंदूकधारियों ने 20 लोगों की हत्या की।
1976 : बोलीविया में बोइंग जेट विमान दुर्घटनाग्रस्त, 100 लोगों की मौत।
1987 : कोस्टारिका के राष्ट्रपति ऑस्कर आरियास को शांति का नोबेल पुरस्कार मिला।

खदानों में खटते मजबूरी के मजदूर

> दुनिया के तमाम देशों के कोयला खदानों में मजदूरों की हालत लगभग एक जैसी है। इनकी हालत हर वक्त खस्ता बनी रहती है। इनकी जिंदगी हर समय खतरों से खेलती है। तरह-तरह के दुखों ने इन्हें घेर रखा है। इनकी समस्याओं और परेशानियों को दूर करने के नाम पर चल रहे एनजीओ इनके हालात सुधारने में नाकाम रहते हैं। पेट, आंख और सांस की बीमारियां इनकी जिंदगी का हिस्सा होती हैं। ये तनाव और दिल संबंधी बीमारियों के अभ्यस्त हो जाते हैं। कोयले की जहरीली धूल के असर से सांस की एक न एक खतरनाक बीमारी इन्हें दबोचे रहती है।

केंद्र सरकार का उपक्रम होने के कारण इनमें सुधार, सुविधा और जरूरी संसाधन मुहैया कराने की बात तो कही जाती रही है, लेकिन हकीकत में मजदूरों को उनका हिस्सा नहीं मिल पाया। आज भी मजदूरों की स्थिति में कोई खास सुधार नहीं हो पाया है। सैकड़ों की तादाद में ऐसे मजदूरों को, जो पिछले पच्चीस सालों से मजदूरी कर रहे हैं, उन्हें स्थायी नहीं किया जा सका है। दुनिया के तमाम देशों के कोयला खदानों में मजदूरों की हालत लगभग एक जैसी है। इनकी हालत हर वक्त खस्ता बनी रहती है। इनकी जिंदगी हर समय खतरों से खेलती है। तरह-तरह के दुखों ने इन्हें घेर रखा है। इनकी समस्याओं और परेशानियों को दूर करने के नाम पर चल रहे एनजीओ इनके हालात सुधारने में नाकाम रहते हैं। पेट, आंख और सांस की बीमारियां इनकी जिंदगी का हिस्सा होती हैं। ये तनाव और दिल संबंधी बीमारियों के अभ्यस्त हो जाते हैं। कोयले की जहरीली धूल के असर से सांस की एक न एक खतरनाक बीमारी इन्हें दबोचे रहती है। इस बीमारी को 'कोल वर्कर्स न्यूमोकोनियोसस' या 'ब्लैक लंग' या काला फेफड़ा नाम से भी जाना जाता है। यह बीमारी लाइलाज है। इन मजदूरों को उनके काम के मुताबिक वेतन नहीं मिल पाता। तीन पालियों में काम करने वाले ये मजदूर महज दो से चार हजार वेतन पर काम करते हैं। यानी इन्हें केंद्र सरकार द्वारा तय न्यूनतम मजदूरी भी नहीं मिलती। एक सर्वेक्षण से पता चला है कि तीन फीसद मजदूरों को बीस साल पहले महीने भर में महज दो से छह सौ रुपए मिलते थे। आज भी हालात कमोबेश वही हैं। खदानों के राष्ट्रीयकरण के बीस साल बाद भी कुल कोयले में आधे से ज्यादा का उत्पादन ठेका मजदूर कर रहे हैं, जिन्हें न स्थायी मजदूरों की तरह वेतन मिल रहा है, न सामाजिक सुरक्षा। वर्ष 2003-04 से कोयला उद्योग यानी कोल इंडिया में आउटसोर्स के नाम पर ठेका मजदूरों से कोयला उत्पादन का काम शुरू हुआ। इसके लिए श्रम कानून में ढील दी गई। तब कहा गया था कि ठेका मजदूरों के समान सुविधाएं और वेतन दिया जाएगा। मगर न सुविधाएं मिलीं और न समान वेतन ही मिला। छत्तीसगढ़ राज्य कोयला उत्पादन में सबसे ऊपर है। यहां 127.095 करोड़ टन कोयले का उत्पादन होता है। वहीं झारखंड में 113.014 करोड़ टन और ओड़ीशा में 112.917 करोड़ टन कोयले का उत्पादन होता है। कोयला मजदूरों की हालत इन तीनों राज्यों में लगभग एक जैसी है। सरकार कोयला खदानों का व्यावसायिक खनन के नाम पर निजीकरण कर रही है। जानकारों के मुताबिक, सरकार ने मजदूर संगठनों को एक तरह से हाशिये पर डाल दिया है। गौरतलब है कि चौवालीस श्रम कानून संसद के दोनों सदनों से पारित हो गये हैं। वर्ष 2012 में ठेका मजदूरों को चार वर्गों में बांटते हुए वेतन निर्धारित किया गया, पर ये जमीन पर लागू नहीं हुए। फिर गठित समिति ने 2018 में वेतन निर्धारित किये। इस समिति ने ठेका मजदूरों के सीएमपीएफ, मेडिकल सुविधा आदि की अनुशंसा की। कोल इंडिया ने आदेश जारी किये, लेकिन अनुशंसा, अनुशंसा ही रह गई। आज भी वही बारह घंटे काम और नौकरी की कोई सुरक्षा नहीं। हर साल ठेका मजदूरों को 8.33 फीसद सलाना बोनस की घोषणा होती है, लेकिन मिलता नहीं। कोयला खदान मजदूरों की हालत कोरोना की दूसरी लहर में ज्यादा खराब हुई। अस्पतालों की दशा इस कदर खराब थी कि मजदूरों को बुखार व दूसरी समस्याओं पर भी गौर नहीं किया गया। कई मजदूरों की मौत हो गई। उनके खानपान, शिक्षा, आवास और रोजमर्रा की जरूरी चीजों का ध्यान नहीं रखा जाता। रोजाना की जरूरतों पर गौर न करने की वजह से मजदूरों की हालत धीरे-धीरे जानवरों से बदतर हो जाती है। चर्म रोग, टीबी, सांस की बीमरियां, सिर दर्द, आंख की समस्याएं, हड्डी और पाचन संबंधी समस्याएं आम हैं। ठेकेदार मनमाने ढंग से मजदूरी करवाता और मजबूरी का फायदा उठाकर उनका हर तरह से शोषण करता है। मजदूरों के हित में काम करने वाली संस्थाएं ठेकेदारों की शोषण और क्रूरता पर कभी खुलकर आवाज नहीं उठातीं। कई बार खदानों में पानी भर जाने, आग लगने या कार्बन की मात्रा बढ़ जाने पर मजदूरों की मौत हो जाती है, लेकिन सरकार और ठेकेदार नियमानुसार मुआवजा-राशि नहीं देते।

■ अखिलेश आर्येंदु

बदलाव के बावजूद

मल्लिकार्जुन खडगे इस पद पर पहुंचे हैं कांग्रेस पार्टी के अंदरूनी चुनाव में शानदार जीत हासिल करके, लेकिन पद संभालते हुए अपने पहले भाषण में स्पष्ट किया उन्होंने कि उनकी मार्गदर्शक सोनिया गांधी रहेंगी। सोनियाजी को उन्होंने 'त्याग की मूर्ति' कह कर इतनी तारीफ उनकी की कि हम जैसों को याद दिलाया कि एक बार फिर वही होने वाला है कांग्रेस पार्टी के साथ, जो कभी भारत सरकार के साथ हुआ था। बिलकुल वैसे जैसे प्रधानमंत्री की कुर्सी के पीछे सोनिया गांधी खड़ी थीं, वैसे अब कांग्रेस के नये अध्यक्ष के पीछे वे अपने बच्चों के साथ खड़ी रहेंगी। जिस दिन खडगे साहब ने शशि थरूर को हराया था, मैंने इस बात को एक टीवी चर्चा में कहने की कोशिश की, लेकिन इसलिए कि मैंने कहा कि गोपनीयता कानून को तोड़ कर प्रधानमंत्री के दफ्तर से सोनिया गांधी के पास सरकारी कागजात भेजे जाते थे, मुझे खूब जूते खाने पड़े सोशल मीडिया पर। कांग्रेस के अधिकारी, पूर्व मंत्री और गांधी परिवार के खानदानी वफादार ऐसे पीछे पड़े मेरे कि दो दिन तक गालियों का पहाड़ टूट पड़ा मेरे सिर पर। कांग्रेस के प्रशंसक अनुभवी हैं, सो चतुराई से विषय बदल कर साबित करने का प्रयास हुआ कि मैंने अपने प्रिय डाक्टर मनमोहन सिंह को बदनाम किया है। कांग्रेस के एक अधिकारी ने मुझे एक पत्र भेजा यह कहते हुए कि मेरे खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जायेगी। उस पत्र को उस अधिकारी ने ट्विटर पर डाला, सो मुझे ट्विटर पर उसका जवाब देना पड़ा, जिसके बाद गालियों का एक और पहाड़ टूटा मेरे ऊपर। विषय इतना बदल गया कि लोग भूल गए कि मैं कहना क्या चाहती थी। सो, साफ करना चाहती हूं कि मैं माजरा क्या है। डाक्टर साहब दूसरी बार जब प्रधानमंत्री बने, तो दूसरे दौर के पहले दिनों में उन्होंने कहा कि राहुल गांधी जब भी उनकी नौकरी लेने के लिए अपने आप को तैयार समझेंगे, उसी दिन वे अपनी कुर्सी उनके हवाले कर देंगे। इस दूसरे दौर में शायद ही कोई अहम फैसला रहा होगा, जिस पर सोनियाजी का ठप्पा नहीं लगाया गया था। सोनियाजी के प्रशंसक खुद मानते हैं कि मनरेगा योजना भारत सरकार ने मंजूर की थी सोनियाजी के कहने पर और राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम भी उनकी देन थी भारत को। ऐसी योजनाओं को तैयार किया जाता था सोनियाजी की राष्ट्रीय सलाहकार परिषद में, जो उन दिनों भारत सरकार के मंत्री भी मानते थे कि भारत सरकार की मंत्री परिषद से ज्यादा असरदार थी। कहने का मतलब है कि सोनिया गांधी ने बेशक प्रधानमंत्री का पद ठुकराया था अपनी अंतरात्मा की आवाज पर, लेकिन वास्तव में देश की सबसे ताकतवर राजनेता वही रहीं उस पूरे दशक में, जब उनकी मर्जी का प्रधानमंत्री बना था। इस बात को शायद देश का हर नागरिक जानता था, जिसको राजनीति में थोड़ी भी रुचि थी। प्रधानमंत्री ने शायद गोपनीयता की शपथ न तोड़ी हो, लेकिन नटवर सिंह और जयंती नटराजन जैसे वरिष्ठ मंत्रियों ने स्वीकार किया है कि एक अधिकारी नियुक्त किया था सोनिया गांधी ने प्रधानमंत्री के दफ्तर में, जो उन तक सरकारी दस्तखत पहुंचाया करता था।

■ तवलीन सिंह

क्या मोरबी हादसे का सच सामने आयेगा?

हूं अहिं छूं पण मारू मन मोरबी ना पीड़ित परिवार साथै छे (मैं यहां हूं लेकिन मेरा मन मोरबी के पीड़ित परिवारों के साथ है) गुजराती भाषा में कहे गये ये शब्द प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हैं। 30 अक्टूबर को लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती का मौका था। इस अवसर पर राजपीपला स्थित स्टैच्यू ऑफ यूनिटी पर आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी थे। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर अपने संबोधन में मोरबी के मच्छू डैम पर झूलते पूल के टूटने की घटना पर दुःख जताते हुए यह बात कही। उनके संबोधन के बाद सभी सांस्कृतिक कार्यक्रम स्थगित कर दिये गये। आम आदमी पार्टी के गोपाल इटालिया और इशुदान गढ़वी घटना वाली रात को ही मोरबी पहुंच गये। अगले दिन सुबह गुजरात कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी और राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भी मोरबी पहुंच कर पीड़ित परिवारों के साथ संवेदना व्यक्त की। अगले दिन प्रधानमंत्री भी पहुंचे, लेकिन इन औपचारिक कवायदों का और लोगों के लिए चाहे जो भी मतलब हो, मृतकों के परिवारजनों का गम इससे दूर नहीं होने वाला।

सिरामिक का मक्का : इस हादसे से पहले तक मोरबी गुजरात के बाहर सिरामिक उद्योग की वजह से ही जाना जाता था। सिरामिक उद्योग का मक्का कहलाने वाला मोरबी कस्बा गुजरात के काठियावाड़ प्रायदीप में बसा हुआ है। 2011 की जनगणना के अनुसार, मोरबी की जनसंख्या 1,94,947 है। मोरबी शहर मच्छू नदी के किनारे बसा हुआ है। यहां से लगभग 35 किलोमीटर दूरी पर समंदर शुरू हो जाता है, जो मोरबी को मध्य और पूर्वी एशिया के साथ अफ्रीका से जोड़ता है। देश का 70 प्रतिशत सिरामिक उद्योग इसी शहर में है। मोरबी में पर्यटकों को झूलतो पुल के अलावा नगर दरवाजा और त्रिमंदिर आकर्षित करते हैं। वर्तमान की दुखद घटना से पहले 11 अगस्त 1979 को मच्छू डैम टूटने से सैलाब आया था, जिसमें तकरीबन 2500 लोगों की मौत हुई थी। तब सैकड़ों करोड़ की संपत्ति की हानि हुई थी। 30 अक्टूबर की घटना मोरबी के इतिहास की दूसरी सबसे त्रासद घटना है। नदी की सतह से 60 फुट की ऊंचाई पर बने इस पुल की गुणवत्ता जांचे बिना आम जनता के लिए छुट्टी के दिनों में खोल देने के पीछे लापरवाही नहीं, भ्रष्टाचार ही मुख्य कारण लगता है। प्राइवेट पब्लिक पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल के नाम पर घड़ी बनाने वाली कंपनी ओरेवा ट्रस्ट को नगरपालिका ने संचालन एवं पुनरुद्धार के लिए चयनित किया था। दुर्घटना के बाद पुलिस द्वारा दर्ज प्राथमिकी में ओरेवा कंपनी का नाम लिखने के बजाय लिखा है, 'पुल का संचालन करने वाली एजेंसी और उसका मैनेजमेंट या जांच में जिसका नाम मिले वह व्यक्ति' जबकि टिकटों पर भी ओरेवा कंपनी का नाम लिखा है। नगरपालिका द्वारा कोई भी फिटनेस सर्टिफिकेट नहीं दिया गया था। जिला कलेक्टर ऑफिस और नगरपालिका के पास स्ट्रक्चर स्टेबिलिटी रिपोर्ट भी नहीं है। दुर्घटना के बाद स्थानीय प्रशासन यह कहते हुए पल्ला झाड़ रहा है कि एक बार झूला ठेके पर देने के बाद स्ट्रक्चर रिपोर्ट और फिटनेस सर्टिफिकेट लेने की जिम्मेदारी एजेंसी की होती है। ध्यान देने वाली बात यह है कि पीपीपी मॉडल में प्रॉफिट बंटवारे को तो तय कर लिया जाता है, लेकिन जिम्मेदारी तय नहीं होती। मौजूदा मामले में भी यही होता दिख रहा है। **पुलिस की हिचक :** दुर्घटना के बाद जांच की दिशा और गति देखकर भी यही लगता है कि सरकारी तंत्र इस घटना की जिम्मेदारी तय नहीं कर पा रहा है। अब तक पुलिस ने नौ लोगों को गिरफ्तार किया है। लेकिन जिस प्रकार की प्राथमिकी दर्ज हुई है और जिस तरह से जांच आगे बढ़ाई जा रही है, उससे लगता है कि अपराधी बहुत शक्तिशाली हैं। ओरेवा कंपनी के मलिक को अभी तक गिरफ्तार नहीं किया गया है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में जब पत्रकारों ने राजकोट रेंज के आईजी से पूछा कि अबतक ओरेवा के मलिक की गिरफ्तारी क्यों नहीं हुई तो थोड़ा असहज होते हुए उन्होंने जवाब दिया, 'जांच में जिसकी भूमिका निकलेगी, उसे छोड़ा नहीं जायेगा। 'पुलिस जांच में कुछ भी निकले, लेकिन इस पूरे प्रकरण से कुछ सवाल उभरकर सामने आए हैं, जिन पर विचार करना जरूरी है। मोरबी का ऐतिहासिक झूलता पुल पिछले सात महीने से बंद था और उसके रेनोवेशन का काम जारी था। यह बात सामने आ रही है कि रेनोवेशन का काम ध्रान्धरा की देव प्रकाश सलूशन ने किया था, जबकि पुल के संचालन का कार्य ओरेवा ग्रुप के पास है। एक बात यह देखने की है कि पुल कहां से टूटा है। दरबार गढ़ के कोने पर दो पाए में एंकर फास्नर से लोहे के स्ट्रक्चर और लोहे की केबल को जोड़ा गया था। एंकर पिन टूट जाने से पूरा पुल धराशायी हो गया। एंकर पिन कैसे टूटी, यह मुख्य जांच का विषय हो सकता है क्योंकि पुल के दोनों सिरे के स्ट्रक्चर को एंकर पिन जोड़ता है।

■ मोहम्मद कलीम सिद्दीकी

धर्म दर्शन

श्री मद्देवी भागवतमाहात्म्यम्

अथ प्रथमोऽध्यायः

विष्णुके दर्शनके आकांक्षी वे भास्करनन्दन घोड़ेपर सवार होकर जब वहाँ पहुँचे तब लक्ष्मीजीकीदृष्टि अश्वपर विराजमान रेवन्तपर पड़ गयी ॥ 52 ॥

समुद्रसे प्रादुर्भूत अपने भाई अलौकिक उच्चैः श्रवा घोड़ेको देखकर वे महान विस्मयमें पड़ गयीं और उसके रूपको स्थिर नेत्रोंसे देखती रह गयीं ॥ 53 ॥

भगवान विष्णुने उस मनोहर रेवन्तको म बैठकर आता हुआ देखकर लक्ष्मीजी प्रेमपूर्वक पूछा- हे सुन्दर अंगोंवाली हे प्रिये। दूसरे कामदेवक समान तेजोमय शरीरवाला यह कौन है जो पर सवार होकर तीनों लोकोंको मोहित करता हुआ इधर चला आ रहा है ॥ 54-55 ॥

उस समय घोड़ेको एकटक देखते रहने से देववशात उसीमें चित्तयोग हो जानेके कारण भगवान विष्णुके` बार-बार पूछने पर भी लक्ष्मीजीने कुछ नहीं कहा ॥ 56 ॥

व्यासजी बोले- भगवान विष्णु कामिनी, चपल नेत्रोंवाली तथा चंचला लक्ष्मीको अत्यन्त मोहित` होकर अत्यधिक प्रेमके साथ निहारती हुई तथा उस अश्वमें अनुरक्त बुद्धिवाली देखकर क्रोधित हो उठे और उनसे बोले-हे सुलोचने! तुम क्या देख रही हो? इस घोड़ेको देखकर मोहित हुई तुम मेरे पूछने पर भी उत्तर नहीं दे रही हो ॥ 57-58 ॥

क्योंकि तुम्हारा चित्त सभी ओर रमण करता है। अतएव 'रमा' और तुम्हारी चंचलताके कारण तुम 'चला' कही जाओगी; इसमें सन्देह नहीं है ॥ 59 ॥

जिस प्रकार सामान्य नारी चंचल होती है, उसी प्रकार हे कल्याणि । तुम भी कभी स्थिर स्वभाववाली नहीं रहोगी ॥ 60 ॥

मेरे पास रहनेपर भी तुम यदि एक अश्वको देखकर मोहित हो गयी हो तो हे वामोरु ! तुम अत्यन्त दारुण मर्त्यलोक में घोड़ीके रूपमें जन्म ग्रहण करो ॥ 61 ॥

दैवयोगसे भगवान विष्णुने जब देवी लक्ष्मीको ऐसा शाप दे दिया तब वे अत्यन्त भयभीत तथा दुःखी होकर काँपती हुई रोने लगीं ॥ 62 ॥

सुन्दर मुसकानवाली लक्ष्मीजी दुविधामें पड़ गय और अपने पति भगवान विष्णुको विनयसे युक्त होकर मस्तक झुकाकर प्रणाम करके उनसे कहने लगीं- ॥ 63 ॥

हे देवदेव ! हे जगदीश्वर! हे करुणानिधान! हे केशव ! हे गोविन्द ! एक छोटेसे अपराधके लिये आपने मुझे ऐसा शाप क्यों दे दिया ? ॥ 64 ॥

- क्रमशः

संपादक के नाम पाठकों की पाती

वाहन चलाते समय सतर्क रहें

आंकड़े बताते हैं कि सड़क दुर्घटना में मरनेवालों की संख्या ज्यादातर युवाओं की होती है, जिनमें अधिकांश हेलमेट नहीं पहननेवालों की है। इतना कुछ होने के बावजूद बिना हेलमेट व तीन सवारी बैठाये युवको को बाइक चलाते आम तौर पर देखा जा सकता है। आज कल के युवाओं में ज्यादातर यह देखा जाता है कि युवा वर्ग के लोग गाड़ी चलाते समय अपने मोबाइल को अपने कानों से दबा कर बाइक चलाते हुए बात करते है। जो कभी भी दुर्घटना का कारण बन सकती है। वैसे तो प्रशासन के द्वारा बार बार हेलमेट लगाने को लेकर जांच की जाती है। साथ ही गाड़ी चलाते हुए मोबाइल पर बात करने को लेकर मनाही की जाती है साथ ही साथ गाड़ी चलाते वक्त मोबाइल से बात न करने की भी सलाह दी जाती है। यह दुर्घटना का कारण बन सकती है। बाइक सवार अपने सिर व कंधे के बीच मोबाइल दबाकर सड़क पर चलते दिखाई देते हैं। इन सब बातों से दुर्घटना की पूरी संभावना रहती है। इन सब बातों पर न ही उनके अभिभावक ध्यान देते हैं और ना ही ट्रेफिक पुलिस। वहीं, आम आदमी इससे मतलब नहीं रखता है। इन दुर्घटनाओं से बचने के लिए आवश्यक है कि मोबाइल पर बात करना अगर आवश्यक है,तो हम बाइक रोककर एक जगह बात कर सकते हैं। बाइक पर एक हाथ से बाइक चलाना और मोबाइल पर बात करना उनके लिए एवं अन्य लोगों के लिए खतरनाक हो सकता है। मैं आपके लोकप्रिय हिंदी दैनिक समाचार पत्र राष्ट्रीय नवीन मेल के माध्यम से ऐसा करने वाले युवकों से अनुरोध करता हूं कि इस तरह बाइक पर मोबाइल से बात करके अपने औरों की जान जोखिम में नही डालें।

■ रघु सिंह , मेदिनीनगर।

तलवार की धार पर चलता पाकिस्तान

पाकिस्तान इन दिनों तलवार की धार पर है। हालात क्या करवट लेंगे, कहना बहुत मुश्किल है। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान चर्चा के केंद्र में चल रहे हैं। पहली बार इस तरीके से किसी नागरिक नेता ने पाकिस्तान की फौज और रियासत को चुनौती दी है। वर्तमान रियासत और फौज सकते में हैं, उन्हें समझ में नहीं आ रहा है कि इस चुनौती को किस तरह संभाला जाए। पहले यह हुआ करता था कि जैसे ही कोई राजनेता फौज के खिलाफ बातें करता था या फौज को चुनौती देता था, उसे दूध से जैसे मक्खी को फेंका जाता है, वैसे फेंक दिया जाता था। कई बार बिल्कुल रातोंरात फेंक दिया जाता था, तो कई बार घेरे में लेकर खत्म किया जाता था। नवाज शरीफ, बेनजीर भुट्टो इत्यादि नागरिक नेताओं के साथ यही हुआ था। विरोधी नेता कद्दावर न हो, तो पकडकर सीधे जेल में डाल दिया जाता है। जैसे जावेद हाशिमी नाम के एक नेता थे, उन्होंने फौज के खिलाफ जब कुछ कहा, तो उन्हें 25 साल के लिए जेल में डाल दिया गया था मुशर्रफ के दौर में। ऐसे बहुत से उदाहरण हैं। पहली बार हुआ है कि इमरान खान पर हाथ डालने से फौज एक प्रकार से डर रही है। फौज को डर है कि इमरान के खिलाफ कोई कड़ा कदम उठाया या उन्हें जेल में डाल दिया, तो कहीं ऐसा उपद्रव न हो जाए कि जिसे फौज संभाल न पाए। उपद्रव केवल सडकों पर नहीं, ज्यादा बड़ा खौफ यह है कि फौज के अंदर भी दरारें आ गई हैं। इमरान खान ने कहा भी है कि फौज का आला कमान मेरे खिलाफ है, लेकिन फौज के मध्य अफसर हैं, मेरे साथ हैं। जनरल के परिवार भी मेरे हक में हैं। फौज को लग रहा है कि उसके कड़े कदमों से कहीं ह्यअरब स्प्रींगह्ल या विद्रोह जैसी स्थिति न पैदा हो जाए। उपद्रव हुआ, तो संभालने के लिए गोलियां चलानी पड़ेंगी, इसमें दो समस्याएं हैं। इमरान को खैबर-पख्तुनवा प्रांत से भी समर्थन मिल रहा है, लेकिन सबसे प्रभावी समर्थन पंजाब से आ रहा है। गौर कीजिए, पाकिस्तान में बलूच अगर रियासत के खिलाफ खड़े हों, तो उन्हें गोलियों से भून दिया जाता है। सिंधियों और पख्तूनों को भी मारपीट कर शांत कर दिया जाता है, लेकिन पंजाब में ऐसी ज्यादती करना मुश्किल हो जाता है। इमरान खान के साथ आम लोगों का समर्थन दिख रहा है। उच्च-मध्य वर्ग और मध्यवर्ग का भी समर्थन उन्हें मिल रहा है, इन वर्गों के लोग फौज में हैं, नौकरशाही में हैं, इंजीनियर, डॉक्टर, कारोबारी हैं। अपने ही लोगों पर गोली चलाना या जेल में डाल देना बहुत मुश्किल काम है। इससे उपद्रव की स्थिति और गंभीर हो सकती है। यह आशंका लगातार कायम है कि फौज तख्ता पलट दे, खुद देश की कमान संभाल ले। अभी फौज के जो प्रमुख हैं, वह छह साल से कमान संभाले हुए हैं। वह 29 नवंबर को रिटायर हो रहे हैं। पाकिस्तान में अब अगर फौज तख्ता पलटे, तो कोई एक डिक्टेटर या तानाशाह नहीं होगा। एक शब्द प्रचलित है जुंटा, वास्तव में हुंटा शब्द सही है। इस हुंटा में पांच-छह वरिष्ठ जनरल होंगे, जो सत्ता चलाएंगे। इसमें अपनी दुश्वारियां हैं, शासन चलाना आसान नहीं होगा। अब पाकिस्तान में कोई एक जनरल भी सत्ता संभाल ले, तो उसके लिए संभालना मुश्किल होगा। अभी फौज की स्थिति पाकिस्तान में बहुत घूमिल हो गई है। पहले जब तख्ता पलटा जाता था, तब चुनी हुई सरकार अलोकप्रिय हो गई होती थी और लोग चाहने लगते थे कि फौज सत्ता संभाले। अभी बिना जन-समर्थन के फौज के लिए भी सत्ता संभालना मुश्किल होगा। पाकिस्तान में एक और बड़ी बात हो रही है कि वहां की अर्थव्यवस्था घुटनों पर आ गई है। अगर दुनिया से कर्ज नहीं मिले, तो वहां श्रीलंका से भी बुरे हालात हो जाएंगे। इसके साथ ही तालिबान की वापसी के बाद से आतंकवाद फिर सर उठा रहा है। इसके अलावा बाढ़ ने भी एक बड़ी आबादी व अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाया है। अनेक समस्याएं साथ-साथ चल रही हैं। इमरान खान के लिए समस्या यह है कि फौज का नेतृत्व इमरान के पक्ष में नहीं हैं। इमरान की वजह से फौज में दरारें पड़ी हैं, समाज में भी मतभेद बढ़ा है। पाकिस्तान के हालात नाजुक हो गए हैं। पाकिस्तान को बाहर से मदद की जरूरत है। इमरान खान ने जिस तरह से विदेश नीति का संचालन किया है, उन्हें मदद कहीं से नहीं मिलेगी।

■ सुशांत सरीन

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं डीबी प्रिंट सौल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लि.) प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड में मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नयी दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com, (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

न्यूज गैलरी

नक्सलियों के जान से मारने की धमकी से ग्रामीणों के पलायन का सिलसिला जारी



दंतेवाड़ा (एजेंसी)। जिले से नक्सलियों के डर के चलते ग्रामीणों के गांव से पलायन का सिलसिला बदस्तूर जारी है। जिले के कटेकल्याण थाना क्षेत्र अंर्तगत नक्सलियों की दहशत के चलते ग्राम चिकपाल के हुंगा नामक एक ग्रामीण ने गांव छोड़कर अन्यंत्र पलायन कर गया है। बताया जा रहा है कि नक्सलियों ने उसे खुलेआम जान से मारने की धमकी दी है। ग्राम चिकपाल का ग्रामीण हुंगा एक बानगी मात्र है, नक्सल प्रभावित इलाकों से ऐसे सैकड़ों ग्रामीण नक्सली धमकी से पलायन कर चुके हैं, जिसका आंकड़ा नहीं मिलता है। कटेकल्याण थाना प्रभारी बंजारे ने शुक्रवार को जानकारी देते हुए बताया कि यह पोस्टर पुराना है और वर्तमान में ग्रामीण हुंगा गांव में नहीं है। बताते चलें कि दंतेवाड़ा के चिकपाल में नक्सलियों के दरभा डिवीजन ने हुंगा नामक एक ग्रामीण को आने वाले जनवरी माह तक हत्या करने की खुली चेतावनी गांव के पेड़ों में पोस्टर टांग कर दी है। ग्राम चिकपाल निवासी हुंगा की दुकान में गुरुवार देर रात नक्सली आ धमके, पहले उन्होंने दुकान में आगजनी की, फिर पास के ही पेड़ो में हूंगा की मौत का फरमान सुनाते हुए पोस्टर टांग दिया। इसमें नक्सलियों ने लिखा है कि चिकपाल में हुंगा नामक आदमी जो कि मुखबिर का काम करता है। साथ ही उसके पास दूरबीन और एक राइफल होने की बात भी पर्चे में लिखी है। इतना ही नहीं, नक्सलियों द्वारा जारी पर्चे में हुंगा की गोली मारकर हत्या करने की भी बात कही गई है।

तेज रफ्तार ट्रक ने खड़े कंटेनर में मारी टक्कर, एक की मौत

कानपुर देहात (एजेंसी)। जनपद के सिकन्दरा थानाक्षेत्र में नेशनल हाईवे पर तेज रफ्तार आलू लादकर जा रहे ट्रक ने खड़े कंटेनर में टक्कर मार दी। दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सिकंदरा थाना क्षेत्र के आलमपुर नेशनल हाईवे पर औरैया से कानपुर की ओर आलू लादकर एक तेज रफ्तार ट्रक जा रहा था। ट्रक अनियंत्रित होकर खड़े ट्राले में जा घुसा। हादसे में चालक मोहम्मद कैफ की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं ट्रक का परिचालक जीशान और वसीम गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिकंदरा पहुंचाया। घायलों ने बताया कि चालक को नींद आ जाने से यह घटना हुई है। डॉक्टर पवन कुमार के द्वारा दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल भिजवाया गया। थाना प्रभारी समर बहादुर यादव ने बताया कि मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि मृतक चालक मोहम्मद कैफ हरियाणा के मेवात का रहने वाला है जिसके परिजनों को सूचना दे दी गई है।

प. नेहरू की मूर्ति को पटना के स्टेशन से हटाना गलत : इन्तेखाब आलम

अररिया (एजेंसी)। पटना जंक्शन के सामने देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू जी की मूर्ति को बिहार सरकार द्वारा किसी दूसरे स्थान पर स्थानांतरित करना बिल्कुल ही गलत है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य इंतेखाब आलम ने शुक्रवार को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिक्कार्जुन खड़गे से मिलकर पटना की वस्तुस्थिति की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पटना के रेलवे स्टेशन से बाहर निकलने के क्रम में 50 साल पूर्व में पंडित जवाहरलाल नेहरु की स्टैचू लगाई गई थी, उसे सरकार द्वारा कंस्ट्रक्शन के नाम पर हटाना , गैर मुनासिब रवैया है। आलम ने कहा कि जो देश बनाने वाले लोग हैं, आज उनकी मूर्ति को दरबदर भटकाना किसी भी तरीके से ठीक नहीं है। आलम ने कहा कि आधुनिक भारत के निमार्ता प्रथम प्रधानमंत्री जो भारत को बनाने के क्रम में अपनी पूरी संपत्ति दान दे दिए और अपना पूरा जीवन भारत वासी को दे दिया। आज उनकी मूर्ति को दरबदर भटकाना गैर मुनासिब लगता है। आलम ने अपने पत्र को कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे को देते हुए कहा कि कृपया आप बिहार सरकार के मुखिया लोकप्रिय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से इस मुद्दे पर हस्तक्षेप करने का आग्रह किया और पंडित जवाहरलाल नेहरु की स्टैचू को वहीं स्थापित रहने का अनुरोध किया है।

देव दीपावली पर 80 लाख रुपये के फूलों से सजेगा श्री काशी विश्वनाथ का धाम

वाराणसी/लखनऊ (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश में वाराणसी स्थित श्री काशी विश्वनाथ धाम का लोकार्पण होने के बाद वाराणसी में पर्यटकों की संख्या में अप्रत्याशित वृद्धि के मद्देनजर देव दीपावली पर काशी आने वाले सैलानियों की संख्या में खासा इजाफा होने की उम्मीद है। इसे देखते हुए योगी सरकार जहां वाराणसी के सभी घाटों को 10 लाख दीयों से रौशन करके नया रिकॉर्ड बनाने जा रही है, वहीं नव्य-भव्य श्री काशी विश्वनाथ धाम को दिव्य और अलौकिक रूप देने के लिए फूलों से सजाने की तैयारी है।

सरकार की ओर से इसके लिए 80 लाख रुपये खर्च किये जाएंगे। इसमें पूरे विश्वनाथ धाम परिसर की दो दिन तक सजावट की जाएगी। गौरतलब है कि काशी की देव दीपावली पूरी दुनिया में विख्यात है। कार्तिक माह की पूर्णिमा को मनाये जाने वाले इस महाउत्सव के दौरान बनारस के सभी घाटों को लाखों दीयों से रौशन किया जाता है, जिसे देखने देश-विदेश से बड़ी संख्या में पर्यटक वाराणसी पहुंचते हैं। काशी आने वाले पर्यटक श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर भी जरूर जाते हैं। मुख्यमंत्री की इच्छा के अनुरूप देव दीपावली पर वाराणसी आने वाले पर्यटक काशी विश्वनाथ धाम की अलौकिक छटा के साक्षी बनें। इसके लिए पूरे धाम परिसर को लोकार्पण की तर्ज पर सजाने संवारने का निर्देश दिया गया है। वाराणसी के मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा के अनुसार देव दीपावली पर काशी में लाखों की संख्या में पर्यटक आते हैं, जोकि दर्शन-पूजन के लिए काशी विश्वनाथ मंदिर भी जाते हैं। ऐसे में मंदिर आने वाले पर्यटकों को नया अनुभव मिले, इसके लिए धाम परिसर की भव्य सजावट की जाएगी। उन्होंने बताया कि फूलों से सजावट के लिये विख्यात विशाखापट्टनम के डेकोरेटर ने श्री काशी विश्वनाथ धाम के लिए वॉलेंटियर के तौर पर सजावट का कार्य करने की इच्छा जतायी हैं। उन्हीं के द्वारा काशी विश्वनाथ धाम परिसर की सजावट फूलों से करायी जाएगी। इसमें 80 लाख रुपए का खर्च आएगा। मंडलायुक्त ने कहा कि 08 नवंबर को चंद्र ग्रहण के कारण इस बार 7 नवंबर को ही काशी में देव दीपावली का पर्व मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि धाम के लोकार्पण के बाद इस साल पहली देव दीपावली है। विश्वनाथ धाम को पहली बार देव दीपावली पर इतने भव्य रूप में सजाया जा रहा है। उन्होंने कहा, ह्लहमारा प्रयास है कि इसे एक परंपरा का रूप देते हुए हर साल बाबा के दरबार को अलौकिक रूप से सजाया जाये। जिसमें यहां के दानदाताओं और व्यापारियों का भी सहयोग हो। काशी विश्वनाथ धाम बनने के बाद वाराणसी में पर्यटकों की संख्या बढ़ी है, जिससे यहां व्यापार में भी वृद्धि हुई है और रोजगार के अवसर भी सृजित हुए हैं।

छत्तीसगढ़-दंतेवाड़ा के ऐतिहासिक ढोलकाल गणेश प्रतिमा के साथ छेड़छाड़

रायपुर/दंतेवाड़ा (एजेंसी)। छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में करीब 3 हजार फीट की ऊंचाई पर ढोलकल शिखर पर स्थापित ऐतिहासिक गणेश भगवान की मूर्ति को फिर से नुकसान पहुंचाने की कोशिश की गई है। असामाजिक तत्वों ने छेड़छाड़ करते हुए मूर्ति के सूंड में पत्थर से खरोंचकर अंग्रेजी के दो लेटर लिखें हैं। ग्रामीणों की शिकायत पर कलेक्टर विनीत नंदनवार ने इस संबंध में पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी को कार्रवाई करने के निर्देश दिया है। कलेक्टर ने पुलिस को इस संबंध में आवश्यक जानकारियां जुटाने कहा है। उन्होंने बताया कि एएसआई की मदद से जल्द ही मूर्ति को पहले वाले रूप में लाया जायेगा। वहीं एसपी का कहना है कि अज्ञात असमाजिक तत्वों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। ऐतिहासिक गणेश प्रतिमा के साथ हुई इस छेड़छाड़ के बारे में ग्रामीणों ने गुरुवार को जिला प्रशासन को जानकारी दी है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2017 में भी असामाजिक तत्वों ने गणेश प्रतिमा को कथित तौर पर चुराने की कोशिश की थी। जिसके बाद यह प्रतिमा नीचे गिरकर कई हिस्सों में टूट गई थी। जिसके बाद उसे ढूंढने और पुनः स्थापित करने में प्रशासन को सात दिन का समय लग गया था। 11वीं-12वीं शताब्दी से स्थापित इस ऐतिहासिक मूर्ति से छेड़छाड़ करने के बाद लोगों में भी काफी नाराजगी देखने को मिल रही है।

कृमि से बचाव के लिए बच्चों को खिलाएं अल्बेंडाजोल की गोली : सीएस

मोतिहारी (एजेंसी)। सीएस डॉ. अंजनी कुमार ने बताया कि मिट्टी, पानी और वातावरण के कारण बच्चे और बड़े दोनों में हुकवर्म, टैप वर्म व अन्य प्रकार के कृमि हो सकते हैं। उन्होंने शुक्रवार को जिला स्वास्थ्य समिति से प्रचार गाड़ी को रवाना करते हुए बताया कि कृमि के कारण बच्चों में कुपोषण, खून की कमी, थकावट, मानसिक विकास में कमी हो जाती है। इनसे बचाव के लिए साल में दो बार कृमि की दवा खानी चाहिए, ताकि सेहत अच्छी रह सके। जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ शरत चन्द्र शर्मा व डीसीएम नन्दन झा ने बताया कि 7 नवंबर को कृमि मुक्ति दिवस पर एवं 11 नवंबर को मॉप अप राउंड आयोजित किया जायेगा। जिसमें स्कूलों व आंगनबाड़ी केंद्रों में एक वर्ष से 19 वर्ष तक के जिले के 30 लाख 30 हजार 409 बच्चों को गोली खिलाई जाएगी। डॉ शर्मा ने बताया कि स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रो में बच्चों को एक अल्बेंडाजोल की टेबलेट खिलाई जाएगी। वैसे बच्चे और किशोर जो स्कूल नहीं जाते हैं उनपर भी विशेष फोकस किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पेट में कृमि होने से बच्चों को कई तरह की समस्या हो सकती है। ऐसे लक्षण के प्रति माता-पिता को जागरूक रहना चाहिए। उन्होने बताया कि कृमि के कारण बच्चों को पढ़ने में मन नहीं लगता है। उन्हें खाने में रूचि घटने लगती है। अल्बेंडाजोल की गोली खिलाने से बच्चे एनीमिया के शिकार होने से बच सकते हैं। मानसिक तनाव से भी छुटकारा मिलेगा।

अभियान की सफलता को लेकर हो रहा है प्रचार प्रसार : डीआईओ ने कहा कि अभियान की सफलता को लेकर सभी सरकारी विद्यालयों एवं ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में पोस्टर, बैनर, पंपलेट और माइकिंग आदि के माध्यम से प्रचार प्रसार कराया जाएगा। जिससे कोई भी बच्चा यह दवाई खाने से छूट ना पाए।

स्वास्थ्य केंद्र बीमार तो कैसे हो मरीजों का इलाज

भागलपुर (एजेंसी)। भागलपुर स्मार्ट सिटी के हबीवपुर अतिरिक्त स्वास्थ्य केंद्र पूरी तरह बीमार हो गया है। इसका भवन भूत बंगला से कम नहीं है। यहां के के डॉक्टर भी डरे सहमे रहते हैं। स्वास्थ्य केंद्र का भवन इस कदर जर्जर स्थिति में है कि वह एक जीता जागता भूत बंगला बन गया है। जहां सांप बिच्छू के अलावा पूरा भवन जंगल में तब्दील हो चुका है। पूरे भवन में मकड़ियों का जाला और दीमक लगा हुआ है। छत की स्थिति ऐसी है कि कभी भी ऊपर का छत जमीन पर आ सकता है। मुख्य गेट और खिड़की पूरी तरह से सड़ चुकी है। यहां जल जमाव की स्थिति हमेशा ही बनी रहती है। हबीवपुर के निवासी मोहम्मद महमूद ने बताया कि यह स्वास्थ्य केंद्र नहीं भूत बंगला है। यह वर्षो से खंडर पड़ा हुआ है। पूरा भवन जर्जर हो चुका है। कमरों के छत टूटकर गिर रहे हैं। वर्षो से बंद पड़े कई कमरे में मकड़ी का जाला लगा हुआ है। महीनों नाला और बारिश के पानी के चलते यह बंद रहता है। मोहम्मद महमूद ने बताया कि पानी सूखने के बाद कभी खुलता भी है तो डॉक्टर और कार्यालय के लोग आते हैं और तुरंत चले जाते हैं। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि स्वास्थ्य केंद्र को जल्द से जल्द ठीक कराया जाए क्योंकि घनी आबादी वाला क्षेत्र है। जर्जर भवन के चलते डॉक्टर और मरीज डरे और सहमे रहते हैं , कभी भी यह भवन बड़ा हादसा का रूप ले सकता है। स्वास्थ्य केंद्र हबीवपुर में कार्यरत डॉ मुनिस आलम ने बताया कि इस केंद्र के जर्जर स्थिति के कारण लोग यहां बहुत कम आते हैं और जो आते हैं वह डरे और सहमे रहते हैं। कर्मी भी डरे व सहमे रहते हैं, क्योंकि छत काफी जर्जर हो चुका है। गिट्टी बालू के टुकड़े गिरते रहते हैं। कई बार यहां के स्वास्थ्य कर्मी एवं मरीज भी घायल हो चुके हैं। स्वास्थ्य केंद्र के सभी दरवाजे और खिड़कियां जर्जर स्थिति में है। जिसके चलते कई बार यहां चोरी हो चुकी है। डॉक्टर विमलानंद झा ने बताया इसके लिए कई बार स्वास्थ्य विभाग को पत्र भी लिखा गया। लेकिन अभी तक इस पर कोई संज्ञान नहीं लिया गया है।

गया में तीन हजार बौद्ध भिक्षुओं को दिया गया कठिन चीवरदान

गया (एजेंसी)। भगवान बुद्ध की पावन ज्ञानभूमि बोधगया स्थित बांग्लादेश मोनेस्ट्री में कठिन चीवरदान (बौद्ध भिक्षुओं का वस्त्र) समारोह का आयोजन किया गया. जिसमें लगभग विश्व के विभिन्न देशों के तीन हजार बौद्ध भिक्षु शामिल हुये। कार्यक्रम के आयोजनकर्ता बांग्लादेश मोनेस्ट्री के प्रभारी भंते डॉ. कल्याण प्रिय भिक्षु ने यहां बताया कि कठिन चीवरदान समारोह में विश्व के लगभग तीन हजार बौद्ध भिक्षुओं के बीच चीवरदान दिया गया है। उन्होंने कहा कि तीन माह के वर्षा काल के बाद बौद्ध भिक्षु के बीच चीवरदान देने की परंपरा रही है। इसी चीवर को पहनकर बौद्ध भिक्षु जीवन यापन करते हैं। एक वर्ष में एक बार इस कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। कोरोना के कारण दो वर्ष तक चीवरदान समारोह का आयोजन नहीं किया गया था। लेकिन इस बार चीवरदान समारोह का आयोजन किया गया है। इसे लेकर व्यापक पैमाने पर कार्यक्रम किया जा रहा है, 2 हजार से भी ज्यादा की संख्या में बांग्लादेश से श्रद्धालु यहां पहुंचे हैं। बांग्लादेश मोनेस्ट्री के प्रभारी ने बताया कि विश्व के थाईलैंड, लाओस, कंबोडिया, वियतनाम, कोरिया, कनाडा, म्यांमार, बांग्लादेश सहित कई देशों के बौद्ध भिक्षु एवं श्रद्धालु कार्यक्रम में शामिल हुए हैं। साथ ही विश्व के कल्याण के लिये विशेष पूजा-अर्चना की गई है। बांग्लादेश मोनेस्ट्री से महाबोधि मंदिर तक शोभायात्रा भी निकाली गई हैं। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मानवता का कल्याण है। उन्होंने कहा कि चूंकि इस कार्यक्रम की अनुमति भारत सरकार ने दी है, इसलिए हम उन्हें भी धन्यवाद देते हैं। कार्यक्रम में बोधगया के कई गणमान्य लोग भी शामिल हुए हैं।

लापता युवक का शव गंगा नदी से हुआ बरामद

भागलपुर (एजेंसी)। बांका जिले के रजौन थाना क्षेत्र के धर्मायचक झिटका गांव के रहने वाले मिथिलेश कापरी के बीते 1 नवंबर से लापता 17 वर्षीय पुत्र गुरुदेव कुमार यादव का शव शुक्रवार को भागलपुर के सबौर थाना क्षेत्र स्थित गंगा नदी से बरामद किया गया है। मृतक के पिता का कहना है कि मृतक अपनी चाची बेबी देवी के साथ घर से निकला था और फिर वापस लौट कर नहीं आया। काफी खोजबीन की जाने के बाद भी जब वह नहीं मिला तो बेबी देवी के खिलाफ रजौन थाने में मामला दर्ज कराया गया था। वहीं आज सुबह शव मिलने की सूचना के बाद परिजन सबौर पहुंचे। जहां उन्होंने शव की पहचान की। पिता का कहना है कि बेबी देवी बहला-फुसलाकर युवक के साथ गलत संबंध बनाई हुई थी। जिसको लेकर कई बार विवाद भी हुआ था। उन्होंने आरोप लगाया है कि महिला ने युवक को कुछ खिला पिला दिया था। जिसके कारण से वह उसकी बात सुनता था। आरोपी बेबी देवी के पति का कहना है कि वह दिल्ली में काम करता है और कुछ दिन पहले विवाद हुआ था। घर में और पत्नी के द्वारा आत्महत्या करने की बात कही गई थी। लेकिन वह किस कारण से आत्महत्या करने जा रही थी यह नहीं बताया था। उधर मामले में रजौन पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है।

आनंद मोहन 15 दिनों के पेरोल पर जेल से बाहर

पटना (एजेंसी)। जिलाधिकारी जी कृष्णैया हत्याकांड के सजायाफ्ता पूर्व सांसद आनंद मोहन पेरोल पर शुक्रवार को 15 दिनों के लिए बाहर आए। उन्हें पुत्री सुरभि आनंद की शादी और 97 वर्षीय मां गीता देवी के खराब स्वास्थ्य के कारण 15 दिनों के पेरोल की सुविधा दी गई है। कुछ कागजात की कमी के कारण बुधवार के बदले वे दो दिन बाद शुक्रवार को बाहर आए। आनंद मोहन के जेल से बाहर आने की सूचना पर बड़ी संख्या में समर्थक उनके आवास और जेल के समीप सुबह से ही जमा रहे। रास्ते से लेकर उनके गंगजला स्थित आवास पर उनके दीदार के लिए लोग प्रयासरत रहे। आवास पर पहुंचते ही समर्थकों के गगनभेदी नारे गूंज उठे। उन्हें फूल माला और बुके समर्पित करने वालों का तांता लगा रहा। पूर्व सांसद के पुत्र शिवहर विधायक चेतन आनंद ने बुधवार को ही सोशल मीडिया के जरिए लोगों को किसी भी अफवाह पर ध्यान नहीं देने का आग्रह किया था। शुक्रवार की सुबह उन्होंने विधिवत सोशल मीडिया के जरिए पिताजी के बाहर आने की सूचना दी। आनंद मोहन सहरसा जेल से निकलने के बाद सबसे पहले मां गीता देवी से मिलने पहुंचे। घर में उनके आगमन की पूरी तैयारी की गई थी। बड़े भाई से मिले। घर में हो पारिवारिक समारोह की भी चर्चा की। आनंद मोहन की बेटी की शादी तय हो गई है। आज सुबह से ही सुबह सहरसा जेल व कचहरी में काफी संख्या में उनके समर्थक मौजूद थे।

छापेमारी करने गयी पुलिस पर बालू तस्करों ने किया हमला, मजिस्ट्रेट समेत आधा दर्जन पुलिसकर्मी घायल

जमुई (एजेंसी)। बिहार के जमुई जिले में छापेमारी करने गई पुलिस टीम पर बालू तस्करों ने हमला कर दिया। इस दौरान पुलिस टीम पर बालू माफिया ने जमकर गोलीबारी की, जिसमें मजिस्ट्रेट, थानाध्यक्ष सहित आधा दर्जन पुलिसकर्मी घायल हो गए हैं। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है, जहां पर सभी का इलाज चल रहा है।

बालू लदे ट्रक को थाने लेकर जा रही थी पुलिस : जानकारी के मुताबिक, मामला जमुई जिले के सदर थाना क्षेत्र के छट्ठू धनामा गांव का हैं। बताया जा रहा है कि गुरुवार की देर शाम को पुलिस को सूचना मिली थी कि मंझवे नदी पर अवैध की तस्करी की जा रही है। इसके बाद सूचना पर पहुंची पुलिस ने छापेमारी की तो वहां से बालू लदे 2 अवैध ट्रक को जब्त किया गया। पुलिस जब इन बालू लदे ट्रक को थाने लेकर जा रही थी। इसी बीच 60 बालू तस्करों ने पुलिस टीम पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। पुलिसकर्मी जब वहां से भागने लगे तो तस्करों ने फायरिंग कर दी। इसमें सिंचाई विभाग के कनीय अभियंता एवं मजिस्ट्रेट शिवम कुमार मृत्युंजय, एससी-एसटी थानाध्यक्ष राजेश कुमार, अवर निरीक्षक श्यामल किशोर साह, पंकज कुमार,योगेंद्र ठाकुर सहित आधा दर्जन पुलिसकर्मी घायल हो गए, जिनका इलाज सदर अस्पताल में चल रहा हैं।

मामले की जांच में जुटी पुलिस : वहीं टाउन थानाध्यक्ष ने कहा कि अवैध बालू तस्करों के खिलाफ छापेमारी करने गई टीम पर हमला किया गया है। इसमें आधा दर्जन पुलिसकर्मी जख्मी हुए हैं। बता दें कि बालू माफियाओं के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई हैं। इसमें 20 से 25 लोग नामजद और 70 से 80 अज्ञात शामिल हैं। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए तलाश में जुट गई है।

बिहार : जाम से जूझना ही मोतिहारी शहर की नियति

मोतिहारी (एजेंसी)। आबादी के मामले में पटना के बाद बिहार का दूसरा सबसे बड़ा जिला पूर्वी चंपारण का मुख्यालय मोतिहारी शहर कई वर्षों से सड़क जाम की समस्या से जूझ रहा है। अक्सर सड़क जाम में फंसकर चीटिंयो के समान रेंगते हुए पांच मिनट का सफर घंटों मे पूरा करने को विवश है। मोतिहारी शहर नगरपालिका से नगर परिषद और अब 46 वार्डों का नगर निगम बन गया है, लेकिन चौपट ट्रैफिक व्यवस्था, अतिक्रमण और 60 लाख की आबादी वाले जिला के मुख्यालय शहर में अतिरिक्त सड़क निर्माण न होने के कारण हालात दिनो दिन बदतर ही होती जा रही है। जाम की समस्या केवल एकाध जगह ही नही बल्कि शहर को दो भागो में बांटने वाली प्रकृति के अनुपम उपहार मोतीझील के दोनों भागो में समान रूप से विद्यमान है। शहर के कचहरी चौक,बलुआ चौक, चांदमारी चौक, हॉस्पिटल चौक, जानपुल चौक, प्रधान पथ, मधुबन छावनी, गांधी चौक व छतौनी चौक सहित अन्य सभी जगह एक समान रूप से जाम का झाम कायम है।

स्थानीय लोगो की माने तो विगत तीस वर्षो में इस शहर की पुरानी सड़कों पर बोझ कम करने के लिए कोई अतिरिक्त सड़क का निर्माण नही किया गया। वही पुरानी सड़क सड़क भी अतिक्रमण के कारण सिकुड़ती गई।शहर के मोतीझील व जानपुल के जर्जर पुल को छोड़ दे तो कोई नया सड़क का निर्माण तीन दशक में नही किया जा सका।इतना ही नही शहर से सटे ग्रामीण क्षेत्रों में भी किसी अतिरिक्त सड़क निर्माण पर कार्ययोजना नही बनाई जा सकी, ताकि शहर के प्रमुख मार्गों पर बोझ कम किया जा सके। और तौर और पुरानी सड़क जैसे ज्ञानबाबू चौक से पंचमंदिर होते धर्मसमाज या नई सड़क स्टेशन रोड से जानपुल वृक्षा स्थान होते भवानीपुर जिरात या स्टेशन रोड से बेलबनवा व गायत्री नगर होते मोतीझील के किनारे भी विगत तीस वर्षो में सड़क निर्माण की केवल घोषणाएं होती रही लेकिन कुछ भी काम नही हो सका। वही चैलाहां से चिलवनियां एकौना आजाद नगर होते रधुनाथपुर व रघुनाथपुर से मोतिहारी कोर्ट तक धनौती नदी के किनारे सड़क निर्माण नही हो सका।

भले ही इन सड़को का निर्माण की घोषणा से नेता लोग वोट की फसल तो अधिकारी लोग वाहवाही लूटते रहे। शहर के सिविल सोसाइटी के लोगो ने बताया कि मोतिहारी में तेज शहरीकरण और शहर के बीच से बिना फ्लाईओवर के गुजरने वाली रेलवे ट्रैक ने भी कम मुसीबत नही बढाई है। रेल अधीक्षक राकेश त्रिपाठी के अनुसार इस समय मोतिहारी स्टेशन होकर 22 जोड़ी यात्री गाड़ी व लगभग 10 जोड़ी माल गाड़ी ट्रेन गुजरती है, लिहाजा रेल गुमटी बंद होते ही शहर के दोनों ओर भयंकर जाम लग जाती है।शहर में एकमात्र बलुआ गुमटी पर एक फ्लाईओवर बनी है लेकिन वह पुल गलत वास्तुकारिता के कारण जाम की मुसीबत घटाने के बजाय बढ़ाने में ही सहयोग कर रहा है। इतना ही नही एनएच-28 पर छतौनी चौक व सिंघिया गुमटी पर भी फ्लाईओवर नही होने के कारण जाम की मुसीबत बढ़ ही रही है। सिंघिया गुमटी पर विगत चालीस साल से बन रही फ्लाईओवर अब तक निमार्णाधीन होने से शहर जाम में ही डूबा रहता है।

मोतिहारी सदर अनुमंडल पदाधिकारी श्रेष्ठ अनुपम ने जाम की समस्या पर पूछे जाने पर बताया कि जल्द ही इस समस्या की समीक्षा कर इस पर बेहतर तरीके से काम किया जायेगा। जिससे शहर के सड़क पर निर्बाध रूप से आवागमन बहाल रहे। फिलहाल जाम के झाम से जूझते लोग मन ही मन अपने भाग्य को कोसते इस समस्या का स्थायी समाधान की आस देख रहे है।

शिक्षा विभाग के कर्मी के घर चल रहा था सैक्स रैकेट, दो लड़कियां गिरफ्तार

कई बड़े अधिकारियों का था आना-जाना

सिवान (एजेंसी)। बिहार के सिवान जिले में पुलिस ने शिक्षा विभाग के एक कर्मचारी के घर चल रहे सैक्स रैकेट का भंडाफोड़ किया है। छापेमारी के दौरान 2 लड़कियों को गिरफ्तार किया गया हैं। बताया जा रहा है कि यहां पर लंबे समय से सैक्स रैकेट का धंधा चल रहा था और कई बड़े अधिकारी भी यहां पर आते हैं।

दोनों महिलाओं को हिरासत में लिया गया

जानकारी के मुताबिक, सीवान जिले में महादेवा ओपी थाना इलाके के सलेमपुर नदी के किनारे के पास का है। बताया जा रहा है कि आज यानी शुक्रवार को यहां पर कुछ लड़के महिलाओं से मिलने आए। इसके बाद स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने छापेमारी कर 2 महिलाओं को गिरफ्तार किया। इसमें एक महिला नशे में धुत थी, जो गोरखपुर की रहने वाली है। एएसआई सुधीर के पूछने पर गोरखपुर की रहने वाली लड़की ने सारा खुलासा कर दिया।

यहां पर कई बड़े-बड़े अधिकारी आते हैं : महिलाएं

वहीं इस दौरान स्थानीय लोग भी काफी आक्रोशित रहें। गिरफ्तार एक महिला ही इस धंधे की मुखिया है। उसने बताया कि वह एक आशा कार्यकर्ता है और शिक्षा विभाग के कर्मी राजेन्द्र राम के मकान में किराए पर रहती है। पुलिस ने दोनों महिलाओं को महिला थाने भेज दिया हैं। साथ ही पुलिस ने छापेमारी के दौरान एक बैग भी बरामद किया है। बता दें कि राजेन्द्र राम शिक्षा विभाग के कर्मचारी है और उनके घर में सालों से जिस्मफरोशी का धंधा चल रहा हैं। महिलाओं ने कहा कि यहां पर कई बड़े-बड़े अधिकारी भी आते हैं।

न्यूज गैलरी

जयवर्धने ने कोहली को उनका टी-20 विश्व कप रिकॉर्ड तोड़ने के लिए सराहा

मेलबर्न (एजेंसी)। श्रीलंका के दिग्गज पूर्व बल्लेबाज महेला जयवर्धने ने आईसीसी टी-20 विश्व कप के इतिहास में सबसे अधिक रन बनाने के अपने रिकॉर्ड को तोड़ने के लिए स्टार भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली को बधाई दी। भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली बुधवार को आईसीसी टी-20 विश्व कप के इतिहास में सबसे ज्यादा रन (1065) बनाने वाले खिलाड़ी बने। जयवर्धने ने आईसीसी द्वारा पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा, रिकॉर्ड टूटने के लिए होते हैं। हमेशा कोई ऐसा था जो मेरा रिकॉर्ड तोड़ने वाला था और यह आप हैं विराट, बधाई हो दोस्त, शानदार। आप हमेशा एक योद्धा रहे हैं। फॉर्म अस्थायी है, क्लास स्थायी है, अच्छा किया दोस्त। विराट ने एडिलेड में बांग्लादेश के खिलाफ टूर्नामेंट के अपने महत्वपूर्ण ग्रुप 2, सुपर 12 मैच के दौरान यह रिकॉर्ड हासिल किया और रोमांचक मुकाबले में भारत ने 5 रन से जीत दर्ज की थी। उन्होंने मैच में 44 गेंदों में नाबाद 64 रन बनाए। उनकी पारी में 8 चौके और एक छक्का शामिल था। पारी के दौरान उनका स्ट्राइक रेट 145.45 रहा। इसी के साथ टी-20 वर्ल्ड कप में विराट का रिकॉर्ड 25 मैचों की 23 पारियों में 88.75 की औसत से 1,065 रन है। इस दौरान उनके बल्ले से 13 अर्धशतक निकले हैं जिसमें 89* का सर्वश्रेष्ठ स्कोर है। टूर्नामेंट में उनका स्ट्राइक रेट 132.46 है।

मैक्सवेल को श्रीलंका से उम्मीदें

एडिलेड (एजेंसी)। ऑस्ट्रेलिया ने ग्लेन मैक्सवेल (54 नाबाद) के जुझारू अर्द्धशतक की बदौलत शुक्रवार को टी-20 विश्व कप 2022 के रोमांचक सुपर-12 मुकाबले में अफगानिस्तान को चार रन से हराकर सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदों को बरकरार रखा। मैच के बाद मैक्सवेल ने अफगानिस्तान की तारीफ की और कहा कि उन्होंने वास्तव में अच्छा खेला। मैक्सवेल ने अब श्रीलंका से इंग्लैंड के खिलाफ जीत की उम्मीद लगाई है ताकि ऑस्ट्रेलिया सेमीफाइनल में पहुंच सके। हालांकि, यह काफी मुश्किल है और अगर इंग्लैंड जीता तो वह सेमीफाइनल में पहुंच जाएगा। मैक्सवेल ने प्रेस वार्ता में कहा कि अफगानिस्तान ने वास्तव में अच्छा खेला, उन्होंने गेंद को वास्तव में सफाई से मारा। शुरूआत में उन्होंने पावरप्ले में हम पर दबाव बनाया। हम उन्हें वापस पकड़ने में सक्षम थे लेकिन फिर पीछे के छोर की ओर कुछ साफ-सुथरी हिटिंग हुई जिसने हमें थोड़ा डरा दिया। क्षेत्र में प्रभाव डालकर अच्छा लगा। मुझे पता था कि जिस तरह की परिस्थितियां हैं, उससे मैं गेंद से ज्यादा प्रभावित नहीं होने वाला हूं। प्रभाव होना अच्छा है।

पांच गेंदों का ओवर फेंके जाने पर खड़ा हुआ विवाद

एडिलेड (एजेंसी)। टी-20 विश्व कप में अंपायरिंग का स्तर काफी साधारण रहा है। टूर्नामेंट में कई ऐसे मौके आए, जब अंपायर्स के फैसलों पर सवाल उठा हो। शुक्रवार को ऑस्ट्रेलिया और अफगानिस्तान के मैच के दौरान एक बार फिर अंपायर्स पर सवाल खड़े किए गए, जब अंपायर्स की चूक के चलते एक ओवर में सिर्फ 5 ही गेंदें फेंकी गई। दरअसल, इस मैच के चौथे ओवर में ऑस्ट्रेलिया की बल्लेबाजी के दौरान अफगानिस्तान के गेंदबाज नवीन उल हक ने सिर्फ पांच ही गेंदें फेंकी और अंपायर ने ओवर पूरा घोषित कर दिया। अंपायर ने इस बात पर ध्यान नहीं दिया की ओवर में एक गेंद कम फेंकी गई है। अंपायर की इस चूक के बाद प्रशंसक अपना गुस्सा सोशल मीडिया के जरिए निकाल रहे हैं और पूछ रहे हैं कि इतने बड़े टूर्नामेंट में इतनी बड़ी चूक कैसे हो सकती है। मैच की बात करें तो ऑस्ट्रेलिया ने ग्लेन मैक्सवेल के जुझारू अर्द्धशतक की बदौलत अफगानिस्तान को चार रन से हराकर सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदों को बरकरार रखा।

टी-20 वर्ल्ड कप : सेमीफाइनल में दोनों पारियों में 10-10 ओवर होना जरूरी

मैच धुलने पर ग्रुप स्टेज के नतीजे आयेंगे काम

मेलबर्न (एजेंसी)। टी-20 वर्ल्ड कप में ग्रुप स्टेज के मुकाबले छह नवम्बर को खत्म हो जाएंगे। इसके बाद 9 और 10 नवंबर को दो सेमीफाइनल खेले जाने हैं। 13 नवंबर को फाइनल मैच होना है। इन नॉकआउट मुकाबलों के प्लेइंग कंडीशंस आईसीसी ने जारी कर दिए हैं। ये कंडीशंस ग्रुप स्टेज के मैचों से अलग हैं। बारिश की स्थिति में क्या होगा, मैच पूरा धुल गया तो क्या होगा जैसे सवालों के जवाब सामने आ गए हैं। चलिए इनको एक-एक कर जानते हैं।

सबसे पहले रिजर्व-डे का होगा इस्तेमाल

अगर बारिश के कारण सेमीफाइनल या फाइनल मैच तय तारीख को पूरा नहीं होता है तो इसे रिजर्व डे के दिन पूरा कराया जाएगा। तय तारीख के दिन मैच जिस स्थिति में रुकेगा रिजर्व डे को उसे उसी स्थिति में शुरू करना होगा। यानी मैच रुकने के समय अगर बाद में बैटिंग करने वाली टीम को 5 ओवर में 40 रन चाहिए तो रिजर्व डे के दिन यहीं से मैच शुरू होगा। मुकाबले को नए सिरे से नहीं खेला जाएगा। ग्रुप स्टेज के मुकाबलों के लिए रिजर्व डे का प्रावधान नहीं था। सेमीफाइनल और फाइनल के लिए जारी प्लेइंग कंडीशंस के मुताबिक मैच कम से कम 10-10 ओवर का होना जरूरी है। यानी अगर मुकाबला देर से शुरू होता है तो यह प्रति पारी 10 ओवर से कम का नहीं होगा। दूसरी पारी में 10 से कम ओवर तभी हो सकते हैं जब बाद में बैटिंग करने वाली टीम इससे पहले ऑलआउट हो जाए या टारगेट चेज कर ले। सामान्य टी-20 मैचों में कम से कम 5-5 ओवर का खेल होना जरूरी होता है।

टाई के बाद तब तक सुपर ओवर, जब तक फैसला न हो जाये

अगर सेमीफाइनल मुकाबला टाई होता है तो इसके बाद सुपर ओवर खेला जाएगा। अगर सुपर ओवर भी टाई होता है फिर एक और सुपर ओवर होगा। यह सिलसिला तब तक चलेगा, जब तक मैच का विजेता सामने न आ जाए। आईसीसी ने यह नियम 2019 वनडे वर्ल्ड कप के फाइनल के बाद ही बना दिया था। पिछला टी-20 वर्ल्ड कप भी इसी नियम के तहत खेला गया था। 2019 वर्ल्ड कप का फाइनल इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच खेला गया था। यह मुकाबला टाई रहा था। इसके बाद खेला गया सुपर ओवर भी टाई रहा था। इंग्लैंड ने मैच में ज्यादा बाउंड्री (चौके + छक्के) जमाए थे, लिहाजा उसे विजेता चुना गया था। अगर सेमीफाइनल मुकाबला बारिश के कारण धुल जाता है और विजेता का फैसला नहीं होता है तो फिर सुपर-12 स्टेज पर किया गया प्रदर्शन काम आएगा। आईसीसी के मुताबिक इस स्थिति में वह टीम फाइनल में पहुंचेगी जो अपने ग्रुप में नंबर-1 पर रहते हुए सेमीफाइनल में आई है। यानी अगर भारत सुपर 12 ग्रुप-2 में टॉप पर रहते हुए अंतिम चार में जाता है और सेमीफाइनल मुकाबला बारिश से धुल जाता है तो भारतीय टीम फाइनल में पहुंच जाएगी। ऐसा इसलिए होगा क्योंकि इस स्थिति में भारत का सामना दूसरे ग्रुप की नंबर-2 टीम से होगा। फाइनल में अगर मैच बारिश या किसी अन्य परिस्थितियों के कारण पूरा नहीं होता है तो फिर जॉइंट विनर घोषित किया जाएगा। यानी फाइनल खेलने वाली दोनों टीमें खिताब साझा करेंगी।

टी-20 विश्व कप के सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली पहली टीम बनी न्यूजीलैंड

एडिलेड (एजेंसी)। न्यूजीलैंड ने ऑस्ट्रेलिया में चल रहे टी-20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। उसने आयरलैंड को 35 रनों से हराया। न्यूजीलैंड इस सीजन की पहली सेमीफाइनलिस्ट

- आयरलैंड को 35 रन से हराया, 7 पॉइंट्स के साथ ग्रुप-1 में टॉप पर

टीम बनी है। वह टूर्नामेंट के इतिहास में सिर्फ तीसरी बार फाइनल-4 में जगह बना सकी है। इससे पहले वह 2021 के सीजन में टॉप-4 में प्रवेश कर पाई थी। एडिलेड में शुक्रवार को न्यूजीलैंड ने पहले तो 185 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया। उसके बाद आयरिश बल्लेबाजों को 20 ओवर में 150/9 रन पर रोक दिया। केन ने कप्तानी पारी खेली। उन्होंने 174.28 के रन रेट से 35 गेंदों पर 61 रन बनाए। विलियमसन ने 5 चौके और तीन छक्के जमाए। 52 रन पर पहला विकेट गिरने के बाद विलियमसन ने एक छोर संभाला और टीम का स्कोर 174 रन पहुंचाया। वे लिटिल का शिकार बने। फर्ग्युसन ने न्यूजीलैंड के लिए सटीक गेंदबाजी की। उन्होंने 4 ओवर में 22 रन दे कर 3 विकेट झटके और आयरलैंड के मिडिल आर्डर को पवेलियन लौटाया। लॉकी ने पहले डेलानी (10) को आउट किया। फिर फिन हैंड (5) और डॉकरेल (23) को चलता कर दिया। इन दोनों के अलावा साउदी, सेंटनर और सोढ़ी (2-2 विकेट) ने बॉल और फिन एलेन (32) और डेरिल मिचेल (31) ने बल्ले से योगदान दिया।

लिटिल की हैट्रिक : आयरलैंड के लेफ्ट आर्म मीडियम पेसर जोशुआ लिटिल ने इस वर्ल्ड कप की दूसरी हैट्रिक पूरी की है। उनसे पहले यूएई के लेग ब्रेक स्पिनर कार्तिक मयप्पन ने हैट्रिक हासिल की थी। ओवर ऑल वर्ल्ड कप की बात करें तो यह इस टूर्नामेंट के इतिहास की छठवीं हैट्रिक है। नीचे के ग्राफिक में देखिए लिटिल से पहले यह कारनामा किस-किस गेंदबाज ने किया है।

जोशुआ लिटिल की हैट्रिक के बाद भी हारी आयरलैंड

पहली पारी में बाएं हाथ के मीडियम फास्ट बॉलर जोशुआ लिटिल ने हैट्रिक लेकर 200 पार जा रही न्यूजीलैंड को 185 रन के स्कोर पर रोका। जोशुआ ने अर्धशतक जमा चुके केन विलियमसन, जेम्स नीशाम और सेंटनर को चलता किया। आयरलैंड के ओपनर्स ने टीम को मजबूत शुरूआत दिलाई। कप्तान एंड्रयू बालबर्नी और पॉल स्टर्लिंग की जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 49 बॉल में 68 रन जोड़े। इसमें पॉल ने 24 गेंद में 36 रन और बालबर्नी ने 25 गेंद में 30 रन बनाए। टीम ने पावर प्ले में 39 रन ही बनाए थे। बाद में तेजी से रन बनाने शुरू किए। तभी बालबर्नी बोल्ड हो गए।

साउदी ने अपने नाम किया बॉलिंग रिकॉर्ड, शाकिब को छोड़ा पीछे

एडिलेड (एजेंसी)। न्यूजीलैंड ने ऑस्ट्रेलिया में चल रहे टी-20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। न्यूजीलैंड इस सीजन की पहली सेमीफाइनलिस्ट टीम बनी हैं। इसी बीच न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज टिम साउदी ने अपने नाम एक रिकॉर्ड दर्ज किया। टिम

- टी-20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा विकेट लेनेवाले खिलाड़ी बने

साउदी टी-20 इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने बांग्लादेश के कप्तान शाकिब अल हसन का रिकॉर्ड तोड़ा। टिम साउदी ने 104 मैच में 108 विकेट झटके। टिम साउदी ने टी-20 वर्ल्डकप में ग्रुप स्टेज के आखिरी मुकाबले में आयरलैंड के खिलाफ 2 विकेट झटके। इसी के साथ उन्होंने रिकॉर्ड तोड़ा। टिम साउदी ऐसे इकलौते खिलाड़ी नहीं है जिन्होंने इस वर्ल्ड कप में रिकॉर्ड तोड़ा। विराट कोहली ने भी इस टूनामेंट में बल्लेबाजी का रिकॉर्ड तोड़ा है। टी-20 वर्ल्ड कप में बांग्लादेश के खिलाफ कोहली ने 64 रनों की पारी खेली। ये इस वर्ल्ड कप में उनकी तीसरी और टी-20 इंटरनेशनल में 36वीं फिफ्टी है। कोहली टी-20 वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा 1065 रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने श्रीलंका के महेला जयवर्धने (1016) को पीछे छोड़ा।

इस टी-20 वर्ल्ड कप में दो हैट्रिक के रिकॉर्ड भी बने : आयरलैंड के लेफ्ट आर्म मीडियम पेसर जोशुआ लिटिल ने इस वर्ल्ड कप की दूसरी हैट्रिक पूरी की है। उनसे पहले यूएई के लेग ब्रेक स्पिनर कार्तिक मयप्पन ने हैट्रिक हासिल की थी। अगर देखा जाए तो पिछले 2 वर्ल्ड कप में 5 हैट्रिक आई हैं। ओवर ऑल वर्ल्ड कप की बात करें तो यह इस टूनामेंट के इतिहास की छठवीं हैट्रिक है। अगर टी-20 में लीडिंग विकेट टेकर्स की बात करें तो इस समय दूसरे नंबर पर बांग्लादेश के कप्तान शाकिब अल हसन हैं।

टी-20 वर्ल्ड कप 2022 की दूसरी हैट्रिक

आयरलैंड के जोशुआ लिटिल टी-20 वर्ल्ड कप में हैट्रिक लेने वाले छठे खिलाड़ी बने

पर्थ (एजेंसी)। ऑस्ट्रेलिया में चल रहे टी-20 वर्ल्ड कप में शुक्रवार को न्यूजीलैंड और आयरलैंड के बीच खेले जा रहे मैच में आयरलैंड के गेंदबाज लिटिल जोशुआ ने इस टूर्नामेंट की दूसरी हैट्रिक ली। उन्होंने न्यूजीलैंड के प्रमुख बल्लेबाजों केन विलियमसन, जेम्स नीशम और मिचेल सेंटनर को पवेलियन की राह दिखाई। उनसे पहले इस वर्ल्ड कप में यूएई के स्पिनर कार्तिक मयप्पन ने श्रीलंका के खिलाफ हैट्रिक ली थी। लिटिल ने यह कमाल 19वें ओवर में किया, जिससे 200 रन की ओर आसानी से बढ़ती दिख रही न्यूजीलैंड की टीम निर्धारित 20 ओवर में 185/6 का स्कोर ही बना पाई। जोशुआ टी-20 वर्ल्ड कप में हैट्रिक लेने वाले छठे गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने इस मैच में 22 रन देकर 3 विकेट लिए। पहला विकेट- केन विलियमसन मिडिल और लेग स्टंप के बीच आती 19वें ओवर की दूसरी

गेंद को स्क्वायर लेग में खेलना चाहते थे, पर सही टाइम नहीं होने की वजह से गेंद बल्ले पर ठीक से नहीं लगी और गेंद बैकवर्ड स्क्वायर में फील्डिंग कर रहे डेलानी के हाथों में चली गई। जिसे बिना गलती किए डेलानी ने लपक लिया और विलियमसन को पवेलियन की राह दिखाई। इसके बाद 19वें ओवर की तीसरी गेंद लेग स्टंप पर की थी, जेम्स नीशम गेंद को समझ नहीं पाए और गेंद उनके पैड पर लगी। अंपायर ने एलबीडब्ल्यू दे दिया। वहीं, नीशम ने डीआरएस लिया। बॉल ट्रैकर से साफ हुआ कि गेंद मिडिल और लेग स्टंप के बीच थी। अंपायर का फैसला सही था। नीशम को पवेलियन लौटना पड़ा। जबकि 19वें ओवर की चौथी गेंद पर लिटिल ने मिचेल सेंटनर को एलबीडब्ल्यू आउट कर टी-20 वर्ल्ड कप में अपनी पहली हैट्रिक ली। जोशुआ टी-20 वर्ल्ड कप में हैट्रिक लेनेवाले दूसरे आयरिश खिलाड़ी हैं। उनसे पहले 2021 टी-20 वर्ल्ड कप में कर्टिस कैंफर ने 4 गेंदों पर 4 विकेट लिए थे। जोशुआ टी-20 इंटरनेशनल में इस सीजन में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज भी बन गए हैं। उन्होंने नेपाल के संदीप लामिछाने को पीछे छोड़ दिया। संदीप के 38 विकेट हैं, जबकि जोशुआ के 39 विकेट हो गए हैं।

चेन्नई सुपर किंग्स के साथ बने रहेंगे जडेजा

चेन्नई (एजेंसी)। पिछले साल क्छछ के बीच सीजन में टीम को छोड़नेवाले रविंद्र जडेजा चेन्नई सुपर किंग्स के साथ बने रहेंगे। टीम मैनेजमेंट उनको रिलीज नहीं कर रहा है। कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने टीम मैनेजमेंट को कहा है कि वह जडेजा को टीम में चाहते हैं। वहीं, आईपीएल टीमों को 2023 के लिए रिटेन खिलाड़ियों की लिस्ट 15 नवंबर तक सौंपना है। दरअसल, जडेजा की टीम मैनेजमेंट से दूरी की बात सामने आ रही थी। पिछले आईपीएल सीजन के शुरूआत में जडेजा को टीम की कप्तानी सौंपी

- टीम मैनेजमेंट जडेजा को रिलीज करने को राजी नहीं
- 15 नवम्बर तक रिटेन खिलाड़ियों की देनी है सूची

गई थी। वह टीम मैनेजमेंट और धोनी से विवाद के बाद बीच में ही टीम को छोड़कर लौट गए थे। बाद में उन्होंने इंजरी का हवाला दिया था। वहीं, उन्होंने सोशल मीडिया से सीएसके से संबंधित सभी पोस्ट को डिलीट कर दिया था। जिसके बाद मीडिया में यह रिपोर्ट आई कि जडेजा उरङ की मैनेजमेंट से नाराज हैं और वह अगले सीजन में सीएसके छोड़ सकते हैं। अब मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सीएसके के सीईओ काशी विश्वानथन ने कहा कि जडेजा टीम के अहम सदस्य हैं और वह फ्रेंचाइजी के साथ रहेंगे।

जडेजा सबसे ज्यादा कीमत पर हुए थे रिटेन : पिछले सीजन में चेन्नई सुपर किंग्स ने रविंद्र जडेजा को महेंद्र सिंह धोनी से ज्यादा पैसों में रिटेन किया था। उन्होंने 16 करोड़ रुपये मिले थे, जबकि धोनी को 12 करोड़ रुपये में रिटेन किया था। जडेजा 2012 से चेन्नई सुपर किंग्स के साथ जुड़े थे। 0 सालों में उन्होंने टीम के साथ दो खिताब जीते। जडेजा पिछले सीजन में सीएसके को बीच में छोड़ने से पहले उन्होंने 8 मैचों में टीम की कप्तानी की।

राशिद खान की आतिशी पारी के बाद भी ऑस्ट्रेलिया ने रोमांचक मुकाबले में अफगानिस्तान को चार रन से हराया

एडिलेड (एजेंसी)। टी-20 वर्ल्ड कप 2022 का 38वां मुकाबला ऑस्ट्रेलिया और अफगानिस्तान के बीच खेला गया। एडिलेड के द ओवल ग्राउंड में खेले गये इस मैच में राशिद खान की ताबड़तोड़ बल्लेबाजी के बावजूद ऑस्ट्रेलिया ने अफगानिस्तान को 4 रन से हरा दिया। इस जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया ग्रुप 1 की अंक तालिका में दूसरा स्थान पर पहुंच गई है। ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड 7-7 अंकों के साथ पहले और दूसरे स्थान पर बने हुए हैं। अफगानिस्तान को आखिरी ओवर में 22 रनों की जरूरत थी और क्रीज पर राशिद खान और दरविष रसूल बल्लेबाजी कर रहे थे। ऑस्ट्रेलिया के लिए यह ओवर मार्कस स्टोइनिस फेंक रहे थे। स्टोइनिस ने पहली गेंद वाइड डाली। नॉन स्ट्राइकर एंड पर खड़े राशिद स्ट्राइक पर आना चाहते थे और उन्होंने दौड़ लगा दी। राशिद क्रीज पर पहुंच गए लेकिन उनके साथी दरविष नॉन स्ट्राइकर एंड पर रनआउट हो गए। अब अफगानिस्तान को 6 गेंद पर 21 रनों की जरूरत थी। लेकिन यह गेंद डॉट हो गई। राशिद ने शॉट खेला लेकिन रन नहीं लिया। दूसरी गेंद पर राशिद ने जोरदार चौका लगाया और

अफगानिस्तान की उम्मीदें बढ़ा दी। अब जीत के लिए 4 गेंद पर 17 चाहिए थे। लेकिन तब एक और गेंद डॉट हो गई। लेकिन अगली ही गेंद पर राशिद ने सिक्स लगा दिया। अब 2 पर 11 रन चाहिए थे। लेकिन अगली दो गेंद पर राशिद मात्र 6 रन ही बना पाये और यह मैच हार गए। राशिद ने 23 गेंद पर चार सिक्स और तीन चौके की मदद से 48 रनों की नाबाद पारी खेली और टीम को 164 रन के स्कोर तक पहुंचाया। इस जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया ने अपने सेमीफाइनल में जगह बनाने की उम्मीदों को बरकरार रखा है। अब देखना होगा कि कल इंग्लैंड और श्रीलंका के बीच खेले जाने वाले मैच में क्या होता है। अगर उस मैच में इंग्लैंड जीत जाता है तो उसके भी 7 अंक हो जाएंगे। लेकिन नेट रनरेट बेहतर होने की वजह से वह न्यूजीलैंड के साथ सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर जाएगा। ऐसे में ऑस्ट्रेलिया चाहेगा कि इस मुकाबले में श्रीलंका को जीत मिले। इस मैच में ऑस्ट्रेलिया ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए अफगानिस्तान को 169 रनों का टार्गेट दिया था। जवाब में अफगानिस्तान की शुरूआत अच्छी नहीं रही और मात्र 15 रन के स्कोर पर उनका पहला विकेट गिर गया। अफगानिस्तान को पहला झटका तीसरे ओवर की तीसरी गेंद पर लगा। जोश हेजलवुड ने उस्मान गनी को पैट कमिंस के हाथों कैच करा दिया। उस्मान ने सात गेंद पर दो रन बनाए। इसके बाद दूसरा विकेट 40 रन के स्कोर पर आया। रहमनुल्लाह गुरबाज को केन रिचर्डसन ने आउट कर दिया।

न्यूज गैलरी

बैंक ऑफ इंडिया के दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ में आठ प्रतिशत की गिरावट

मुंबई। निजी क्षेत्र के बैंक ऑफ इंडिया(बीओआई) का जुलाई-सितंबर 2022 तिमाही में शुद्ध लाभ वार्षिक आधार पर आठ प्रतिशत गिरकर 960 करोड़ रुपये रहा जो एक वर्ष पूर्व समान तिमाही में 1051 करोड़ रुपये था। बीओआई ने गुरुवार को एक विज्ञप्ति में कहा कि आलोच्य तिमाही में उसका परिचालन लाभ 26 प्रतिशत के उछाल के साथ 3,374 करोड़ रहा। इस दौरान बैंक का सकल अवरुद्ध ऋण (एनपीए) सुधकर 8.51 प्रतिशत और शुद्ध एनपीए 1.92 प्रतिशत पर आ गया जबकि बैंक के चालू खाता बचत खाता (कासा) अनुपात में 4.05 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी।

वोडाफोन-आइडिया का दूसरी तिमाही में घाटा बढ़कर 7,595.5 करोड़

नयी दिल्ली। देश में दूरसंचार सेवा प्रदाता वोडाफोन-आइडिया(वी) का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में शुद्ध घाटा बढ़कर 7595.5 करोड़ रुपये रहा। वी ने गुरुवार को एक विज्ञप्ति में बताया कि आलोच्य तिमाही में कंपनी का राजस्व वार्षिक आधार पर 12.8 प्रतिशत बढ़कर 10,614.6 करोड़ दर्ज किया गया । इस दौरान कंपनी का प्रति उपभोक्ता से औसत राजस्व (एआरपीयू) वार्षिक आधार पर 19.5 प्रतिशत के इजाफे के साथ 131 रुपये पर पहुंच गया। कंपनी ने तिमाही परिणाम में बताया की उसके नेटवर्क पर 4जी उपभोक्ताओं की संख्या में उछाल देखा गया जो बढ़कर 12.06 करोड़ पर पहुंच गयी।

हीरो मोटोकॉर्प का राजस्व 7.4 प्रतिशत बढ़कर 9,075 करोड़ रुपये

नयी दिल्ली। देश की सबसे बड़ी दोपहिया वाहन निमार्ता कंपनी हीरो मोटोकॉर्प का चालू वित्त वर्ष जुलाई-सितंबर तिमाही में परिचालन से लाभ 7.4 प्रतिशत बढ़कर 9,075 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने गुरुवार को एक विज्ञप्ति में बताया कि आलोच्य तिमाही में उसने 14.28 लाख मोटरसाइकिल और स्कूटर बेचे हैं। इस दौरान कंपनी का परिचालन लाभ (एबिटडा) 1,038 करोड़ रुपये दर्ज किया गया जबकि उसका शुद्ध लाभ 716 करोड़ रुपये रहा।

सिप्ला का दूसरी तिमाही में मुनाफा 12 प्रतिशत बढ़कर 797 करोड़ रुपये पर

नयी दिल्ली। दवा विनिमार्ता कंपनी सिप्ला ने शुक्रवार को बताया कि चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में उसका एकीकृत शुद्ध लाभ 12 प्रतिशत बढ़कर 797 करोड़ रुपये रहा है। पिछले वर्ष जुलाई-सितंबर तिमाही में कंपनी को 709 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ था। सिप्ला ने शेयर बाजारों को सूचित किया कि सितंबर तिमाही में उसका परिचालन से प्राप्त कुल राजस्व बढ़कर 5,829 करोड़ रुपये हो गया है जो एक साल पहले समान अवधि में 5,520 करोड़ रुपये था।

फाइव स्टार बिजनेस ने आईपीओ के लिए मूल्य दायरा 450-474 रुपए प्रति शेयर तय किया

नई दिल्ली। गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनी फाइव स्टार बिजनेस फाइनेंस ने शुक्रवार को बताया कि अपने 1,960 करोड़ रुपए के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए उसने मूल्य दायरा 450-474 रुपए प्रति शेयर तय किया है। कंपनी ने एक बयान में बताया कि उसका आईपीओ 9-11 नवंबर तक खुला रहेगा। एंकर निवेशकों के लिए बोली सात नवंबर को खुलेगी। यह आईपीओ पूरी तरह से बिक्री पेशकश (ओएफएस) होगा जिसमें मौजूदा शेयरधारक और प्रवर्तक 1,960 करोड़ रुपए के शेयरों की बिक्री करेंगे। यह कंपनी छोटे उद्यमियों और स्वरोजगार वाले लोगों को व्यवसाय ऋण प्रदान करती है। कंपनी की दक्षिण भारत में मजबूत मौजूदगी है।

सरकारी बैंकों में एफडी करने पर मिलेगा 7% से ज्यादा ब्याज

नई दिल्ली। हाल के दिनों में देश के कई बैंकों ने फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) पर ब्याज दरें बढ़ाई हैं। इस लिहाज से एफडी में निवेश करना अच्छा साबित हो सकता है। एफडी में आप एक निश्चित अवधि और तय ब्याज दर पर पैसे लगाकर ज्यादा रिटर्न कमा सकते हैं। पिछले कुछ दिनों में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई), बैंक ऑफ बड़ौदा एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, बैंक ऑफ इंडिया, केनरा बैंक और यूनियन बैंक ऑफ इंडिया जैसे बैंकों ने अपने एफडी रेट्स में इजाफा किया है। आइए आज हम जानते हैं ऐसे 4 सरकारी बैंकों के बारे में जो अपने ग्राहकों को 7 पर्सेंट से अधिक ब्याज दे रहे हैं।

कोयला उत्पादन परियोजनाओं में निवेश बढ़ाने की जरूरत : सीतारमण

नयी दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को कहा कि वैश्विक बाजार में ईंधनों खासतौर पर गैस की कीमत में उछाल के मद्देनजर भारत जैसी तेजी से वृद्धि कर रही अर्थव्यवस्था को कोयला उत्पादन और कोयला गैसीकरण परियोजनाओं में निवेश बढ़ाने की जरूरत है। श्रीमती सीतारमण ने गुरुवार को नयी दिल्ली में कोयला मंत्रालय की कोयला खदान नीलामी के छठे दौर का शुभारंभ किया। इसमें कोयला, खान एवं संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी; कोयला, खान एवं रेल राज्य मंत्री रावसाहेब पाटिल दानवे; कोयला सचिव अमृत लाल मीणा और अपर सचिव एम. नागराजू उपस्थित रहें। निविदा दस्तावेज की बिक्री तीन नवंबर, 2022 से शुरू होगी। वित्त मंत्री ने कहा कि भारत वर्तमान में दुनिया में सबसे अच्छा निवेश गंतव्य है। वर्तमान सरकार की नीतिगत स्थिरता और पारदर्शी प्रक्रिया के कारण बिजली क्षेत्र के लिए कोयले के आयात में 41 प्रतिशत की कमी आई है। श्रीमती सीतारमण ने कहा कि 141 कोयला खदानों की नीलामी से बारह राज्यों को प्रत्यक्ष लाभ होगा। खनन क्षेत्र में सुधार हमारी तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था को सही गति प्रदान कर रहे हैं और वित्त मंत्रालय की ओर से गैसीकरण और वाणिज्यिक खनन में प्रोत्साहन के लिए हर संभव सहायता की जाएगी। श्री जोशी ने कहा कि कोयला मंत्रालय कोयले के उपयोग को बढ़ाने के लिए वैकल्पिक पद्धति ढूँढ रहा है। वित्त मंत्रालय ने कोयले के गैसीकरण के लिए 6000 करोड़ रुपये अन्वेषण प्रक्रिया के लिए 250 करोड़ रुपये का प्रोत्साहन दिया है। अब तक की सबसे बड़ी नीलामी के दौरान आज ग्यारह राज्यों की 141 खदानों की नीलामी की गई। उन्होंने कहा कि पूर्व में नीलाम हो चुकी खदानों में उत्पादन शुरू हो गया है और आशा है कि अगले वर्ष तक नई खदानों से एक से 1.5 करोड़ टन कोयले का उत्पादन होने लगेगा। इस वर्ष 90 करोड़ टन कोयला उत्पादन होने का अनुमान लगा रहा है। वाणिज्यिक नीलामी के छठे दौर में 133 कोयला खदानें नीलामी के लिए रखी गई थीं, जिनमें से 71 नई कोयला खदानें हैं और 62 कोयला खदानें वाणिज्यिक नीलामी के पहले चरणों से चल रही हैं। इसके अतिरिक्त, वाणिज्यिक नीलामी के पांचवें दौर के दूसरे प्रयास के तहत आठ कोयला खदानों को शामिल किया गया था, जिसके लिए पहले प्रयास में एकल बोलियां प्राप्त हुई थीं।

> श्री जोशी ने कहा कि कोयला मंत्रालय कोयले के उपयोग को बढ़ाने के लिए वैकल्पिक पद्धति ढूँढ रहा है। वित्त मंत्रालय ने कोयले के गैसीकरण के लिए 6000 करोड़ रुपये अन्वेषण प्रक्रिया के लिए 250 करोड़ रुपये का प्रोत्साहन दिया है।

एलईडी एक्सपो में एक हजार से अधिक उत्पाद एवं प्रौद्योगिकी प्रदर्शन

नयी दिल्ली (एजेंसी)। राष्ट्रीय राजधानी के प्रगति मैदान में गुरुवार को देश का सबसे बड़े लाइट प्लस एलईडी एक्सपो शुरू हुआ जिसमें देश की एक हजार लाइटिंग उत्पाद, टेक्नॉलाजी और उनके समाधान प्रदर्शित किये जा रहे हैं। एलईडी एक्सपो में देश में निर्मित उत्पादों का प्रदर्शन किया जा रहा है और आत्मनिर्भर भारत मिशन की झलक देखने को मिल रही है। एक्सपो की शुरूआत के मौके पर मेसे फ्रैंकफर्त एशिया के कार्यकारी निदेशक एवं बोर्ड सदस्य राज मानेक ने कहा कि लाइट से जुड़े क्षेत्र का दायरा बढ़ रहा है। श्री मानेक ने कहा कि एलईडी एक्सपो और लाइट इंडिया ने लाइटिंग इन्डस्ट्री में एक अवसर पैदा किया है। यह इंडस्ट्री व्यापार की पहली पसंद बनती जा रही है। इलेक्ट्रिक लैम्प एंड कम्पोनेंट मैन्यूफैक्चर्स एसोसियेशन(इल्कोमा) के महासचिव श्याम शरण ने इस अवसर पर कहा कि इंडियन लाइटिंग बाजार वर्ष 2021 में तीन अरब रुपये का था, जो 10 से 11 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि के साथ तेजी से आगे बढ़ रहा है। इसमें एलईडी मार्केट का कुल 92 प्रतिशत हिस्सा है। इससे स्पष्ट है कि लाइटिंग और कम्पोनेंट इडस्ट्री के मामले में भारत विश्व के सबसे आकर्षक स्थान बना है। तीन दिवसीय इस एक्सपो में एक हजार से अधिक लाइटिंग उत्पाद एवं टेक्नॉलॉजी प्रदर्शित की जा रही हैं। इसमें मेक इन इंडिया उत्पाद बहुतायत हैं।

गेल का सितंबर तिमाही का शुद्ध लाभ 46 प्रतिशत घटकर 1,537 करोड़ रुपये पर

नयी दिल्ली (एजेंसी)। सार्वजनिक क्षेत्र की गैस उत्पादक कंपनी गेल इंडिया लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की दूसरी जुलाई-सितंबर तिमाही का शुद्ध लाभ 46 प्रतिशत घटकर 1,537.07 करोड़ रुपये रह गया। गेल इंडिया ने शेयर बाजारों को दी गई सूचना में यह जानकारी दी। कंपनी ने एक साल पहले की समान तिमाही में 2,862.95 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। उर्वरक संयंत्रों एवं सीएनजी खुदरा विक्रेताओं को प्राकृतिक गैस की आपूर्ति करने वाली कंपनी ने अप्रैल-जून की तिमाही में 2,915.19 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। इस तरह पहली तिमाही की तुलना में उसका लाभ दूसरी तिमाही में 47.2 प्रतिशत तक घट गया। हालांकि, दूसरी तिमाही में गेल का प्राकृतिक गैस विपणन कारोबार से राजस्व करीब दोगुना हो गया लेकिन रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण गैस की कीमतें बढ़ने से मुनाफा कमाने की क्षमता घट गई। वहीं पेट्रोरसायन कारोबार में कंपनी ने 346.22 करोड़ रुपये का कर-पूर्व घाटा उठाया जबकि एक साल पहले की समान अवधि में उसे 363.29 करोड़ रुपये का कर-पूर्व लाभ हुआ था। गेल ने कहा कि रूस की गैजप्रॉम की एक पूर्व इकाई से होने वाली एलएनजी आपूर्ति में बाधा पड़ने से उसके कारोबार पर असर पड़ा। गैजप्रॉम जर्मेनिया की अनुषंगी गैजप्रॉम मार्केटिंग एंड ट्रेडिंग सिंगापुर (जीएमटीएस) ने मई-जून में गेल को एलएनजी की आपूर्ति रोक दी थी। गेल के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक संदीप कुमार गुप्ता ने कहा कि कंपनी ने चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में पाइपलाइन एवं पेट्रोरसायन कारोबार पर करीब 3,970 करोड़ रुपये का पूंजीगत व्यय किया है जो वार्षिक लक्ष्य का 53 प्रतिशत है।

एकादशी के दिन सोने-चांदी के रेट में बड़ा बदलाव, 1561 रुपये उछली चांदी

नई दिल्ली। सोना-चांदी दोनों के भाव में आज एकादशी के दिन यानी शुक्रवार 4 नवंबर को बड़ा बदलाव नजर आ रहा है। सराफा बाजारों में 24 कैरेट सोने का औसत हाजिर भाव 50513 रुपये पर पहुंच गया है और यह गुरुवार के बंद भाव के मुकाबले 399 रुपये प्रति 10 ग्राम महंगा होकर खुला। वहीं, चांदी ने आज 1561 रुपये प्रति किलो की छलांग लगाकर 58610 रुपये पर खुली। अब शुद्ध सोना अपने ऑल टाइम हाई रेट से 56254 रुपये प्रति 10 ग्राम से 5741 रुपये ही सस्ता रह गया है। जबकि, चांदी अपने दो साल पहले के उच्च रेट 76008 रुपये प्रति किलो से अब केवल 17398 रुपये ही सस्ती है। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज में कमोडिटी रिसर्च के सीनियर वीपी नवनीत दमानी इस तेजी पर कहते हैं, ₹सोने और चांदी की कीमतों में कल की गिरावट के बाद आज कुछ बढ़त दर्ज की गई।

बैंक अपने पैसे की वसूली के लिए रिकवरी एजेंट की सेवाएं ले सकत हैं लेकिन ये हदें पार नहीं कर सकते

> नियमों के तहत बैंक अफसर या रिकवरी एजेंट को डिफॉल्टर के घर जाने और फोन करने का वक्त सुबह सात से शाम सात बजे तक है।

नई दिल्ली (एजेंसी)। अक्सर लोग जरूरतें पूरी करने के लिए बैंकों से कर्ज लेते हैं पर कई बार किस्त चुकाने में विफल हो जाते हैं। किस्त चुकाने में विफल रहने पर बैंक के रिकवरी एजेंट द्वारा दुर्व्यवहार की घटनाएं देखने को मिली है। इसकी बड़ी वजह लोगों में नियमों की जानकारी नहीं होना है। कानून के अनुसार, बैंक एजेंट कर्जदारों से जबरन वसूली नहीं कर सकते। बैंकों को अपने पैसे की वसूली का अधिकार है। इसके लिए आरबीआई के दिशा-निर्देशों का पालन करना जरूरी है। रिजर्व बैंक के मुताबिक, बैंक अपने पैसे की वसूली के लिए रिकवरी एजेंट की सेवाएं ले सकत हैं लेकिन ये हदें पार नहीं कर सकते। सुप्रीम कोर्ट ने भी कर्ज की वसूली के लिए एजेंट के जरिए धमकाना, दुर्व्यावहार करना और प्रताड़ित किए जाने को अपराध माना है। रिकवरी एजेंट यदि आपको परेशान करता है, धमकाता, हाथापाई करता है तो आपको अधिकार है कि इसकी शिकायत बैंक के साथ-साथ पुलिस में भी करें। किस्त नहीं चुका पाना सिविल विवाद के दायरे में आता है। ऐसे में डिफॉल्टर के साथ बैंक या उसका कोई रिकवरी एजेंट मनमानी नहीं कर सकता। नियमों के तहत बैंक अफसर या रिकवरी एजेंट को डिफॉल्टर के घर जाने और फोन करने का वक्त सुबह सात से शाम सात बजे तक है। इसके बाद फोन करने और एजेंट के घर आने की बैंक या आरबीआई में शिकायत कर सकते हैं। यदि कोई व्यक्ति 90 दिनों तक किस्त जमा नहीं करता है तो बैंक को बैंक को उसे नोटिस जारी करना होता है। नोटिस जारी कर बैंक डिफॉल्टर को 60 दिन के भीतर लोन जमा करने का समय देगा।

ओला इलेक्ट्रिक छह-आठ माह में पूरी उत्पादन क्षमता के लक्ष्य को नहीं पा सकेगी

नयी दिल्ली। बिजलीचालित वाहन बनाने वाली कंपनी ओला इलेक्ट्रिक अपनी स्थापित उत्पादन क्षमता का अगले छह से आठ महीनों में पूरा इस्तेमाल करने के लक्ष्य से चूक जाएगी बल्कि नवंबर 2023 तक वह केवल 50 प्रतिशत क्षमता ही हासिल कर पाएगी। कंपनी के संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) भाविश अग्रवाल ने शुक्रवार को यह बात कही। पिछले महीने दीपावली से पहले नए एस1 एयर इलेक्ट्रिक स्कूटर को पेश करते हुए अग्रवाल ने कहा था कि अगले छह से आठ महीनों में हम मौजूदा स्थापित क्षमता का पूरा दोहन कर सकते हैं, बल्कि भावी कारखानों में क्षमता और बढ़ा रहे हैं। कंपनी के अधिकारियों ने बताया अभी उसकी मौजूदा क्षमता 20 लाख इकाई सालाना है और छह से आठ महीनों में इसका पूरा दोहन हो जाएगा। हालांकि शुक्रवार को ट्विटर पर कंपनी के उत्पादन लक्ष्यों को साझा करते हुए अग्रवाल ने लिखा, दिसंबर 2021: 0; नवंबर 2022: 1,00,000; नवंबर 2023: 10,00,000; नवंबर 2024: 1,00,00,000 यह यात्रा 2025 तक खत्म होगी। ओला इलेक्ट्रिक ने कहा था कि तमिलनाडु के कृष्णगिरि में उसके कारखाने की क्षमता सालाना एक करोड़ दोपहिया वाहनों के उत्पादन की होगी।

श्रीराम ट्रांसपोर्ट के एमएमयू ने दी 6 माह में 93000 ट्रक चालकों को स्वास्थ्य सेवाएं

मुंबई (एजेंसी)। श्रीराम समूह की श्रीराम ट्रांसपोर्ट फाइनेंस कंपनी लिमिटेड (एसटीएफसी) ने अप्रैल-सितंबर 2022 अवधि में मोबाइल मेडिकल यूनिट (एमएमयू) के जरिए करीब 93,000 ट्रक चालकों को चिकित्सा देखभाल उपलब्ध करायी। यह कंपनी के कॉरपोरेट समाजिक दायित्व (सीएसआर) कार्यक्रम का हिस्सा है। श्रीराम ट्रांसपोर्ट ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि कंपनी ने छह महीनों में 2000 शिविरों का आयोजन किया जिससे 93,000 ट्रक चालकों को लाभ मिला है। 14 एमएमयू और एक क्लीनिक के जरिए प्रतिदिन औसतन 500 से अधिक ट्रक चालकों का उपचार हो रहा है जिनका आयोजन बेंगलुरु, भुवनेश्वर, चेन्नई, गुवाहाटी, हुगल जैसे 14 शहरों के बाहरी इलाकों में किया जा रहा है। एमएमयू के माध्यम से वर्ष 2017 से अबतक 9.85 लाख लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करायी हैं जिनमें से 85 फीसदी लोग ट्रक से जुड़े समुदाय से आते हैं। एमएमयू और क्लीनिक पर निशुल्क स्वास्थ्य जांच, प्रयोगशाला जांच और दवाएं उपलब्ध करायी जाती हैं। श्रीराम ट्रांसपोर्ट फाइनेंस के उपाध्यक्ष और प्रबंध निदेशक उमेश रेवनकर ने कहा, एसटीएफसी में हम ट्रक समुदाय को सशक्त बनाने में विश्वास रखते हैं। माल की ढुलाई में जल्दबाजी से उनके स्वास्थ्य पर असर पड़ता है और उनके साथ परिवार का भविष्य भी प्रभावित होता है।

बैंक ऑफ इंग्लैंड ने ब्याज दरें तीन दशकों में सबसे बड़ी वृद्धि की

नई दिल्ली। बैंक ऑफ इंग्लैंड ने गुरुवार को ब्याज की आधार दर 0.75 प्रतिशत बढ़ाकर तीन प्रतिशत कर दिया है। यह पिछले तीन दशकों से अधिक समय में की गई सबसे बड़ी वृद्धि है। ब्याज दरों में बढ़ोतरी पर बैंक ऑफ इंग्लैंड ने कहा है कि ब्रिटेन पहले से ही मंदी का सामना कर रहा है और इसके लंबे समय तक बने रहने की संभावना है। केंद्रीय बैंक ने आने वाले वर्षों में उच्च मुद्रास्फीति और बेरोजगारी दर के साथ लंबे समय तक ब्रिटिश अर्थव्यवस्था में संकुचन रहने की चेतावनी दी है। उसके अनुसार ब्रिटेन में रिकॉर्ड दर्ज होना शुरू होने के बाद इतिहास में पहली बार लगातार आठ तिमाहियों में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में गिरावट दर्ज की गई है। हालांकि बैंक ऑफ इंग्लैंड ने यह भी कहा है कि इसका असर वर्ष 2008-09 में और 1980 के दशक में आई मंदी से कम है। बता दें कि ब्रिटेन के केंद्रीय बैंक ने यूक्रेन पर रूस के आक्रमण और हाल ही में पूर्व प्रधानमंत्री लिज ट्रस की तरफ से विनाशकारी आर्थिक नीतियों के बाद से बढ़ी महंगाई को काबू करने के लिए फैसला लिया हैं। बैंक ऑफ इंग्लैंड का प्रमुख ब्याज दर अब 0.75 फीसदी बढ़कर 3 फीसदी हो गया है। इस दौरान बैंक ऑफ इंग्लैंड ने लगातार 8वीं बार ब्याज दरों में बढ़ोतरी की घोषणा की है। यह बताता है कि इंग्लैंड में महंगाई का संकट काफी बड़ा है और केंद्रीय बैंक व सरकार की तमाम कोशिशों के बाद भी लोगों को महंगाई से राहत मिलती नहीं दिख रही है।

पेज एक के शेष

रांची सहित एक...

थी। वह इस कंपनी के निदेशक मंडल से हट चुका था, लेकिन कोलकाता के ठाकुरिया निवासी कारोबारी दिलीप घोष, संजय घोष के जरिये वह जमीन की खरीद में लगा था। गौरतलब है कि अमित अग्रवाल को ईडी ने पूर्व में अधिवक्ता राजीव कुमार को घूस देने से जुड़े केस में गिरफ्तार किया था।

कल्याणकारी योजनाओं से...

जोड़ लिया गया है। उन्होंने कहा कि हम आनेवाली पीढ़ी के लिए खाका तैयार कर रहे हैं। शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए स्मार्ट स्कूलों का निर्माण कराया जा रहा है। 15 नवम्बर से कुछ मॉडल स्कूलों को चालू कर दिया जायेगा, जिससे प्राईवेट स्कूलों से भी बेहतर शिक्षा वहां के बच्चों को निशुल्क मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज विभिन्न योजनाओं से लोगों को जोड़कर स्वावलंबी बनाने का काम किया जा रहा है। बुजुर्ग, विधवा, एकल महिला, दिव्यांग जनों को पेंशन उपलब्ध करायी जा रही है। वहीं युवाओं को न्यूनतम दर पर लोन उपलब्ध करा कर उन्हें स्वरोजगार से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है।

हर खेत तक पूरे वर्ष पानी पहुंचाना है लक्ष्य : मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की जनता कृषि पर आश्रित है। खासकर, पलामू में हमेशा सुखाड़ जैसे हालात बने रहते हैं और इस वर्ष 22 जिलों के 226 प्रखंडों को सूखाग्रस्त घोषित किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा विभिन्न सिंचाई परियोजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। हमारा लक्ष्य है कि आने वाले वर्षों में राज्य के हर एक खेत तक पूरे वर्ष सिंचाई हेतु पानी उपलब्ध रहे।

इन योजनाओं का हुआ उद्घाटन-शिलान्यास : मुख्यमंत्री ने इस मौके पर 23,483.5 लाख रुपये की लागत से 57 योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास किया। जिसमें कुल 9,234.428 लाख रुपये की लागत से विभिन्न पथों का निर्माण, सरोवर निर्माण एवं मरम्मत, तेतराई निर्माण, स्वास्थ्य केंद्र, चेक डैम, शवदाह गृह, चापाकल एवं शेड निर्माण, ग्रामीण जलापूर्ति योजना एवं भवन निर्माण जैसी 33 महत्वपूर्ण योजनाओं का उद्घाटन किया गया। वहीं, मुख्यमंत्री ने कुल 14,249.072 लाख रुपये की लागत के 24 योजनाओं की आधारशिला रखी। जिसमें रानीताल जलाशय योजना के पुनरुद्धार एवं मुख्य नहरों की लाइनिंग का कार्य, व्यावसायिक इकाई का निर्माण, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सदर अस्पताल, पलामू अंतर्गत 100 बेड का भवन निर्माण, पर्यटकीय विकास कार्य, पुल निर्माण, सामुदायिक भवन, वार्ड विकास केंद्र का निर्माण, आवास, जलापूर्ति योजना, विभिन्न सड़कों की मरम्मत एवं निर्माण, पार्क का सौंदर्यीकरण, पेवर ब्लॉक एवं नाली निर्माण जैसी कई जनकल्याणकारी योजना शामिल हैं। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने कुल 25 लाभुकों के बीच कुल 1,688.940 लाख रुपये की राशि का वितरण किया। जिसमें सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना की बच्चियों के बीच छात्रवृत्ति, पेंशन, रोजगार सृजन, सहायता राशि, कृषि यंत्र, भूमि पट्टा, डेयरी के लिए गाय जैसी लोगों को स्वावलंबी बनाने की योजनाएं शामिल हैं। इस कार्यक्रम में मंत्री आलमगीर आलम, सत्यानंद भोक्ता, मिथिलेश कुमार ठाकुर, मेदिनीनगर महापौर अरुणा शंकर, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, पलामू आयुक्त जटाशंकर चौधरी, पुलिस महानिरीक्षक पलामू राजकुमार लकड़ा, पलामू जिले के उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे और पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा समेत कई अधिकारी उपस्थित थे।

आयकर के पदाधिकारी...

मेदिनीनगर में आयोजित सरकारी कार्यक्रम में कहा कि मौजूदा राज्य सरकार को अस्थिर करने के प्रयास मोदी सरकार द्वारा लगातार किये जा रहे हैं और इसके लिये प्रलोभन एवं भयादोहन जैसे हथकंडे अपनाये जा रहे हैं, जिसमें कामयाबी नहीं मिलता देख समर्थक विधायक पर ईडी का छापा मारा जा रहा। सीएम ने गुजरात मॉडल की चर्चा करते हुए कहा कि वहां मोरबी में पुल टूटा। सौ से अधिक लोग मारे गये। वहां भाजपा की सांठगांठ की वजह से ऐसा हुआ। ऊपर से नीचे तक सब भाजपावाला लोग मिले हुए थे और यह हमें नैतिकता सीखा रहे हैं। अपना काला मुंह छिपाने के लिए यह अब इधर-उधर छापों का खेल खेल रहे हैं। उन्होंने कहा कि, मैं गीदड़ भभकी से डरने वाला नहीं हूं, क्योंकि हमारे पास जन समर्थन और विधायकों के बहुमत का समर्थन है, जो किसी भी विरोधी शक्ति से टक्कर ले सकती है। साथ ही उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि संवैधानिक शक्तियों के इस्तेमाल करना वह भी जानते हैं, यह भाजपा नेताओं को जानना चाहिए।

सत्तारूढ़ गठबंधन दलों...

संवैधानिक संस्थाओं के दुरूपयोग के खिलाफ प्रदर्शन करेंगे। कांग्रेस पहले से देशभर में इसके खिलाफ आंदोलन कर रही है, जिस तरह से राज्य की सरकार को अस्थिर करने की कोशिश की जा रही है। उसके खिलाफ आक्रोश का प्रदर्शन होगा जो जिला मुख्यालय से लेकर गांव और पंचायत तक जायेगा। वहीं, राजद के निवर्तमान वरीय प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश यादव ने कहा कि पूरी तरह साफ हो गया है कि केंद्र की सरकार के इशारे पर प्रवर्तन निदेशालय काम कर रहा है, इसलिए इसका पुरजोर विरोध किया जायेगा। सभी जिलों के डीसी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपने का भी कार्यक्रम है।

कार्य में शिथिलता...

अभ्यर्थियों की नियुक्ति करने पर चर्चा हुई, ताकि पद रिक्त न रहे। राज्यपाल ने राज्य में घंटी आधारित शिक्षकों के संदर्भ में चर्चा करते हुए कहा कि उच्च शिक्षण संस्थानों में विभिन्न विषयों में विद्यार्थियों के अनुपात में शिक्षकों की उपलब्धता हो ताकि शिक्षकों को अधिक-से-अधिक शिक्षण का अवसर प्राप्त होगा। इस अवसर पर घंटी आधारित शिक्षकों के प्रति घंटी मानदेय में वृद्धि के संदर्भ में चर्चा हुई। साथ ही उन्होंने कहा कि घंटी आधारित शिक्षकों की नियुक्ति भविष्य में न की जाये। राज्यपाल ने कहा कि झारखंड लोक सेवा आयोग को दिव्यांगों के लिए विशेष भर्ती अभियान चलाने के बारे में सोचे जिससे कि उनकी बैकलॉग पदों पर नियुक्ति हो सके। राज्यपाल ने इस अवसर पर झारखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति की नियुक्ति प्रक्रिया की भी जानकारी प्राप्त की। राज्यपाल ने कहा कि राज्य के उच्च शिक्षण संस्थानों में ज्ञान-विज्ञान का ऐसा बेहतर माहौल बने जिससे अधिक-से-अधिक विद्यार्थी यहां उच्च शिक्षा ग्रहण करने के प्रति रुचि रखें।

स्मार्ट मीटर निर्माण में सुरक्षा, गुणवत्ता और डिजाइन की होनी चाहिए प्रमुखता : आलोक

नयी दिल्ली। केन्द्रीय विद्युत सचिव आलोक कुमार ने स्मार्ट मीटर निमार्ताओं से गुणवत्ता से समझौता किये गये बगैर उसकी कीमत को आधी करने के उपाय पर विचार करने की अपील करते हुये आज कहा कि स्मार्ट मीटर के निर्माण के लिए सुरक्षा, गुणवत्ता और डिजाइन महत्वपूर्ण होना चाहिए। श्री कुमार ने मीटरिंग इंडिया के नौवें संस्करण का शुभारंभ करते हुये कहा कि उनका मंत्रालय आरडीएसएस योजना के विस्तार और स्मार्ट वितरण पर काम कर रहा है। इस उद्योग के शीर्ष संगठन एवं मीटरिंग इंडिया के आयोजक आईईईएमए को मुख्य रूप से तीन क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए जिसमें स्मार्ट मीटर को किफायती बनाना, क्षमता निर्माण और पारंपरिक मीटर को स्मार्ट मीटर में बदलने के अवसर का लाभ उठाना शामिल है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

न्यूज गैलरी

ग्वालियर में पकड़ा गया फर्जी कलेक्टर

ग्वालियर। शुक्रवार को एक युवक बैग लेकर और शूटबूट में कलेक्टोरेट पहुंचा। वहां जाकर कलेक्टर के स्टेनो को बताया कि कलेक्टर पद पर ज्वाइनिंग देने आया है। वह 2020 बैच का है और उसकी नियुक्ति राष्ट्रपति ने की। उसने अपना नाम एम शाक्य बताया। इतना सुनते ही पहले तो स्टेनो सकते में आ गये। बाद में मामला समझते हुए उन्होंने बात करना जारी रखा और पुलिस को बुला लिया। इसके बाद युवक को पुलिस के हवाले कर दिया। युवक स्कूटर से कलेक्टोरेट आया था। हालांकि, अभी तक यह पता नहीं चल सका है कि युवक कहां का है और कहां से आया है। पुलिस युवक को अपने साथ ले गयी और अब उससे पूछताछ कर रही है। पूछताछ के बाद ही मामले का पूरा खुलासा होगा। जैसे ही कलेक्टोरेट के अन्य कर्मचारियों को फर्जी कलेक्टर की बात पता चली तो वे कलेक्टर कार्यालय के सामने एकत्रित हो गये।

हिंदू नेता सूरी की हत्या के विरोध में शिवसेना ने पंजाब बंद बुलाया

अमृतसर (एजेंसी)। अमृतसर में हिंदू नेता सुधीर सूरी की हत्या के बाद माहौल तनावपूर्ण हो गया है। एक तरफ जहां सूरी पर गोलियां चलाने वाले युवक को पकड़ लिया गया है, वहीं हिंदू नेताओं में पुलिस की भूमिका को लेकर रोष है। खबर मिली है कि शिवसैनिकों ने इस हत्या के विरोध में पंजाब बंद की कॉल दी है। जिले में इस हत्या के बाद कई जगह पर स्थिति तनावपूर्ण हो गयी है। कई जगह पर शिवसैनिक इकट्ठे हो रहे हैं, जबकि पुलिस माहौल को शांत करने के लिए कोशिशें कर रही हैं। शिवसैनिक पुलिस को लेकर खासे नाराज हैं। उनका कहना है कि समय रहते पुलिस ने मौके पर सुरक्षा नहीं बढ़ाई, जिसके कारण संदिग्ध सुधीर सूरी को निशाना बनाने में सफल रहा।

रेफ्रिजरेटर विस्फोट की घटना में तीन भाई-बहनों की मौत

चेन्नई (एजेंसी)। तमिलनाडु के चेंगलपट्टू जिले में शुक्रवार तड़के एक भीषण घटना में दो महिलाओं समेत तीन भाई-बहनों की दम घुटने से मौत हो गयी। मृतकों की पहचान वी. गिरिजा (63), उनकी बहन एस राधा (55) और उनके भाई राजकुमार (48) के रूप में हुई है। राजकुमार की पत्नी भार्गवी (41) और बेटी आराधना (7) अस्पताल में भर्ती हैं। पुलिस ने कहा कि परिवार गिरिजा के पति वेंकटरमन की पहली पुण्यतिथि की रस्म निभाने के लिए चेंगलपट्टू आया था, जिनका पिछले साल बीमारी के कारण निधन हो गया था। गिरिजा दुबई में अपने बेटे के साथ रह रही थी और दो नवम्बर को गुडुवनचेरी में अपने परिवार के फ्लैट में लौटी थी और उसके भाई-बहन और परिवार गुरुवार को आये थे।

दिल्ली में जरुरी सेवाओं के अलावा अन्य ट्रकों की एंट्री पर रोक : गोपाल

नयी दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि दिल्ली में जरुरी सेवाओं के अलावा अन्य ट्रकों की एंट्री पर रोक लगा दी गई है जबकि सीएनजी और इलेक्ट्रिक ट्रकों को आने की अनुमति रहेगी। श्री राय ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि दिल्ली में प्रदूषण की सीवियर स्थिति को देखते हुए सीक्यूएएम ने ग्रैप के चौथे चरण को लागू करने का निर्देश दिया था। इसी के मद्देनजर दिल्ली में जो प्रतिबंद्ध लगे हुए हैं, उसको और भी कड़ा किया जा रहा है। निर्माण एवं विध्वसं कार्य पर पहले से ही प्रतिबंध लगा हुआ है लेकिन अभी तक कुछ कैटेगरी के निर्माण एवं विध्वंस की गतिविधियों को छूट दी गई थी। उनमें से हाइवे, फ्लाईओवर एवं सड़कें, दिल्ली जल बोर्ड के पाइप लाइन तथा पावर ट्रांसमिशन के कार्य पर अब बैन लगाया जा रहा है।

इमरान खान पर हमले के बाद पाकिस्तान में गृहयुद्ध जैसे हालात

इस्लामाबाद (एजेंसी)। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के अध्यक्ष इमरान खान पर गुरुवार को एक जनसभा के दौरान चलाई गई गोलियां में एक कार्यकर्ता की मौत हो गई तथा अन्य सात लोग घायल हो गए। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार सीनेटर फैसल जावेद और कई अन्य पार्टी नेता वजीराबाद के अल्लाह वाला चौक पर लॉन्ग मार्च कंटेनर पर गोलीबारी में घायल हुए सात लोगों में शामिल थे। पूर्व क्रिकेटर को लाहौर के एक अस्पताल में इलाज के लिए ले जाया गया। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार पीटीआई को निशाना बनाकर किए गए इस हमले की सभी राजनीतिक दलों ने व्यापक निंदा की है। पाकिस्तान में इमरान खान को गोली लगने के बाद माहौल और ज्यादा गरम हो गया है। पाकिस्तान में अब आनेवाले कुछ दिनों में स्थिति और बिगड़ने की आशंका जतायी जा रही है। इमरान खान के समर्थक और उग्र हो सकते हैं। वहीं, पाकिस्तान में मौजूदा हालात को देखते हुए सेना अपने हाथों में कमान ले सकती है। पाकिस्तान में मार्शल लॉ और इसी तरह के कुछ और उपाय किए जा सकते हैं। जिससे कुछ वक्त तक सेना के हाथों में पूरी ताकत आ सकती है।

■ सेना को सौंपी जा सकती है कमान

हमलावर का कबूलनामा - इमरान ने पैगंबर से तुलना की इसलिए मारी गोली

इस्लामाबाद (एजेंसी)। पाकिस्तान में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान पर गुरुवार को हमला हुआ है। इमरान के हत्या की साजिश नाकाम साबित हुई है। इमरान पर हमला तब हुआ है जब वह शहबाज शरीफ सरकार के खिलाफ लॉन्ग मार्च कर रहे थे। इमरान पर गोलियां बरसाने वाले हमलावर का कबूलनामा अब सामने आया है। इमरान पर हमला करनेवाले शख्स ने कहा है कि उसने अकेले ही इस हमले की प्लानिंग की थी। उसने बताया कि उसे इस बात का अफसोस है कि इमरान खान हमले में बच गए। इस हमले के बाद से इमरान की पार्टी ने देशव्यापी प्रदर्शन का ऐलान किया है। गुरुवार की रात से ही पाकिस्तान के कई शहरों में सेना के खिलाफ प्रदर्शन हो रहा है। हमलावर से जब पूछा गया कि क्या उसने सही किया? इस पर उसने कहा, 'हां, मुझे मौका मिला तो फिर करूंगा। मुझे एक ही बात का दुख है कि ये (इमरान) बच गया। मेरा मकसद पूरा नहीं हो सका।' जब हमलावर से पूछा गया कि आखिर वह इमरान को मारना क्यों चाहता है, इस पर उसने कहा, 'इमरान ने अपनी तुलना पैगंबर मोहम्मद से की थी। इमरान ने कहा था कि जिस तरह पैगंबर मोहम्मद ने अपनी अवाम को पैगाम दिया मैं भी उसी तरह आपको पैगाम दे रहा हूं। यानी वो अपनी तुलना नबी से कर रहा है। मेरा जमीर नहीं मानता कि मैं उसकी इस बात को बर्दाश्त करूं।'

कार-बस की भिडंत में दो बच्चों समेत 11 लोगों की मौत, कार चालक घायल

बैतूल (एजेंसी)। मध्य प्रदेश के बैतूल जिले के झल्लार थाना क्षेत्र में आज तड़के बस और कार की भीषण टक्कर में कार सवार 11 लोगों की मौत हो गयी। मृतकों में दो दंपत्ति के अलावा मां और उनके दो बच्चें शामिल हैं। दुर्घटना में कार चालक घायल हो गया है। पुलिस अधीक्षक (एसपी) सिमाला प्रसाद ने आज बताया कि जिला मुख्यालय से करीब 35 किलोमीटर दूर बैतूल-परतवाड़ा मार्ग के झल्लार के पास यह हादसा हो गया। कार में सवार मजदूर, जो बीस दिन से महाराष्ट्र के कलम्भा गये थे, गुरुवार रात करीब अपने गांव के लिए रवाना हुए थे। रास्ते में तड़के कार एवं बस की भीषण टक्कर होने से कार के परखच्चें उड़ गये। वहीं, बस का सामने का हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में कार सवार लक्ष्मण भुसमकर (30) निवासी मेंढ़ा, किशन मावस्कर (32) निवासी महदगांव, पत्नी कुसुम मावस्कर (28) निवासी महदगांव, अनारकली मावस्कर (35) निवासी महदगांव, पुत्री संध्या मावस्कर (05), पुत्र अभिराज मावस्कर (डेढ वर्ष) निवासी महदगांव, अमर धुर्वे (35) निवासी चिखलार, मंगल सिंह उइके (37) निवासी चिखलार, नंदकिशोर धुर्वे (48) निवासी चिखलार, श्यामराव झरबड़े (40) निवासी चिखलार एवं पत्नी रामकली झरबड़े (35) निवासी चिखलार की मौत हो गयी। एसपी श्री प्रसाद ने बताया कि कार चालक घायल हो गया है, जिसे हिरासत में ले लिया है। कार चालक ने पूछताछ में बताया कि अचानक नींद आने से कार के बस से टकरा जाने से यह हादसा हुआ है। मृतको में छहः पुरूष, तीन महिलाए एवं दो बच्चें शामिल है। सभी मृतक जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र तथा घायल कार चालक झल्लार थाना क्षेत्र का रहनेवाला है। घटना की जानकारी मिलते ही कलेक्टर अमरबीर सिंह बैंस एवं पुलिस अधीक्षक सिमाला प्रसाद ने घटनास्थल का दौरा कर मृतको के परिजनों एवं ग्रामीणों से चर्चा की। सभी मृतकों के शवों का अस्पताल में पोस्टमार्टम किया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पालतू डॉग के साथ ब्रिटिश पीएम हाउस में ऋषि सुनक

लंदन (एजेंसी)। ब्रिटिश पीएम ऋषि सुनक ने पत्नी अक्षता मूर्ति और डॉग नोवा के साथ अपनी एक फोटो सोशल मीडिया पर शेयर की है। ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री ऋषि सुनक पत्नी अक्षता और पालतू डॉग नोवा के साथ पीएम हाउस यानी 10 डाउनिंग स्ट्रीट पहुंच गए हैं। ऋषि ने 1 नवंबर को इसकी एक तस्वीर इंस्ट्राग्राम पर शेयर की थी, जो सोशल मीडिया पर इंडियंस के बीच पॉपुलर हो गई है। फोटो में ऋषि, उनकी पत्नी अक्षता और डॉग नोवा प्रधानमंत्री आवास में आते हुए दिख रहे हैं। यूजर्स ने इस फोटो पर कमेंट किया है- ये कर्मों का फल है। यूजर्स के कमेंट की वजह साफ हो रही है। कमेंट इसलिए किए जा रहे हैं, क्योंकि ब्रिटिश राज के दौरान कई जगहों पर इंडियन्स और डॉग्स नॉट अलाउड का बोर्ड लगाया जाता था। अब ऋषि अपने डॉग के साथ ब्रिटेन की सबसे बड़ी और अहम इमारत में पहुंच गए हैं तो लोगों का कहना है कि समय सबका आता है। यूजर्स, खासतौर पर इंडियंस ने ऋषि की इस फोटो को जबरदस्त रिस्पॉन्स दिया है। कईयों ने इसे कर्मों का फल बताया है। वहीं कुछ ने लिखा- एक वक्त था इंग्लैंड के ब्यूरोक्रेट्स के ऑफिस पर एक बोर्ड लगा होता था- कुत्तों और भारतीयों को अंदर आने की अनुमति नहीं है। वक्त की मार देखिए, आज ये दोनों इंग्लैंड की सबसे ऊंची कुर्सी पर बैठे हैं। कलैः तस्मै नमः। वक्त सबका आता है।

ब्रिटेन के पहले भारतवंशी और गैर श्वेत पीएम हैं सुनक : ऋषि सुनक ब्रिटेन के पहले भारतवंशी और गैर श्वेत प्रधानमंत्री हैं। सुनक के ब्रिटेन का प्रधानमंत्री बनने के साथ ही सोशल मीडिया पर बॉलीवुड मूवी अमर अकबर एंथोनी का हैशटैग भी ट्रेंड करने लगा था। दरअसल, सुनक हिंदू हैं, ब्रिटेन के मेयर सादिक खान मुस्लिम हैं और देश के राजा चार्ल्स-तृतीय क्रिश्चियन धर्म को मानते हैं।

■ लोग बोले- भारतीय और डॉग दोनों 10 डाउनिंग स्ट्रीट के भीतर, यह कर्म हैं

इजराइल : बेंजामिन नेतन्याहू की फिर धमाकेदार वापसी

येरुशलम (एजेंसी)। इजराइल के प्रधानमंत्री याइर लापिड ने गुरुवार को चुनाव में हार स्वीकार कर ली और विपक्षी नेता बेंजामिन नेतन्याहू को फोन कर चुनावी जीत पर बधाई दी। नेतन्याहू के नेतृत्व वाले दक्षिणपंथी दलों के गठबंधन ने संसद में बहुमत हासिल कर लिया है। नेतन्याहू-नीत दक्षिणपंथी गुट ने 120-सदस्यीय संसद में 64 सीट जीतकर बहुमत हासिल कर लिया। लापिड ने नेतन्याहू से कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री कार्यालय के सभी विभागों को सत्ता के व्यवस्थित हस्तांतरण की तैयारी करने के निर्देश दिये हैं। लापिड ने ट्वीट किया कि इजराइल की संकल्पना किसी भी राजनीतिक विचार से ऊपर है। मैं नेतन्याहू को इजराइल और यहां के लोगों के लिए शुभकामनाएं देता हूं। इजराइल के लोगों ने देश में राजनीतिक गतिरोध को तोड़ने के लिए मंगलवार को चार साल में अभूतपूर्व पांचवीं बार मतदान किया। केंद्रीय निर्वाचन समिति के ताजा आंकड़ों के अनुसार, नेतन्याहू की लिकुड पार्टी को 31 सीट, प्रधानमंत्री याइर लापिड की येश अतीद को 24, रिलीजियस जियोनिज्म को 14, नेशनल यूनिटी को 12, शास को 11 और यूनाइटेड टोरा जुदाइस्म को आठ सीटें प्राप्त होंगी। इजराइल में वर्षों तक नेतन्याहू राजनीतिक रूप से अजेय प्रतीत हो रहे थे, लेकिन 2021 में पार्टियों के एक अभूतपूर्व गठबंधन द्वारा सत्ता से बाहर किये जाने के बाद उन्हें एक करारा झटका लगा था। इस गठबंधन का एकमात्र लक्ष्य उन्हें सत्ता से बाहर करना था। इजराइल में 2019 में 73 वर्षीय नेतन्याहू पर रिश्वतखोरी, धोखाधड़ी एवं विश्वासघात के आरोप लगने के बाद से राजनीतिक गतिरोध चला आ रहा है। नेतन्याहू इजराइल के सर्वाधिक समय तक प्रधानमंत्री रहे हैं, जिन्होंने लगातार 12 वर्षों तक और कुल मिलाकर 15 साल तक देश पर शासन किया। उन्हें पिछले साल सत्ता से हटना पड़ा था।

गुजरात में भाजपा सीटों का आंकड़ा 99 पार कराने के लिए जुटी

- कृष्णमोहन सिंह

नयी दिल्ली। इस बार गुजरात विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी के आ जाने से चुनावी समीकरण व लड़ाई के तरीके बदलने के संकेत मिलने लगे हैं। प्रचार के मामले में कांग्रेस के केंद्रीय नेता राहुल गांधी के सक्रिय नहीं होने से इस बार भाजपा मोदी बनाम राहुल की पार्टी वाला मुद्दा नहीं बना पा रही है। जो अब तक भाजपा के लिए लाभ की कुंजी रही है। इस बार सोशल मीडिया पर प्रचार व युवकों, किसानों, महिलाओं, गरीबों, बेरोजगारों से जुड़ी समस्याओं के बाबत घोषणाओं के मामले में आम आदमी पार्टी पहले दिन से ही भाजपा को बराबरी का टक्कर देने लगी है। नेक टू नेक करके लगभग घेर ली है। सूत्रों का कहना है कि इसके चलते भाजपा के प्रबंधक चिंतित हो गये हैं। आंतरिक आकलन में सीटें आने की जो संभावना बन रही है उससे भाजपा को रणनीति बदलनी पड़ रही है। रही-सही कसर तथाकथित क्रिमिनल नेगलिजेंस के चलते 30 अक्टूबर को मोरबी में मच्छु नदी पर बने केबल ब्रिज वाली घटना ने पूरा कर दिया है। लोग मानने लगे हैं कि इसका असर सौराष्ट्र रीजन में पड़ना ही पड़ना है। जहां तक भाजपा व उसकी जननी के कई अनुषांगिक संगठनों द्वारा किये गये आंतरिक सर्वे व आकलन का सवाल है, उसमें आम आदमी पार्टी को इस चुनाव में 10 से 15 सीटें मिलने और कांग्रेस को 70 से 75 के लगभग सीटें मिलने की संभावना जतायी गयी है। यह हुआ तो भाजपा लगभग 97 पर आ सकती है। यदि आम आदमी पार्टी 20 सीट ले ली, तब भाजपा के लिए मुश्किल हो जायेगी, यह बड़ा खतरा है। क्योंकि, यदि 2024 जितना है, तो उसको चाहे जैसे भी हो दिसम्बर 2022 में हो रहा गुजरात विधानसभा चुनाव जीतना ही होगा। जीत का आंकड़ा 2017 के विधान सभा चुनाव में जीती सीटों 99 से आगे ले जाना ही होगा।

■ आप ने यदि 20 सीट ले ली तो हो जायेगी मुश्किल

दिल्ली एनसीआर की वायु गुणवत्ता विश्व में सबसे खराब

- आरएनएम

नयी दिल्ली। भारत की राजधानी एक और विश्व रिकार्ड बना ली है। यहां का वायु गुणवत्ता लगातार खतरनाक स्तर पर बना हुआ है। दिल्ली-एनसीआर के क्षेत्र में धुंध और धुएं की घनी चादर में लोगों का सांस लेना तक मुश्किल है। हालांकि, यह हालात सिर्फ दिल्ली तक ही सीमित नहीं हैं। पूरी दुनिया में इस समय भारत में प्रदूषण सबसे उच्च स्तर पर है। यहां के ज्यादातर शहरों में सुबह एक्यूआई 500 के पार पहुंच गया, जो कि खतरनाक के स्तर से भी ऊपर है। पूरी दुनिया की बात करें तो हवा की खराब गुणवत्ता वाले देशों में भारत टॉप पर है। यहां औसत एक्यूआई ही 500 के ऊपर है। सबसे प्रदूषित टॉप शहरों में भारत के चार शहर शामिल हैं। इन शहरों में एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) लगातार हानिकारक स्तर से ऊपर है। जहां दिल्ली के अलग-अलग इलाकों में एक्यूआई 500 से 700 के बीच है। तो वहीं नोएडा में इस वक्त एक्यूआई 519, फरीदाबाद में 515 और गाजियाबाद में 493 पर है। खराब हवा वाले देशों में दूसरा नंबर चीन का है। हालांकि, यहां बाओडिंग (एक्यूआई- 500) को छोड़ दिया जाए, तो किसी भी शहर में एक्यूआई 200 से ज्यादा नहीं है। भारत का ही एक और पड़ोसी बांग्लादेश 170 के औसत एक्यूआई के साथ दुनिया का चौथा सबसे प्रदूषित शहर बना है। हालांकि, यहां भी पलटन और ढाका के अलावा कहीं भी एक्यूआई 200 के पार नहीं है। खराब हवा वाले देशों में पांचवां नंबर पाकिस्तान का है, जहां औसत एक्यूआई - 157 पर है। मौजूदा समय में लाहौर का एक्यूआई 480 और शरकपुर शरीफ का एक्यूआई 247 है। बाकी शहरों में यह आंकड़ा 200 के नीचे है। भारत में सबसे खराब वायु गुणवत्ता वाले टॉप-10 शहरों में दिल्ली-एनसीआर के अलावा बिहार के कटिहार और आरा भी शामिल हैं। यहां एयर क्वालिटी इंडेक्स क्रमशः 350 और 448 पर है। इसके अलावा मध्य प्रदेश के भोपाल (एक्यूआई- 468), हरियाणा के सिरसा (एक्यूआई-412) में भी प्रदूषण रिकॉर्ड स्तर पर दर्ज किया गया है।

15 हजार करोड़ से ज्यादा बजटवाले दिल्ली नगर निगम का चुनाव चार दिसम्बर को

- आरएनएम

नयी दिल्ली। चुनाव आयोग ने दिल्ली एमसीडी चुनावों की घोषणा कर दिया। वोटिंग चार दिसम्बर को होगी, नतीजे सात दिसम्बर को आयेंगे। दिल्ली चुनाव आयुक्त विजय देव ने चुनावों की तारीखों का ऐलान करते हुए बताया कि दिल्ली में 70 विधानसभा की सीटें हैं, लेकिन दो विधानसभा सीटों पर चुनाव नहीं होंगे इसलिए 68 विधानसभा सीटों के 250 वार्ड हैं जिन पर चुनाव करवाये जायेंगे। गृह मंत्रालय ने मंगलवार (1 नवम्बर) को दिल्ली एमसीडी के नए परिसीमन के बाद नोटिफिकेशन जारी किया था, जिसके बाद दिल्ली एमसीडी के चुनावों का रास्ता साफ हो गया था। इसके लिये सात नवम्बर से नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो जायेगी। 14 नवम्बर नामांकन की आखिरी तारीख होगी। दिल्ली में एक जनवरी 2022 तक कुल जनसंख्या लगभग डेढ़ करोड़ की आबादी थी। नगर पालिका के एकीकरण से पहले दिल्ली की 70 विधानसभा क्षेत्रों की 272 वार्ड में एमसीडी के चुनाव हुआ करते थे। जिसमें उत्तरी और दक्षिणी नगर निगम की क्रमशः 104-104 सीटें जबकि पूर्वी दिल्ली की 64 सीटें हुआ करती थीं। इस साल नये परिसीमन और एकीकरण के बाद दिल्ली एमसीडी की सीटें घटकर 250 हो गयीं। नये परिसीमन के मुताबिक दिल्ली की 21 विधानसभा क्षेत्रों में से एक-एक वार्ड कम कर दिया गया है। इस पर लगभग डेढ़ दशक से भाजपा का कब्जा है। इस बार आम आदमी पार्टी भी सेंध लगाने की कोशिश कर रही है। कांग्रेस भी पूरा जोर लगा रही है।